www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84
वर्ष-37, अंक-11, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in
प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 16.03.2020 से 22.03.2020

एनआईटी के छात्रों को आईआईटी दिल्ली में सीधे मिलेगा पीएचडी में प्रवेश

नई दिल्ली, शैक्षणिक सत्र 2020-21 से देशभर के एनआईटी में बीटेक की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अब आईआईटी दिल्ली में पीएचडी की पढ़ाई का मौका मिलेगा। इसकी शुरुआत आईआईटी दिल्ली इसी सत्र से एनआईटी अगरतला के साथ मिलकर कर रहा है। इसमें एनआईटी में बीटेक और बीटेक-एमटेक ड्यूल डिग्री प्रोग्राम के आखिरी वर्ष के छात्रों को आईआईटी दिल्ली में प्रोजेक्ट वर्क के साथ सीधे पीएचडी में दाखिला मिलेगा। ऐसे छात्रों को गेट परीक्षा पास करना अनिवार्य नहीं होगा।

आईआईटी दिल्ली शैक्षणिक सत्र 2020 से एनआईटी में बीटेक के आखिरी वर्ष के छात्रों को आईआईटी में शिफ्ट होने का मौका देगा। हालांकि यह सुविधा उन्हीं छात्रों को मिलेगी, जिनका सीजीपीए-8 से अधिक होगा। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर राव के अनुसार, इस योजना में बीटेक डिग्री तो एनआईटी की होगी पर पीएचडी डिग्री आईआईटी की मिलेगी। आईआईटी और एनआईटी दोनों प्रौद्योगिकी संस्थान हैं, पर एनआईटी में दाखिला जेईई मेन और आईआईटी में जेईई मेन के बाद जेईई एडवांस परीक्षा पास करने पर मेरिट से मिलता है। इस योजना का मकसद आईआईटी में पीएचडी के छात्रों की संख्या बढ़ाना है। एनआईटी के बीटेक छात्रों को आईआईटी में दाखिला दिलवाने की योजना में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा।

एक अप्रैल से 15 जून तक विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर का मानसून रख-रखाव

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को आगामी ग्रीष्मकाल एवं मानसून में निर्बाध गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर का प्री एवं पोस्ट मानसून रख-रखाव प्रभावी ढंग से करने के निर्देश दिये गये हैं। कम्पनी ने कहा है कि प्लांट शटडाउन के दौरान उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो, इस बात का भी ध्यान रखा जाये। यह रख-रखाव कार्य एक अप्रैल से 15 जून तक जारी रहेगा।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के प्रबंध संचालक श्री मनीष सिंह ने गर्मी एवं बारिश के दौरान रख-रखाव कार्य की निगरानी के लिये संभाग स्तर पर नोडल अधिकारी और वृत्त स्तर पर मॉनीटरिंग अधिकारी (महाप्रबंधक) नामित किये हैं। संधारण कार्य की निगरानी के लिये नामित अधिकारी रख-रखाव के दौरान अति आवश्यक होने पर ही अवकाश लेंगे। अवकाश अवधि के लिये लिंक ऑफीसर भी नियुक्त कर दिये गये हैं। कम्पनी ने आने वाले गर्मी के सीजन को देखते हुए सुबह 7 से 11 बजे तक मात्र चार घंटे शटडाउन लेने के लिये कहा है।

विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर रख-रखाव कार्य के दौरान इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि जल-प्रदाय में कोई दिक्कत न आये। कम्पनी ने निर्देश दिये हैं कि हाट बाजार के दिनों में रख-रखाव न किया जाये, शिक्षण संस्थाओं में परीक्षा के दिनों का ध्यान रखा जाये, शटडाउन का प्रचार-प्रसार हाट बाजार में भी किया जाये और अस्पतालों में विद्युत आपूर्ति का विशेष ध्यान रखा जाये। कम्पनी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि अलग-अलग फीडरों पर शटडाउन लेते वक्त यह ध्यान रखा जायेगा कि यदि एक ही फीडर पर अधिक टीमों से रख-रखाव का कार्य कराया जायेगा, तो शटडाउन की अवधि में कमी आयेगी।

सड़क सुरक्षा

हम सुरक्षित तो हमारा परिवार सुरक्षित

भोपाल, वक्त के साथ संभल के चलना पड़ता है। जैसे-जैसे आप पर जिम्मेदारी बढ़ती जाती है, वैसे-वैसे आप जिम्मेदार होते जाते हैं। आपको अपनी और अपनों की सुरक्षा की चिंता होने लगती है कि मैं नहीं तो मेरे बच्चों का क्या होगा? इसलिये आप खुद अपने आप को सुरक्षित रखने का प्रयास करते रहते हैं और करना भी चाहिये। हम सुरक्षित तो हमारा परिवार सुरक्षित।

हम बात कर रहे हैं, आप सुरक्षित कैसे रहेंगे? आज सड़क पर चलना दूभर हो गया है, लेकिन आप सड़क सुरक्षा नियमों को अपनाकर जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं और अपने आप को सुरक्षित कर अपने परिवार को सुरक्षा दे सकते हैं।

"काल के गाल में समाना" का सबसे सटीक उदाहरण है सड़क/वाहन दुर्घटना, जो हमेशा असामयिक मृत्यु का कारण बनती है। इसके कई कारण हो सकते हैं, लेकिन सड़क/वाहन दुर्घटना एक ऐसा उदाहरण है, जिसे हम सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर रोक सकते हैं, लेकिन कई बार अपने परिवार का ख्याल नहीं रखकर सड़क सुरक्षा नियमों की उपेक्षा करते हैं।

वक्त के साथ बदलाव जरूरी है। पहले के समय, न तो इतने वाहन थे और न ही इतने लोग। आज सड़कों पर लोगों से ज्यादा वाहन हैं। इसलिये हमें अपनी सुरक्षा के लिये सड़क सुरक्षा के छोटे-छोटे नियमों का पालन करना आवश्यक होता है। सड़क सुरक्षा के नियमों को धीरे-धीरे भी अपनाना शुरू कर दें तो वे आदत में आ जाते हैं और आप एवं आपका परिवार सुरक्षित हो जाता है।

इसका दूसरा फायदा यह भी होता है कि यातायात पुलिस-जांच के समय आपका जो समय अनावश्यक व्यर्थ जाता है, वो भी बच सकता है। इसलिये भी सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिये। एक बात यह भी है कि सड़क सुरक्षा के नियमों को आपको खुद से अपनाना पड़ेगा, तभी आप सुरक्षित होंगे। यह कोई जोर-जबरदस्ती से अपनाने वाली चीज नहीं है, नहीं तो आप इसे हमेशा बोझ ही समझेंगे।

हम सोच भी नहीं सकते सड़क/वाहन दुर्घटना इतनी भयावह होती है कि हम या हमारे परिजन दुर्घटना के बाद सड़क एवं अस्पताल में जिंदा लाश की तरह हो जाते हैं। कई उदाहरण अखबारों में पढ़ने को मिलते हैं कि माता-पिता ने बेटे की मृत्यु के बाद उसके अंगदान किये। यह दिल को दहलाने वाली खबर होती है। पिछले दिनों एक अंगदान सम्मान समारोह हुआ। उस सम्मान समारोह में कोई भी खुशी से सम्मान नहीं ले रहा था, लेकिन वे सबके प्रेरणा-स्रोत बने। समारोह में सभी की आँखें नम (गमगीन) थीं। ऐसी ही एक खबर थी कि सड़क दुर्घटना में बेटे के सिर में चोट लगने के बाद उसकी मृत्यु हुई। पिता ने उसकी तेरहवीं के दिन लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हेलमेट का वितरण किया। वे समाज में एक उदाहरण बने, लेकिन दिल पर पत्थर रखकर उन्होंने यह कार्य किया होगा।

सड़क पर चलना भी आपकी सोच-समझ की परीक्षा होती है। सड़क पर वाहन चलाने में आपके ज्ञान-चक्षु खुल जाते हैं। हम सड़क का उपयोग विभिन्न साधनों के माध्यम से परिवहन के लिये करते हैं। साइकिल, मोटरसाइकिल, कार, बस, ऑटो रिक्शा के साथ सड़क पर हम पैदल भी चलते हैं। इसलिये हमें सभी का ध्यान रख कर वाहन चलाना चाहिये।

हां सबसे बड़ी बात यह है कि आप ये सोच के वाहन चलायें कि सब नौसिखिये हैं। हमें सबको बचा के चलना है। हम गलती करें या नहीं करें सामने वाला गलती कर सकता है और थोड़ा सा भी गलत अनुमान दुर्घटना का कारण बन सकता है। अधिकतर देखा गया है कि पदयात्री ट्रैफिक सिग्नल के समय यातायात में बाधा बनते हैं। कभी-कभी तो वे वाहन चालक की दृष्टि से दूर होते हैं और एक दम से प्रकट हो जाते हैं। इसलिये पैदल यात्री भी यातायात संकेतों का पालन करें और सुरक्षित रहें। कभी भी एक हाथ से वाहन न चलायें। दोनों हाथों का उपयोग कर ही वाहन चलायें। वाहनों पर करतब नहीं दिखायें।

एआरआई-516

पुणे के आघारकर अनुसंधान संस्थान ने विकसित की अंगूर की उत्कृष्ट किस्म

पुणे, देश में गर्मियों के मौसम की शुरुआत के बीच पुणे के विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान ने रस से भरपूर अंगूर की नयी किस्म विकसित की है। पुणे के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थान आघारकर अनुसंधान संस्थान की ओर से विकसित अंगूर की यह किस्म फंफूद रोधी होने के साथ ही अधिक पैदावार वाली और रस से भरपूर है। यह जूस, जैम और जूस बनाने में बेहद उपयोगी है।

अंगूर की यह संकर प्रजाति एआरआई 516 दो विभिन्न किस्मों अमरीकी काटावावा तथा विटिस विनिफेरा को मिलाकर विकसित की गई है। यह बीज रहित होने के साथ ही फंफूद के रोग से सुरक्षित है।

अंगूर की रस से भरपूर और अच्छी पैदावार देने वाली यह किस्म महाराष्ट्र एसोसिएशन फॉर कल्टिवेशन साइंस (एमएससी)-एआरआई की कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुजाता तेताली की ओर से विकसित की गई है। यह किस्म 110-120 दिन में पक कर तैयार हो जाती है और घने गुच्छेदार होती है। महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु, पंजाब और पश्चिम बंगाल की जलवायु इसकी खेती के लिए अनुकूल है।

एमएसीएस-एआरआई फलों पर अनुसंधान के अखिल भारतीय कार्यक्रम के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के साथ जुड़ा है। इस कार्यक्रम के तहत उसने अंगूर की कई संकर किस्में विकसित की हैं। ये किस्में रोग रोधी होने के साथ ही बीज रहित और बीज वाली दोनों तरह की हैं।

प्रतीकात्मक फोटो

अंगूर उत्पाद के मामले में भारत का दुनिया में 12वां स्थान है। देश में अंगूर के कुल उत्पादन का 78 प्रतिशत सीधे खाने में इस्तेमाल हो जाता है जबकि 17-20 प्रतिशत का किशमिश बनाने में और 0.5 प्रतिशत का इस्तेमाल जूस बनाने में होता है।

देश में अंगूर की 81.22 प्रतिशत खेती अकेले महाराष्ट्र में होती है। यहां अंगूर की जो किस्में उगाई जाती हैं वे ज्यादातर रोग रोधी और गुणवत्ता के लिहाज से भी उत्तम हैं। अंगूर की नयी किस्म एआरआई-516 अपने लाजवाब जायके के लिए बहुत पसंद की जाती है। उत्पादन लागत कम होने और ज्यादा पैदावार होने के कारण किसान इसकी खेती को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

स्टूडेंट ट्रैकिंग से होगी डिग्री की उपयोगिता की पड़ताल

भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत चयनित 200 महाविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की ट्रैकिंग की जायेगी। विभाग द्वारा स्टूडेंट ट्रैकिंग के माध्यम से यह जानकारी संकलित करने की कोशिश रहेगी कि डिग्रीधारक विद्यार्थियों की वर्तमान स्थिति क्या है और प्रदेश के विश्वविद्यालयों से मिली डिग्री की कितनी उपयोगिता है। परियोजना में चयनित सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे 2019 में उत्तीर्ण स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए एल्युमिनी मीट का आयोजन करें।

मीट में विद्यार्थियों से जानकारी ली जाए कि वे डिग्री लेने के बाद जीवन-यापन के लिए क्या कर रहे हैं। इसके लिए महाविद्यालयों को प्रति विद्यार्थी 50 रुपये खर्च करने का अधिकार दिया गया है। उच्च शिक्षा विभाग ने महाविद्यालयों को 20 मार्च तक एल्युमिनी मीट आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

कोरोना 'विश्वव्यापी महामारी' घोषित

दिल्ली, दुनिया भर में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी को देखते हुये विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोविड-19 को 'विश्वव्यापी महामारी' घोषित कर दिया है। चीन के बाद हाल के दिनों में इटली, ईरान और कोरिया गणराज्य में बड़ी संख्या में संक्रमितों की पुष्टि हुई है और अन्य देशों में भी मामले सामने आ रहे हैं। इसे विश्वव्यापी महामारी घोषित किये जाने का अर्थ इसके भौगोलिक विस्तार को दर्शाता है।

(स्रोत : समाचार जनसंपर्क विभाग, म.प्र. एवं फोटो गूगल से साभार)

पिछला सप्ताह

07 मार्च

स्ट्रोक से उबरने में म्यूजिक थेरेपी हो सकती है मददगार

● ब्रिटेन की एंग्लिया रस्किन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के अनुसार स्ट्रोक का सामना करने वाले पीड़ितों पर म्यूजिक थेरेपी का सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। यह निष्कर्ष स्ट्रोक रोगियों को म्यूजिक थेरेपी दिए जाने की व्यावहारिकता को लेकर बड़े पैमाने पर किए गए शोध के आधार पर निकाला गया है। शोध में 177 रोगियों ने दो साल तक न्यूरोलॉजिक म्यूजिक थेरेपी (एनएमटी) में हिस्सा लिया था। इसमें पाया गया कि थेरेपी में कीबोर्ड, ड्रम और हाथ से बजने वाले वाद्य यंत्रों को शामिल किए जाने से रोगियों को हाथों और अंगुलियों को दुरुस्त करने में मदद मिल सकती है।

● अमेरिका और उत्तर कोरिया जल्द ही परमाणु समझौते पर वार्ता शुरू करेंगे। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के हवाले से

कहा गया है कि उत्तर कोरिया परमाणु समझौते पर वार्ता शुरू करने के लिए तैयार है। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन के बीच तीन बैठकों के बावजूद उत्तर कोरिया के परमाणुकरण और रियायतों के दायरे को लेकर मतभेदों के कारण दोनों पक्षों के बीच एक साल से अधिक समय तक के लिए परमाणुकरण की वार्ता रुक गई है। अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और अप्रसार के सहायक राज्य सचिव क्रिस्टोफर फोर्ड ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि परमाणु अप्रसार संधि की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर यह नई पहल की गई है।

● गाजा पट्टी के मध्य क्षेत्र में एक बाजार में आग लगने से 10 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। स्थानीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार नुसेईरत शरणार्थी शिविर में भी आग फैल गई। हादसे में 60 से ज्यादा लोग घायल गये। मृतकों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। चश्मदीदों के मुताबिक उन्हें एक बेकरी में धमाकों की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद आग तेजी से स्टोर्स, फैक्ट्री और पार्किंग तक फैल गई। हादसे में एक बेकरी, कई दुकानें और वाहन नष्ट हो गये।

08 मार्च

इजराइल सरकार का कोरोना वायरस की दवा बनाने का दावा

● इजराइल सरकार ने दावा किया है कि अगले कुछ हफ्ते में उनके वैज्ञानिक कोरोना वायरस की दवा तैयार कर लेंगे। इसके 90 दिनों के अंदर ही दवा बाजार में भी उतार देंगे। इजराइली मीडिया 'द येरूशलम पोस्ट' ने विज्ञान एवं तकनीक मंत्री ओफिर अकुनिस के हवाले से यह जानकारी दी है। अगर इसमें कामयाबी मिलती है तो यह पूरी दुनिया के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। अभी तक इसके इलाज के लिए कोई दवा बाजार में उपलब्ध नहीं है। इजराइल के द गैलिली रिसर्च इंस्टीट्यूट के सीईओ डेविड जिगडॉन के मुताबिक 'दवा तैयार होने के 90 दिनों के अंदर इसे लॉन्च किया जाएगा। यह खाने की दवा होगी।'

● थाईलैंड और मलेशिया ने एक क्रूज को नोवेल कोरोना वायरस की आशंका जताते हुए अपने बंदरगाह आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। क्रूज पर 2,000 लोग सवार हैं। 'द बैंकॉक पोस्ट' के अनुसार पहली बार कोस्टा फॉर्च्यून क्रूज को फुकेट के लोकप्रिय थाई हॉलिडे आइलैंड से दूर कर दिया गया, जिसमें संदिग्ध वायरस के मामले नहीं थे। वहीं कोस्टा क्रूज ने ट्विटर के माध्यम से कहा कि थाई अधिकारियों ने 'इटली में पिछले 14 दिनों में पारगमन करने वाले इटलीवासियों पर प्रतिबंध लगाया है।' मलेशियाई अधिकारी के अनुसार क्रूज में इटली के 64 नागरिक मौजूद हैं। मामला सामने तब आया जब मलेशियाई सरकार ने तेजी से फैल रहे कोरोना वायरस से प्रभावित देश से आने वाले सभी क्रूज जहाजों पर प्रतिबंध लगा दिया। गौरतलब है कि मलेशिया और थाईलैंड उन देशों में शामिल हो गये हैं, जिन्होंने क्रूज जहाजों को अपने बंदरगाहों में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है, इनमें ताइवान, हांगकांग और जापान भी शामिल हैं।

09 मार्च

अमेरिका ने बॉडी आर्मर सैंसर किए तैयार

● अमेरिकी सैनिकों की यूनिफॉर्म में जल्द ही बॉडी आर्मर सैंसर लगने वाला है। ये आर्मर सैनिकों को धमाके की जानकारी देगा और ब्रेन डैमेज होने से बचाएगा। प्रत्येक सैनिक के आर्मर में तीन गेज होंगे। यह हेलमेट, चेस्ट और शोल्डर में सेट किए जाएंगे। किसी भी धमाके के बाद सैनिक के लिए मेडिकल जरूरत का संकेत भी देंगे। इनमें धमाकों के विस्फोटक प्रेशर को पाउंड पर स्क्वायर इंच (पीएसआई) के हिसाब से मांपने की क्षमता है। ये उसकी फ्रिक्वेंसी के हिसाब से लाइटिंग इंडिकेशन देंगे।

● गिलगित बाल्टिस्तान में एक वैन सिंध नदी में गिर गई जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई। इनमें 2 बच्चे भी शामिल थे। हादसे में 4 लोग घायल हुए हैं। स्कार्दु पुलिस कमिश्नर खुर्रम परवैज के मुताबिक, वैन सवारियों को लेकर रावलपिंडी से स्कार्दु आ रही थी। इसी दौरान रोंदु तहसील इलाके में वेकाबू होकर नदी में गिर गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस-प्रशासन ने बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को सेना के हेलिकॉप्टर और एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा गया। कुछ शव नदी में बह गए, जिनकी तलाश जारी है।

● इंडिगो के बाद गोएयर ने भी 30 अप्रैल तक बुक की जाने वाली टिकटों को कैंसिलेशन या रिशेड्यूल करने के लिए ग्राहकों से कोई भी अतिरिक्त चार्ज नहीं लेने का फैसला किया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 8 मार्च से 30 अप्रैल के बीच 30 सितंबर तक की यात्रा के लिए बुक किए जाने वाले टिकटों पर कैंसिलेशन या रिशेड्यूल लिया जाएगा। कंपनी ने यह कदम कोरोना वायरस के कारण उठाया है। कंपनी ने कहा कि यात्रा की तारीख में बदलाव यात्रा की निर्धारित तारीख से 14 दिन पूर्व करने पर भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। कंपनी के अनुसार अगर कोई ग्राहक फ्लाइट रिशेड्यूल करता है और इससे टिकट की कीमतों में कोई अंतर होता है तभी ग्राहक से पैसे लिए जाएंगे।

10 मार्च

ऑस्ट्रेलिया में फेसबुक पर डाटा चोरी का मुकदमा दायर

● ऑस्ट्रेलिया के निजता निगरानी आयोग ने डाटा चोरी को लेकर फेसबुक पर मुकदमा दायर कर दिया है। दिग्गज सोशल नेटवर्किंग साइट पर आरोप लगाया गया है कि वह ब्रिटिश फर्म कैंब्रिज एनालिटिका को तीन लाख से ज्यादा ऑस्ट्रेलियाई यूजर्स के डाटा में सेंध लगाने से रोकने में नाकाम रही। ऑस्ट्रेलियाई सूचना आयोग के दफ्तर ने ऐलान किया है कि फेसबुक के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है। आरोप है कि फेसबुक ने अपने ऑस्ट्रेलियाई यूजर्स की अनुमति के बगैर उनकी निजी जानकारी 'दिस इज योर डिजिटल लाइफ' नामक एप पर उजागर की थी। इस एप को बाद में सियासी परामर्श कंपनी कैंब्रिज एनालिटिका को बेच दिया गया था।

● इराक की राजधानी बगदाद में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के साथ मुठभेड़ में अमेरिका के दो सैनिक मारे गए। इराक और अमेरिका की सेना उत्तर मध्य इराक के पहाड़ी इलाके में आईएस के गढ़ को खत्म करने के मिशन पर थीं। इसी दौरान दुश्मनों के हमले में अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई। गौरतलब है कि अमेरिकी सेना 2014 से ईराकी बलों को हवाई सेवा और ट्रेनिंग दे रही है। साल 2014 में आईएस ने इराक और सीरिया के तमाम हिस्सों में कब्जा कर लिया था। 2017 में इराक ने गठबंधन सेना के सहयोग से आतंकी संगठन आईएस को अपने शहरी इलाकों से बाहर निकाल दिया था। एक जानकारी के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन के तहत इराक में अभी 5 हजार अमेरिकी सैनिक तैनात हैं।

● एक शोध में वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि धूम्रपान करने वालों के कपड़ों से खतरनाक केमिकल निकलते हैं और इससे स्वास्थ्य को गंभीर खतरा होता है। अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक और प्रमुख शोधकर्ता प्रो. ड्रियू गेंटर के अनुसार सिनेमा हॉल में धूम्रपान करने वाले की मौजूदगी से वहां मौजूद लोगों के स्वास्थ्य को एक घंटे के भीतर दस सिगरेट पीने के बराबर नुकसान होता है। बता दें कि सिगरेट पीने वालों के कपड़ों से निकलने वाले घातक केमिकल को 'थर्डहैंड स्मोकिंग' कहते हैं। सिगरेट पीने वालों के कपड़े, शरीर या उसके पास मौजूद वस्तुओं पर केमिकल और निकोटीन जमा हो जाती है। इससे डीएनए को नुकसान होता है, जिससे कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है।

11 मार्च

एसबीआई ने कम किए एमसीएलआर

● स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) में 15 आधार अंकों की कटौती की है। एमसीएलआर के कम होने से होम लोन सस्ता हो सकता है। एसबीआई ने एक साल के एमसीएलआर को 10 बेसिस प्वाइंट घटाकर 7.85 प्रतिशत से 7.75 प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष में बैंक द्वारा एमसीएलआर में यह लगातार 10वीं कटौती है। नए संशोधन से एसबीआई ने एक महीने की एमसीएलआर में 15 आधार अंकों की कमी करके इसे 7.4 प्रतिशत कर दिया है। वहीं तीन महीने के एमसीएलआर को 7.65 प्रतिशत से संशोधित कर 7.50 प्रतिशत कर दिया गया है।

● ब्लूमबर्ग बिलिनायर इंडेक्स के मुताबिक मुकेश अंबानी की दौलत 58 अरब डॉलर से घटकर 41.9 अरब डॉलर हो गई। जिसके कारण दौलतमंद लोगों की सूची में मुकेश अंबानी दूसरे पायदान पर पहुंच गए। मुकेश अंबानी की दौलत घटने से चीन के जैक मा को फायदा हुआ। जैक मा एशिया के सबसे अमीर लोगों की फेहरिस्त में शीर्ष पर आ गए हैं। उनकी दौलत मुकेश अंबानी की दौलत से 2.6 अरब डॉलर ज्यादा 44.5 अरब डॉलर आंकी गई। ब्लूमबर्ग बिलिनायर इंडेक्स में जैक मा को दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में 18वें नंबर पर रखा गया है। बता दें कि वैश्विक बाजार में गिरावट और तेल के दामों में आई कमी मुकेश अंबानी की दौलत कम करने का कारण बनी। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में 1991 के बाद बड़ी गिरावट देखी गई।

● लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लो को रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईए) और एकीकृत रक्षा स्टाफ (खुफिया) का रक्षा महानिदेशक नियुक्त किया गया। वह पिछले साल सेना की सामरिक 15वीं कोर में सेवाएं दे चुके हैं। यह विभाग नवसृजित सैन्य मामलों के विभाग में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष के तहत आता है। लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लो भारतीय सैन्य अकादमी के 1983 बैच से हैं। उन्होंने हाल ही में लेफ्टिनेंट जनरल बी.एस. राजू को 15वीं कोर की कमान सौंपी थी। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लो के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है और वह जल्द ही कार्यभार संभालेंगे।

12 मार्च

एसबीआई ने एफडी की ब्याज दरों में की कटौती

● स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की ब्याज दरों में कटौती की है। एफडी की नई दरें 10 फरवरी से लागू हो चुकी हैं। एसबीआई ने ये साफ किया है कि नई दरें नई एफडी पर ही लागू होंगी। नए अपडेट के मुताबिक, एसबीआई की 7 से 45 दिन की अवधि वाली एफडी पर 4 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, जो पहले 4.5 प्रतिशत मिलता था। ठीक इसी तरह, 1 से 5 साल की अवधि वाली एफडी पर 5.9 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा, जो पहले 6 प्रतिशत मिलता था। वहीं, 5 से 10 साल की एफडी पर अब 5.9 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा, जो पहले 6 प्रतिशत मिलता था।

● पाकिस्तान वायुसेना का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया हो गया है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार पाकिस्तान दिवस की परेड के लिए रिहर्सल के दौरान पाकिस्तान वायु सेना का एफ-16 विमान शकरपेरियन, इस्लामाबाद के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान के पायलट विंग कमांडर नौमान अकरम की मौत हो गई। पाकिस्तानी वायुसेना की ओर से हादसे की पुष्टि की गई है। जिस जगह विमान गिरा वहां से कुछ दूरी पर ही पाकिस्तानी स्पोर्ट्स बोर्ड के कर्मचारियों की कॉलोनी है। पुलिस ने कहा कि इलाके को घेरे में ले लिया गया है। हादसे की जांच की जा रही है। पाकिस्तान वायुसेना की ओर से भी इस बारे में बयान जारी किया गया है।

13 मार्च

उत्तर कोरिया ने किया मिसाइल परीक्षण

● उत्तर कोरिया में मिसाइल परीक्षण का सिलसिला जारी है। उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर में तीन अज्ञात मिसाइलों (प्रोजेक्टाइल) का परीक्षण किया है। पिछले एक सप्ताह में उत्तर कोरिया द्वारा किया गया यह दूसरा मिसाइल परीक्षण है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार प्रोजेक्टाइल मिसाइलें दक्षिण हम्गयोंग प्रांत के शहर सोंदोक के पास छोड़ी गई हैं। इस परीक्षण के दौरान उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन भी उपस्थित थे।

● मैक्सिको की राजधानी मैक्सिको सिटी में दो मेट्रो ट्रेन आपस में टकरा गईं। इस हादसे में एक यात्री की मौत हो गई वहीं 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रेल हादसा मैक्सिको सिटी के तकुबया मेट्रो स्टेशन के पास भूमिगत मेट्रो लाइन पर हुआ। मैक्सिको सिटी के प्रशासनिक अधिकारी इस हादसे के कारणों की जांच कर रहे हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

आजाद पी 3 एकेडमी
सपनों की उड़ान आप भरें, उन्हें साकार हम करें।
UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3
प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित
MPPSC
Hindi & English Medium
PRE + MAINS
New Batch : 17 March'20
MPSI
New Batch 16 March'20
SSC | BANK
NEW BATCH Coming Soon
हेड ऑफिस : देवा बिल्डिंग, 216 द्वितीय मंजिल, एम्पल हॉस्पिटल के पास, मंबरकुंआ, इंदौर
6-A इंद्रपुरी कॉलोनी, मंबरकुआं इंदौर
0731-4966653 / 54, 97559-16644,
70244-86260, 91092-57973
R-43767/2020

APPOINTMENT
SHRI JAIN DIWAKAR MAHAVIDYALAYA
Recognised by Higher Education M.P. Affiliated to DAVV, Indore
New Palasia, Near Janjeerwala Square, Near Laxmi Memorial Hospital, Indore
Ph.: 0731-4291111, 4063832
REQUIRES
PROFESSORS/ ASSOCIATE PROFESSORS/ ASSISTANT PROFESSORS/ LIBRARIAN/ SPORTS OFFICER
(As per latest UGC Norms) Ph.D./ Net Qualified
For Mathematics, Microbiology, Horticulture, Bio-technology, Seed Technology, Physics, Botany, Chemistry, Computer Science, Commerce, Hindi, English, Economics, History, Sociology, Political Science & Social Work
• Interested candidates apply within 10 days, with their CV, credentials and passport size photograph.
• Appointment shall be done under College Code-28.
• Hard Copy of the application in the prescribed format only will be accepted at College Office.
Principal
R-43768/2020

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 11, 16.03.2020 से 22.03.2020

● प्रबंध संचालक - पी. नरहरि ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

कोरोना वायरस

दुनिया के 120 देश और तकरीबन सभी महाद्वीप कोरोना वायरस की चपेट में हैं। इससे अब तक 1.25 लाख से ज्यादा व्यक्ति संक्रमित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक कोरोना वायरस का फैलाव बेहद तेजी से हो रहा है। प्रभावित देशों में इसकी संख्या 3 गुना बढ़ रही है। चीन के बाद सबसे ज्यादा प्रभावित देश इटली है। यहाँ सरकार ने पूरे देश को लॉक डाउन कर दिया है। मेडिकल साइंस की भाषा में महामारी उस संक्रामक बीमारी को कहते हैं जिससे एक ही समय में दुनिया भर के लोग बड़ी संख्या में प्रभावित हो सकते हैं। ताजा उदाहरण साल 2009 में फैला स्वाइन फ्लू है इससे दुनिया में लाखों लोगों की मौत हुई थी। किसी नए वायरस के जरिए फैलने वाली महामारी खतरनाक होती है, क्योंकि यह लोगों में आसानी से फैल सकती है और ज्यादा वक्त तक मौजूद रह सकती है। चीन के वुहान शहर से फैला कोरोना वायरस अब तक दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में पहुँच चुका है। दुनिया भर में करीब 1 लाख 20 हजार लोगों में वायरस की पुष्टि हुई है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने जिनेवा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चीन के बाहर यह वायरस पिछले 2 हफ्ते के दौरान 13 गुना ज्यादा तेजी से फैला है। हालांकि संगठन ने इस वायरस को लेकर पहले से जारी एडवायजरी में किसी तरह का बदलाव नहीं किया है। अमेरिका में 30 से ज्यादा राज्यों में कोरोना वायरस पहुँच चुका है। नतीजन कई राज्यों में इमरजेंसी का ऐलान कर दिया गया है। जिस तरह से दुनिया भर के देशों में कोरोना वायरस का तेजी से फैलाव हो रहा है तो उससे बचने के लिए बचाव ही उसका श्रेष्ठ उपाय है। अगर कुछ सावधानियाँ बरती जाएं तो न सिर्फ इससे बचा जा सकता है, बल्कि इसे फैलने से रोका भी जा सकता है। कोरोना वायरस संक्रमण वायरस है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। इससे बचने के लिए संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाएं और सर्दी-खाँसी तथा बुखार आने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। मध्यप्रदेश में भी सभी ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देशित किया गया है कि यह सुनिश्चित करें कि कोई भी दवा संस्थान, दुकान दवाइयों और मास्क का अतिरिक्त भंडारण न करें। साथ ही एमआरपी से अधिक कीमत पर दवाइयों का विक्रय न करें। प्रदेश के सभी सैनिक केंद्रों से भी संपर्क रखा जा रहा है जिससे आवश्यकता पड़ने पर समन्वय के साथ कार्य किया जा सके। कोरोना वायरस से बचाव के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर इसके संबंध में सूचनाएं प्रदर्शित की गयी हैं। अस्पतालों में सर्दी-खाँसी और बुखार के मरीजों का अलग से परीक्षण शुरू किया गया है। यदि किसी मरीज की या उससे संबंधित संपर्क वाले व्यक्ति की ट्रेवल हिस्ट्री है तो उसे निगरानी में रखा जा रहा है। इन सभी मरीजों के साथ सभी लोगों को बताया जा रहा है कि भारतीय संस्कारों के साथ अभिवादन करें, हाथ न मिलायें, नमस्ते, आदाब की संस्कृति को अपनायें। खाँसते, छींकते समय मुँह पर कपड़ा रखें और कोहनी से नाक-मुँह ढंकें। सर्दी-खाँसी से संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाएं। सार्वजनिक स्थलों पर जाने से बचें और 30 सेकेण्ड तक साबुन से हाथ धोएं। प्रदेश में सभी अस्पतालों और नर्सिंग होम्स को इस संबंध में निर्देशित किया जा चुका है। सर्दी-खाँसी और बुखार वाले मरीजों को विशेष निगरानी और सावधानी बरतने के लिए निर्देशित किया गया है। मध्यप्रदेश में भी हर स्तर पर कोरोना वायरस से सावधानी बरत कर इससे बचाव के उपाय किए जा रहे हैं।

ब्रह्मांड को जानें

सूर्य

गतांक से आगे - सूर्य सभी दिशाओं में प्रोटोन (हाइड्रोजन अणुओं के नाभिक) के रूप में अपने तत्व को लागतार बरसाता रहता है। कभी-कभी यह उत्सर्जन बहुत अधिक होता है। इसे सौर ज्वाला कहा जाता है। इनसे सूर्य की सतह से ऊपर की ओर ताप-दीप्त पदार्थों के ढेर के ढेर भेजे जाते हैं। कभी-कभी ये पदार्थ सूर्य और वायुमण्डल से बाहर निकलकर अंतरिक्ष में सैकड़ों मील तक फैल जाते हैं। तब ये सौर ज्वाला के रूप में दिखाई देते हैं। सूर्य के वायुमण्डल के सतही स्तर किरीट से होती हुई यह ज्वाला पृथ्वी के आकार से 20 से 40 गुना आकार वाले विशाल बादल के रूप में गरम आयनिन गैस को लगभग 1000 किलोमीटर प्रति सेकेण्ड की गति से निकालती रहती है। अत्यधिक आकर्षक सौर ज्वालाएं जो हाल के वर्षों में देखी गई हैं वे 28 फरवरी 1942, 19 नवम्बर 1949 और 13 दिसम्बर 1971 को निकली हैं।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व जल दिवस 22 मार्च

जल है तो आज है और जल है तो ही कल है

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, पत्रकार हैं)

जल के बिना जीवन संभव नहीं है, यह हम बचपन से सुनते आ रहे हैं और हर साल गर्मियों में पीने के पानी की वजह से देश-दुनिया की बड़ी आबादी संघर्ष करती है। ये बात सच है कि धरती की सतह पर 70 फीसदी हिस्से में पानी भरा हुआ है, लेकिन ये समुद्री पानी है जो खारा है। दुनिया में मीठा पानी केवल 3 फ़ीसदी है और ये इतना सुलभ नहीं है। दुनिया में सौ करोड़ से अधिक लोगों को पीने का साफ़ पानी उपलब्ध नहीं है, जबकि 270 करोड़ लोगों को साल में एक महीने पीने का पानी नहीं मिलता है। साल 2014 में दुनिया के 500 बड़े शहरों में हुई एक जांच में पाया गया है कि एक अनुमान के अनुसार हर चार में से एक नगरपालिका 'पानी की कमी' की समस्या का सामना कर रही है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 'पानी की कमी' तब होती है जब पानी की सालाना सप्लाई प्रति व्यक्ति 1700 क्युबिक मीटर से कम हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र समर्थित विशेषज्ञों के आकलन के अनुसार साल 2030 तक वैश्विक स्तर पर पीने के पानी की मांग सप्लाई से 40 फीसदी अधिक हो जाएगी। हमारा शरीर भी 70% जल से ही बना है।

जल दिवस को मनाने का उद्देश्य

लोगों को स्वच्छ जल के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व के सभी विकसित देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है साथ ही यह जल संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित करता है। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में वर्ष 1992 में पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की अनुसूची 21 में आधिकारिक रूप से जोड़ा गया था। कार्यक्रम में विश्व जल दिवस मनाने की पहल की गई तथा वर्ष 1993 में संयुक्त राष्ट्र ने अपनी सामान्य सभा के द्वारा निर्णय लेकर इस दिन को वार्षिक कार्यक्रम के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के बीच में जल संरक्षण का महत्व, साफ पीने योग्य जल का महत्व आदि बताना था। 2010 के जुलाई महीने में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित कर दुनिया के हरेक व्यक्ति को पानी का अधिकार दिया गया है, जिसके तहत हरेक व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में पानी मिलना चाहिए। यह अभियान यूएन अनुशंसा को लागू करने के साथ ही वैश्विक जल संरक्षण के वास्तविक क्रियाकलापों को प्रोत्साहन देने के लिए सदस्य राष्ट्र द्वारा मनाया जाता है। इस अभियान को प्रति वर्ष यूएन एजेंसी की एक इकाई के द्वारा विशेष तौर से बढ़ावा दिया जाता है, जिसमें लोगों को जल मुद्दों के बारे में सुनने व समझाने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही विश्व जल दिवस के लिए अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों का समायोजन शामिल है। इस कार्यक्रम की शुरुआत से ही विश्व जल दिवस पर वैश्विक संदेश फैलाने के लिए थीम (विषय) का चुनाव करने के साथ ही विश्व जल दिवस को मनाने के लिए यूएन उत्तरदायी होता है।

जल और जलवायु परिवर्तन

विश्व जल दिवस की 2020 की थीम Water And Climate Change यानी जल और जलवायु परिवर्तन है। विगत कुछ वर्षों से जलवायु परिवर्तन को लेकर पर्यावरणविद् लगातार चिंता व्यक्त कर रहे हैं। पृथ्वी का वातावरण जिस तरह से सूर्य की कुछ ऊर्जा को ग्रहण करता है, उसे ग्रीनहाउस इफेक्ट कहते हैं। पृथ्वी के चारों ओर ग्रीन हाउस गैसों की एक परत होती है। इन गैसों में कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड शामिल हैं। ये परत सूर्य की अधिकतर ऊर्जा को सोख लेती है और फिर इसे पृथ्वी की चारों दिशाओं में पहुंचाती हैं। जो ऊर्जा पृथ्वी की सतह तक पहुँचती है, उसके कारण पृथ्वी की सतह गर्म रहती है। अगर ग्रीनहाउस गैसें नहीं होतीं तो पृथ्वी पर जीवन नहीं होता। हम लोग उद्योगों और कृषि के जरिए जो गैसे वातावरण में छोड़ रहे हैं (जिसे वैज्ञानिक भाषा में उत्सर्जन कहते हैं), उससे ग्रीनहाउस गैसों की परत मोटी होती जा रही है। ये परत अधिक ऊर्जा सोख रही है और धरती का तापमान बढ़ा रही है। इसे आमतौर पर ग्लोबल वार्मिंग या जलवायु परिवर्तन कहा जाता है। इसकी वजह से ही दुनिया में लगातार तापमान बढ़ रहा है और समुद्री जल जो पीने योग्य नहीं है, उसका स्तर भी तेजी से बढ़ रहा है।

जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित किए जाते हैं कार्यक्रम

पर्यावरण, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार सहित जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में जल के महत्व की ओर लोगों की जागरुकता बढ़ाने के लिए पूरे विश्व भर में विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इसे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम और क्रियाकलापों के आयोजनों के द्वारा मनाया जाता है जैसे दृश्य कला, जल के मंचीय और संगीतात्मक उत्सव, स्थानीय तालाब, झील, नदी और जलाशय की सैर, जल प्रबंधन और सुरक्षा पर स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परिचर्चा, टीवी और रेडियो चैनल या इंटरनेट के माध्यम से संदेश फैलाना, स्वच्छ जल और संरक्षण उपाय के महत्व पर आधारित शैक्षणिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता तथा अन्य गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। नीले रंग की जल की बूंद की आकृति विश्व जल दिवस उत्सव का मुख्य चिन्ह है। सोशल और डिजिटल मीडिया के इस दौर में फेसबुक, वॉट्सएप, इंस्टाग्राम आदि के माध्यम से भी कैंपेन चलाए जा रहे हैं तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए भी संयुक्त राष्ट्र ने वाटर फॉर ऑल की तर्ज पर विभिन्न पोस्टर तैयार किए हैं, इनमें वाटर फॉर रिफ्यूजी, वाटर फॉर ऑल स्टूडेंट्स, वाटर फॉर ऑल रूरल पीपुल, वाटर फॉर ऑल वुमन, वाटर फॉर ऑल डिसेबल जैसे अलग-अलग वर्ग के लोगों को केन्द्रित संदेश लिखे हुए हैं।

देश का पहला राज्य जो देगा जल का अधिकार

मध्यप्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य है, जिसमें जल का अधिकार कानून बनाने पर विचार हो रहा है, जिसमें पानी के स्रोत से लेकर उपभोग तक सबको स्वच्छ एवं पर्याप्त जल सुलभ कराने पर जोर दिया जाएगा और पानी को दूषित करने वालों को दंडित करने का भी प्रावधान होगा।

पानी का अधिकार कानून के तहत मध्यप्रदेश शासन का लक्ष्य यहां के निवासियों को रोज 55 लीटर पीने का पानी उपलब्ध कराना है। इस विधेयक में पानी के स्रोत के रूप में जंगलों की रक्षा पर भी जोर दिया जाएगा। इस विधेयक के माध्यम से राज्य के सभी लोगों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल सुनिश्चित किया जाएगा। इस विधेयक में जल के कृषि संबंधी उपयोग को लेकर भी व्यवस्थाएं दी जाएंगी। पानी की रिसाइक्लिंग, रिचार्जिंग, सप्लाई और इस्तेमाल समेत हर पहलू को इस एक्ट के दायरे में लाया जाएगा। प्रस्तावित कानून जल्द ही विधानसभा में पास हो सकता है। इस तरह का प्रयास देश के अन्य राज्य भी करके जल संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ा सकते हैं।

आज भी खरे हैं तालाब लिखने वाले अनुपम

आज भी खरे हैं तालाब, राजस्थान की रजत बूँदें जैसी जल संरक्षण पर प्रसिद्ध किताब लिखने वाले अनुपम मिश्र का जन्म 1948 में सरला मिश्र और प्रसिद्ध हिंदी कवि भवानी प्रसाद मिश्र के यहां महाराष्ट्र के वर्धा में हुआ था। मूलतः मध्यप्रदेश के होशंगाबाद के रहने वाले अनुपम लेखक, संपादक, छायाकार और गांधीवादी पर्यावरणविद् थे। पर्यावरण-संरक्षण के प्रति जनचेतना जगाने और सरकारों का ध्यानाकर्षित करने की दिशा में वह तब से काम कर रहे थे, जब देश में पर्यावरण रक्षा का कोई विभाग नहीं खुला था। उनकी कोशिश से सूखाग्रस्त अलवर में जल संरक्षण का काम शुरू हुआ जिसे दुनिया ने देखा और सराहा। सुख चुकी अरवरी नदी के पुनर्जीवन में उनकी कोशिश काबिले तारीफ रही है। इसी तरह उत्तराखण्ड और राजस्थान के लापोड़िया में परंपरागत जल स्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में उन्होंने महत्वपूर्ण काम किया है।

जल पुरुष को मिल चुका है पानी का नोबल पुरस्कार

जल पुरुष के नाम से मशहूर राजेन्द्र सिंह का जन्म 6 अगस्त 1959 को, उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के डौला गांव में हुआ था। वर्ष 1981 में अपने विवाह के डेढ़ साल बाद ही घर का सारा सामान बेचकर मिले कुल तेईस हजार रुपए लेकर पानी के लिए संघर्ष करने निकल गए। अपने एनजीओ के माध्यम से सबसे पहले राजस्थान में जल संकट को दूर करने के लिए उन्होंने काम करना शुरू किया। बारिश के पानी को धरती के भीतर पहुंचाने की प्राचीन भारतीय पद्धति को ही आधुनिक तरीके से अपनाया। इसमें छोटे-छोटे तालाबों का निर्माण किया जाता है, जो बारिश के पानी से भर जाते हैं और फिर इस पानी को धरती धीरे-धीरे सोख लेती है। शुरुआत में राजेन्द्र सिंह इस कार्य में अपनी संस्था के लोगों के साथ अकेले काम कर रहे थे, लेकिन धीरे-धीरे उनके इस काम में गांव के गांव जुड़ते गए।

राजस्थान की मरु भूमि पर हरियाली की क्रांति लाने वाले राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में खत्म हो चुकी तालाब निर्माण यानी जोहड़ की परंपरा पुर्नजीवित हुई और 6 हजार से अधिक तालाबों का निर्माण किया गया। एशिया के नोबल पुरस्कार रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित हो चुके राजेन्द्र सिंह को स्टॉकहोम वाटर प्राइज से भी सम्मानित किया जा चुका है, इसे पानी का नोबल पुरस्कार भी कहा जाता है। 2008 में राजेन्द्र सिंह को गार्डियन ने विश्व के उन 50 लोगों में शामिल किया था, जो धरती को बचा सकते हैं।

पर्यावरविद् अनुपम मिश्र ने भी कहा था कि, 'सीखो उन पुरखों से जिन्होंने पानी के साथ कभी मनमानी नहीं की'। यानी जल संकट से घबराने की नहीं बल्कि जल संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रयास करने की आवश्यकता है। इसके लिए हमारी जीवन शैली ने भी पानी का उपयोग बढ़ाया है जिसे दैनिक जीवन में थोड़े प्रयास से कम किया जा सकता है। घरेलू बगीचों को सुबह के बजाय शाम को पानी दें ताकि पौधे उसका अधिकतम उपयोग कर सकें। घर में आए आगंतुकों का 'आधा गिलास पानी से स्वागत करने की आदत डालें। जरूरत होने पर दुबारा पानी देने में कोई बुराई नहीं है। छोटे-छोटे प्रयास से ही विश्व जल दिवस की सार्थकता को सिद्ध किया जा सकता है।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P. – 462011

NOTICE INVITING TENDER No. 134/MTN/2020

No.3817/22/D-12/NIT-Maint./2020 **Bhopal, Dated : 11.03.2020**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

1. Table No. 1 :- Name of Work – REPAIR/ MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 5 YEAR)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Agar	1	3672000.00
2	Alirajpur	1	3245000.00
3	Balaghat	1	8690000.00
4	Bhind	1	13685000.00
5	Chhatarpur	1	15170000.00
6	Chhindwara	3	35839000.00
7	Damoh	2	25959000.00
8	Datia	2	19808300.00
9	Dewas	2	18444000.00
10	Dhar	1	1603000.00
11	Dindori	1	16941000.00
12	Guna	2	11338000.00
13	Jabalpur	3	30259000.00
14	Katni	3	9594000.00
15	Mandsour	2	16588000.00
16	Neemuch	3	19351000.00
17	Raisen	2	13314000.00
18	Rajgarh	1	9972000.00
19	Rewa	2	8019000.00
20	Satna	1	9421000.00
21	Sehore	3	28623000.00
22	Seoni	2	48923000.00
23	Shahdol	4	76880000.00
24	Shajapur	1	5242000.00
25	Sidhi	2	22740000.00
26	Umaria	1	15857000.00
27	Vidisha	2	16333000.00

2. Table No. 2 :- Name of Work – REPAIR/ MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 10 YEAR)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Agar	1	5650000.00
2	Alirajpur	2	17566000.00
3	Ashoknagar	1	17550000.00
4	Betul	1	3360000.00
5	Bhind	2	30941000.00
6	Bhopal	1	3238000.00
7	Chhatarpur	1	7059000.00
8	Chhindwara	3	31427000.00
9	Dhar	7	98381000.00
10	Dindori	1	23005000.00
11	Hoshangabad	2	20804869.00
12	Jabalpur	1	1497000.00
13	Katni	2	9410000.00
14	Mandsaur	1	16926000.00
15	Morena	2	18631000.00
16	Neemuch	1	16110000.00
17	Rewa	2	6171000.00
18	Seoni	5	106842000.00
19	Singrauli	2	19538200.00
20	Tikamgarh	1	27058000.00
21	Ujjain	3	13350000.00
22	Umaria	2	29922000.00
23	Waidhan	2	20224000.00

3. Table-3 :- Special Repair of Roads/ Culverts

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Seoni	1	178127.00

4. Table-4 :- Post 5 Year (CBMS)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Dindori	1	17175000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **16.03.2020 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/97140/2020 **CHIEF GENERAL MANAGER (T & e-G)**

R-43770/2020

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.– 462 011

NOTICE INVITING TENDER FOR SQC CONSULTANCY

(E-Procurement Notice)

No. 3772/22/D-12/SQC/MPRRDA/2020 Bhopal, Dated : 09.03.2020

Online bids are invited from the consultants fulfilling the required qualification criteria for Supervision and Quality Control Consultancy of Rural Roads being constructed under PMGSY-III for the following districts.

- No. of Packages - 82

Name of Districts / PIU – Agar (Shajapur-2), Alirajpur, Anuppur, Ashoknagar 1, Ashoknagar 2, Balaghat-1, Balaghat-2, Betul-1, Betul-2, Barwani, Bhind-1, Bhind-2, Bhopal, Burhanpur, Chhatarpur, Chhindwara-1, Chhindwara-2, Damoh-1, Damoh-2, Datia, Dhar-1, Dhar-2, Dhar-3, Dewas-1, Dewas-2, Dindori, Guna-1, Guna-2, Gwalior-1, Harda, Hoshangabad 1&2, Indore, Jabalpur, Jhabua, Katni, Khargone-1, Khargone-2, Khandwa-1, Mandla, Mandsaur, Morena, Narsinghpur-1, Narsinghpur -2, Neemuch, Panna-1, Panna-2, Raisen-1, Raisen-2, Rajgarh-1, Rajgarh-2, Ratlam, Rewa-1, Rewa-2, Sagar-1, Sagar-2, Satna-1, Satna-2, Sehore, Seoni-1, Seoni-2, Shajapur-1, Shahdol, Sheopur, Shivpuri-1, Shivpuri-2, Sidhi, Waidhan-1, Waidhan-2, Tikamgarh, Ujjain-1, Ujjain-2, Umaria, Vidisha-1 & Vidisha-2.

- **Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/ Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 2 of detailed NIT.**

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from 17:00 hrs on **16.03.2020.**
2. Last date of Submission of bid is **date 04.04.2020 upto 17.00 hrs.**
   Other details & conditions may be seen in the detailed NIT, Tender document for SQC of Roads and Bridge works January, 2020 on our Website **http://mptenders.gov.in.**

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/97131/2020 **(T & e-G)**

R-43769/2020

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-03 भोपाल-462003
Mobile No. : 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/171/पयं/भोपाल-03/तशा/2020 भोपाल, दि. 12.03.20

निविदा आमंत्रण सूचना

"राज्य योजना आयोग" के अंतर्गत संभाग के विदिशा व सीहोर में चौकी निर्माण कार्य एवं जिला बैतूल में मरम्मत कार्य हेतु निविदा क्रमांक-10/2019-20(टेण्डर क्र. 83858, 83859, 83860, 83863, 83864) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 24.03.2020** सायं 5:00 बजे तक खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/97171/2020 **परियोजना यंत्री**

R-43772/2020

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-03 भोपाल-462003
Mobile No.: 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/169/पयं/भोपाल-03/तशा/2020 भोपाल, दि. 12.03.20

निविदा आमंत्रण सूचना

"राज्य योजना आयोग" के अंतर्गत संभाग में यातायात पुलिस थाना विदिशा, निर्माण हेतु निविदा क्र.-09/2019-20 (टेण्डर क्र.-83855) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 24.03.2020 सायं 5:00 बजे तक खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/97170/2020 **परियोजना यंत्री**

R-43771/2020

मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी.
महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in
फोन नं. : 0734-2527715, मोबा. 9406808103
क्र. 343/पय/मप्रपुहाइडेकालि/20/उज्जैन **दिनांक 13.3.2020**

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 27/2019-20

मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 27/2019-20 दिनांक 13.3.2020 के अंतर्गत जिला झाबुआ में अर्द्धशहरी थाना भवनों के निर्माण कार्य की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2020_MPPHC_83907 एवं 2020_MPPHC_83908 कुल 2 निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 13.3.2020 17.00 बजे से क्रय किये जा सकते हैं एवं दिनांक 28.3.2020 18.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/97178/2020 **परियोजना यंत्री**

R-43774/2020

ई.वी.एम. से होंगे नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव

भोपाल, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री वसंत प्रताप सिंह ने नगरीय निकायों और पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के पर्यवेक्षण के लिये नियुक्त प्रेक्षकों की कार्यशाला में कहा कि आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायतों के आम-चुनाव ई.वी.एम. से ही कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाना आयोग का पहला उद्देश्य है। श्री सिंह ने कहा कि मतदाता का नाम एक ही स्थान पर होना चाहिये।

श्री वसंत प्रताप सिंह ने कहा कि पर्यवेक्षक यह देखें की मतदाता सूची में दावे-आपत्तियों के लिये समुचित व्यवस्था की गई है कि नहीं। दावे-आपत्ति केन्द्र में बैनर लगवायें। दावे-आपत्ति केन्द्र नियमित रूप से खुलें। उन्होंने बताया कि वार्डों के परिसीमन के आधार पर प्रारूप मतदाता सूची बनाई गई है।

आयोग की उप सचिव श्रीमती अजीजा सरशार ज़फर ने कहा कि कंट्रोल टेबल का वेरीफिकेशन ठीक ढंग से होना चाहिये। उन्होंने पिछले आम-चुनाव के दौरान बनाई गई मतदाता सूची में आयी त्रुटियों की ओर प्रेक्षकों का ध्यान आकृष्ट किया। श्रीमती ज़फर ने कहा कि इस तरह की त्रुटियों की पुनरावृत्ति नहीं होना चाहिये। प्रेक्षक 16 से 20 मार्च और 29 अप्रैल से 4 मई तक जिलों में रहेंगे। अवर सचिव श्री प्रदीप शुक्ला ने नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के निर्देश भी दिये गये हैं। श्री शुक्ला ने बताया कि नगरीय निकायों में 244 और पंचायत चुनावों के लिये 534 अतिरिक्त मतदान केन्द्र बनाये जा सकते हैं।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
Block-IInd, 5th Floor, Paryavas Bhavan
Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011

SQC CONSULTANCY OF BRIDGES

(E-Procurement Notice)

No. 3926/22/D-12/SQC-Brg./Phase-15th/20 Bhopal, Dtd : 12.03.2020

Online Bids are invited through e-procurement portal **http://mptenders.gov.in** from the consultants fulfilling the required qualification criteria for Supervision and Quality Control Consultancy of Bridge works being constructed on Rural Roads for the following packages :

- **No. of Packages -** 01
- **No. of Bridges -** 28
  Total Estimated Construction Cost (in Rs.) – Rs. 521730000.00
- **Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/ Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 2 of detailed NIT.**
- Last date for submission of offers online is upto **17:30 hrs. on 28.03.2020**

Other details & conditions may be seen in the detailed NIT, Tender document for SQC of Bridge works November 2016 on our Website **https://mptenders.gov.in**

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/97172/2020 **(T & e-G)**

R-43773/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड
लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया, भोपाल पिनकोड : 462043

Phone No. 0755-2930001, E-Mail I.D. emphbpl@mp.nic.in

क्रमांक 690/तक/का.यं./लोक स्वा./मेके. खण्ड/भोपाल/2019-20/ दिनांक 11.03.2020

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 42/2019-20, दिनांक 09.03.2020
ऑनलाइन निविदा क्रमांक 2020_PHED_83404_1, दिनांक 09.03.2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मेला उपखण्ड भोपाल के अधीन कार्यरत विभागीय रिग मशीनों से भोपाल जिले में खनित किये जाने वाले सफल नलकूपों पर 50 नग प्लेटफार्म निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 24.03.2020 सायं 17.30 बजे तक अनुभवी ठेकेदार से प्रपत्र **"Annexure 2.10"** पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन का प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑनलाइन अपलोड करना होगा। निविदा **दिनांक 26.03.2020 को सायं 15.00 बजे** ऑनलाइन खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत रुपये 3,93,670/- (रुपये तीन लाख तिरान्नवे हजार छः सौ सत्तर) मात्र है तथा प्रतिभूति राशि रुपये 7,880/- (रु. सात हजार आठ सौ अस्सी) मात्र है। निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट्स) राशि रुपये 2000/- दिनांक 24.03.2020 सायं 17.30 बजे तक ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं। परिशिष्ट/संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

कार्य का विवरण :- मेला उपखण्ड भोपाल के अधीन कार्यरत विभागीय रिग मशीनों से भोपाल जिले में खनित किये जाने वाले सफल नलकूपों पर 50 नग प्लेटफार्म निर्माण कार्य।

टेण्डर के प्राक्कलन की अनु. लागत राशि (रु.)	धरोहर राशि (रु.)	टेण्डर का मूल्य (रु.)	टेण्डर ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि	टेण्डर खुलने की तिथि	कार्य अवधि
3,93,670/-	7,880/-	2,000/-	24.03.2020 सायं 17.30 तक	**26.03.2020** 15.00 बजे	कार्यादेश दिनांक से 01 वर्ष

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें एवं विवरण वेबसाइट पर **https://mptenders.gov.in** निविदा क्रमांक 2020_PHED_83404_1, दिनांक 09.03.2020 उपलब्ध हैं।

कार्यपालन यंत्री
जी-23980/43763/2020 लोक स्वा.यां.वि. मैकेनिकल खण्ड, भोपाल

कार्यालय मुख्य अभियंता, म.प्र. लोक निर्माण विभाग, उत्तर परिक्षेत्र, ग्वालियर

website : www.mp.gov.in/pwdmp, E-mail : cepwdnorth@mp.nic.in
Phone : 0751-2340932, 2340731, Fax : 2341103

निविदा विज्ञप्ति (द्वितीय आमंत्रण)

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु सड़क कार्यों की दर अनुसूची प्रभावशील दिनांक 29.08.2017 निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेंडरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाएं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

कार्य का नाम - निर्माण कार्य (1) पेंची मुरैला मार्ग से वड़ी मुरैली लं. 3.50 कि.मी. (2) नेशकला से छोटी मुरैली लं. 4.10 कि.मी. (3) वागराज एप्रोच रोड मय कल्वर्ट व्हाया खेरखेड़ा देवपुरा ग्राम तहसील मक्सूदनगढ़ लं. 2.80 कि.मी. कुल लम्बाई 10.40 कि.मी.।

टेण्डर आई. डी. क्र.	अनुमानित लागत (रुपयों में)	अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (रुपयों में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	भौतिक दस्तावेज जमा करने का स्थान
2020_PWDBR_83453_1	65857000/- (छः करोड़ अट्ठावन लाख सत्तावन हजार)	658570/-	20,000/- + Portal Charges	10 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. मुख्य अभियंता (उत्तर परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, ग्वालियर
	65857000/-				

क्र.	कार्यक्रम का विवरण	निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की डेट्स) एवं समय
1.	ऑनलाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक	12.03.2020 समय 17.30 बजे
2.	**निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारंभ दिनांक**	**12.03.2020 समय 17.30 बजे**
3.	**निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय अंतिम दिनांक**	**12.03.2020 समय 17.30 बजे**
4.	ऑनलाइन विड सबमिशन का प्रारंभ दिनांक	12.03.2020 समय 17.30 बजे
5.	ऑनलाइन विड सबमिशन का अंतिम दिनांक	27.03.2020 समय 17.30 बजे
6.	फिजिकल डॉक्यूमेंट सबमिशन का अंतिम दिनांक	28.03.2020 समय 17.30 बजे
7.	विड ओपनिंग दिनांक	30.03.2020 समय 11.30 बजे

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग (उत्तर परिक्षेत्र) ग्वालियर
जी-24016/43765/2020 फोन नं. 0751-2340932, मो. नं. 9425116914

राज्य शिक्षा केन्द्र, आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान
पुस्तक भवन, बी विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल 462011

Ph. No. : 0755-2760538, Email - eltibhopal@gmail.com

एक वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा इन टीचिंग इंग्लिश पाठ्यक्रम की प्रवेश सूचना
(केवल शासकीय विद्यालयों में कार्यरत अंग्रेजी भाषा के शिक्षकों के लिए)

आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान, राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल द्वारा अंग्रेजी भाषा के व्याख्याताओं/शिक्षकों/अध्यापकों के लिये 01 जुलाई-2020 से अंग्रेजी भाषा शिक्षण में एक वर्षीय सेवाकालीन पी.जी. डिप्लोमा इन टीचिंग इंग्लिश पाठ्यक्रम (बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध) आयोजित किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के विद्यालयों के अंग्रेजी भाषा के व्याख्याताओं/शिक्षकों/अध्यापकों से आवेदन आमंत्रित हैं।

आवश्यक अर्हताएं :- अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर उपाधि। - अंग्रेजी भाषा शिक्षण में कम से कम एक वर्ष का अनुभव। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप पर जो म.प्र. एजुकेशन वेवपोर्टल (**www.educationportal.mp.gov.in**) की वेबसाइट पर उपलब्ध है, समस्त पूर्तियां कर शैक्षणिक योग्यता व अनुभव प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ उचित माध्यम द्वारा कार्यालय, संचालक, आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान, पुस्तक भवन, वी विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 में **दिनांक 30.04.2020 तक** कार्यालयीन समय में प्रेषित करें। अग्रेषित आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित Scan कर संस्थान के Email पर भी भेजे जा सकते हैं। आवेदक की आयु 1 जुलाई 2020 को 50 वर्ष से अधिक न हो।

संचालक
जी-23900/43761/2020 आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान, भोपाल

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.)

ई-मेल :- apdpiuindore@gmail.com, फैक्स :- 0731-2491433

क्र. एफ -1/2020/सामान्य/ए.पी.डी./एनआईटी-07/759 इन्दौर, दिनांक 11.03.2020

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 07/2020

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, पीआईयू परिक्षेत्र इन्दौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., म.प्र. द्वारा दिनांक 01.08.2014 से प्रभावशील एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि तक संशोधित, निर्धारित तिथि (Key-Date) अनुसार के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. गंधवानी जिला धार में एकलव्य स्कूल कन्या शिक्षा परिसर में 250 सीटर छात्रावास एवं 8 क्लास रूम का द्वितीय तल पर निर्माण कार्य।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पी.ए.सी. रु. लाख में)	अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2020_PWPIU_83614_1	धार	695.48	6,95,480/-	20,000/-	14

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. लोक निर्माण विभाग पीआईयू धार में विभिन्न स्थानों पर वाह्य विद्युतीकरण ट्रान्सफार्मर एवं एरिया लाईट का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_83541_1	धार	50.00	50,000/-	10,000/-	3

क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. धार जिला धार में एकलव्य स्कूल कन्या शिक्षा परिसर में 250 सीटर छात्रावास एवं 8 क्लास रूम का द्वितीय तल पर निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_83564_1	धार	695.48	6,95,480/-	20,000/-	14

क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. मनावर जिला धार में ट्राइबल सीनियर बालिका छात्रावास भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_83557_1	धार	192.00	1,92,000/-	12,500/-	12

निविदा संबंधी तिथियां (Key-Dates) :-

1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि	-	**12.03.2020**
2. विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि	-	**16.03.2020**
3. विड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	-	**04.04.2020**
4. विड खोलने की तिथि	-	**07.04.2020**

अतिरिक्त परियोजना संचालक
जी-24018/43766/2020 लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., इन्दौर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड सरदारपुर जिला धार (म.प्र.)
दूरभाष : 07296-245865, ई-मेल : eephedsardha@mp.gov.in

नि.सू.क्र. 24/19-20 धार, दिनांक 18.02.2020

निविदा सूचना

निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाउं ई-टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत आमंत्रित किये जाने हेतु विभागीय इंटरनेट साईट पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** पर निर्धारित प्रक्रिया संपादित की गई है।

कार्य का विवरण :- सर्वे एवं इन्वेगेस्टीगेशन डिजाइन प्रदाय और स्थापना सबमर्सिवल/सेन्ट्रीफ्युगल मोटर पंप की स्थापना, 30 कि.ली. सम्पवेल, 125 कि.ली. आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी 12 मीटर ऊंचाई निर्माण, मुख्य पाईप लाईन और वितरण नलिकाएं पाईप लाईन जोड़ना, विछाना, घरेलु नल कनेक्शन, पंप हाउस का निर्माण, उच्च स्तरीय टंकी के आसपास साइट विकास और स्रोत पर विजली के कनेक्शन और 45 दिनों के परीक्षण और चलाने के साथ सभी सामग्री और श्रम की लागत सहित कार्य संपादित करना, धार जिले के विकासखंड सरदारपुर के ग्राम मोरगांव में पाइप जल प्रदाय योजना का संचालन और संधारण अवधि 24 महीने सहित।

सिस्टम टेण्डर क्र.	ठेके की अनु. लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदारों की श्रेणी	निविदा ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि
2020_PHED_80579	84.71	84710/-	10000/-	6 माह वर्षाकाल सहित	म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन	18.03.2020 सायं 17.30 बजे तक

कार्य का विवरण :- धार जिले के विकासखण्ड सरदारपुर के ग्राम घटोदा में 6 एम.एम. व्यास के 20 मीटर गहराई सेनेटरी कुआ निर्माण कार्य।

2020_PHED_80562	7.44	14900/-	2000/-	4 माह वर्षाकाल सहित	म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन	18.03.2020 सायं 17.30 बजे तक

नोट :- निविदा प्रपत्र सिर्फ उपरोक्त इंटरनेट साईट पर ऑनलाइन पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेविट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अकाउण्ट एवं आय.टी.जेड. कैश कार्ड के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं।
विस्तृत निविदायें एवं अन्य विवरण उपरोक्त लिखित पोर्टल पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
जी-23994/43764/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड, सरदारपुर जिला- धार (म.प्र.)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर

क्रमांक/16898/01/2017/लेखा दिनांक : 03.03.2020

निविदा सूचना

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग कार्यालय के उपयोग हेतु दो वाहन चालक मासिक दर पर अधिकतम एक वर्ष हेतु आउटसोर्स के माध्यम से उपलवध कराने का अनुबंध किये जाने हेतु पंजीकृत संस्थाओं से **दिनांक 26.03.2020 तक** निविदा (अपरान्ह 5:00 वजे तक) आमंत्रित की जाती है।

2. निविदा की शर्तें व आवेदन पत्र कार्यालय के एमपीपीएससी की वेवसाइट से प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाएं **27.03.2020 को दोपहर 12:00 बजे** आयोग कार्यालय में खोली जायेगी।

नोट :- अनुसूचित जाति एवं जनजाति संवर्ग के निविदाकर्ता को प्राथमिकता दी जायेगी।

(एन.के. चन्दवाड़ा)
जी-23846/43758/2020 अवर सचिव

मोबाइल एप्स डेवलपमेंट तथा डिजाइनिंग में बढ़ रहे हैं कॅरियर के अवसर

आज से कोई 10-12 साल पहले तक जो काम कम्प्यूटर पर वेबसाइट्स के माध्यम से किए जाते थे, आज वही सारे काम स्मार्टफोन के माध्यम से किए जाने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि मोबाइल से वेबसाइट रिलेटेड कोई कार्य करने के लिए वेबसाइट का स्वरूप ज्यादा अनुकूल नहीं होता है, क्योंकि मोबाइल की स्क्रीन छोटी होती है। ऐसे में मोबाइल के लिए एप की अवधारणा सामने आई, ताकि एप्लिकेशन के जरिए मोबाइल पर सूचनाएँ तथा सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। मोबाइल पर केंद्रित होने के कारण एप्स की पूरी डिजाइन ही ऐसी बनाई जाती है, जिससे मोबाइल की छोटी स्क्रीन पर भी अधिकतम सुविधाएँ दी जा सकें। वहीं, मोबाइल एप्स आने से रोज़गार की संभावनाएं भी तेजी से बढ़ी हैं, क्योंकि यह वेबसाइट से कहीं ज्यादा बड़ा मार्केट है। इसकी पहुँच भी ज्यादा है।

एप्स मार्केट डाटा से जुड़ी वैश्विक रिसर्च कंपनी एप एनी द्वारा हाल ही में जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत इस समय एप्पल आईओएस और गूगल एंड्रायड एप डेवलपमेंट के क्षेत्र में दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ मार्केट है। जिसने युवाओं के लिए कॅरियर के नए-नए द्वार खोल दिए हैं। इसी प्रकार आईटी कॅरियर फाइंडर के द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में 2020 तक 70 प्रतिशत लोगों के पास स्मार्टफोन होगा। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मोबाइल एप्स डेवलपमेंट एंड डिजाइनिंग के क्षेत्र में रोज़गार के कितने बेहतर अवसर हैं।

तेजी से बढ़ रहा है मोबाइल एप्लीकेशन मार्केट

गौरतलब है कि भारत में स्मार्टफोन के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल के साथ ही मोबाइल एप्स यानी मोबाइल एप्लीकेशन्स का मार्केट भी तेजी से बढ़ रहा है। एप्स की मदद से लोगों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ आज उनके मोबाइल पर ही मिल रही हैं। आजकल घर बैठे मोबाइल एप से बैंक अकाउंट से पैसों का लेनदेन कर सकते हैं। बिना किसी मदद के घर बैठे अपना टैक्स भर सकते हैं। अपनी आवश्यकता के अनुसार उत्पादों की खरीदारी जैसे सैकड़ों कार्य कर सकते हैं। वर्तमान समय में इंटरनेट का तीव्र गति से विकास हो रहा है तथा इंटरनेट लोगों के जीवन का एक अहम हिस्सा बनता जा रहा है। इंटरनेट पर इस समय करोड़ों एप्स अस्तित्व में हैं। इसके जाल में हर बिजनेस हाउस, हर इंस्टीट्यूट यहाँ तक कि हर छोटा-बड़ा व्यापारी एवं सेवा प्रदाता अपनी एक जगह चाहने लगा है।

किसी कंपनी की एप को वर्तमान समय में उस कंपनी का डिजिटल बिजनेस कार्ड भी कहा जाने लगा है, क्योंकि किसी भी कंपनी पर ऑनलाइन कस्टमर की निगाह सबसे पहले उसकी एप पर ही जाती है। इस लिहाज से एप डेवलपर का काम और ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो जाता है। अतः इस क्षेत्र में उसे अपनी पूरी रचनात्मक प्रतिभा का उपयोग करना होता है, ताकि एक एप्स डेवलपर के तौर पर वह अपने काम से एप के ऑनर को भी खुश कर सके और उस एप को इंटरनेट पर भारी प्रमोशन भी मिले। एक अच्छा एप्स डेवलपर इन बातों का ध्यान रखते हुए आकर्षक एवं प्रभावशाली एप्स डिजाइन करता है। एप डेवलपमेंट कार्य का मूलमंत्र 'कीप इट सिम्पल एंड शॉर्ट' है।

टेक्नोलॉजी फ्रेंडली और बिजनेस माइंडेड हो उम्मीदवार

एक सफल मोबाइल एप डेवलपर बनने के लिए उम्मीदवार का टेक्नोलॉजी फ्रेंडली होना तथा बिजनेस माइंडेड होना जरूरी है। तेजी से बदल रहे मार्केट की जरूरतें समझना भी जरूरी होता है। एप डेवलपमेंट एंड डिजाइनिंग एक ऐसा ही कॅरियर है, जो खूबसूरत और उपयोगी एप्स बनाने की प्रोफेशनल स्किल डेवलप करता है। एप डेवलपमेंट एवं डिजाइनिंग एक कला है और कला के लिए रचनात्मकता, कल्पनाशीलता तथा नए प्रयोग करते रहने की ललक का होना नितांत आवश्यक है। परिश्रम, लगन तथा धैर्य दूसरे जरूरी गुण हैं, क्योंकि कभी-कभी एप्स के लिए एक छोटा-सा कोड डिजाइन करने में तीन से छह घंटे का समय भी लग जाता है। सुलझी हुई मानसिकता तथा रंग और प्लेसिंग के सौंदर्य की परख इस फील्ड में एक वरदान की तरह है। एप डेवलपमेंट एंड डिजाइनिंग के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण संस्थान अलग-अलग न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का निर्धारण करते हैं।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि साइंस विषयों से पढ़ाई करने वालों के लिए मोबाइल एप्स डेवलपमेंट का क्षेत्र ज्यादा अनुकूल है, परंतु डिजाइनिंग तथा कोडिंग में अपनी स्किल बढ़ाकर अन्य बैकग्राउंड के विद्यार्थी भी इस क्षेत्र में अपना बेहतर कॅरियर बना सकते हैं। सामान्यतः बारहवीं के उपरांत एप्स डेवलपमेंट एंड डिजाइनिंग का कोर्स किया जा सकता है। इस समय एप डेवलपमेंट का प्रशिक्षण देने वाले कई संस्थान अगल-अलग कोर्स पैकेज दे रहे हैं इसलिए यह आवश्यक है कि कोर्स की सामग्री तथा संस्थान की विश्वसनीयता को ध्यान में रखकर ही सही संस्थान का चयन किया जाए।

अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर डेवलप होते हैं एप

एप्स डेवलपर्स की बढ़ती डिमांड को देखते हुए वर्तमान में सूचना प्रौद्योगिकी कॉलेजों के अलावा कई अन्य संस्थानों में एप्स डेवलपमेंट से संबंधित शॉर्ट टर्म या डिप्लोमा कोर्स कराए जा रहे हैं। इसमें तीन महीने का एडवांस्ड ट्रेनिंग कोर्स भी कराया जाता है, जिसमें एंड्रॉयड, आईओएस और विंडोज पर यूज होने वाला मोबाइल एप्लिकेशन बनाना सिखाया जाता है। मोबाइल एप्स डेवलपिंग तथा डिजाइनिंग का कोर्स आसानी से ऑनलाइन माध्यम से भी कर सकते हैं। इसके लिए गूगल भी कोर्स ऑफर कर रहा है। एंड्रॉयड एप्स डेवलपर बनने के लिए इस कोर्स की फीस जमा करके आप गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से एंड्रॉयड डेवलपमेंट की ऑनलाइन स्टडी कर सकते हैं। बहरहाल, डिजाइनिंग और कोडिंग सीखकर आप इस फील्ड में आसानी से एंट्री पा सकते हैं। जो युवा कल्पनाशील प्रवृत्ति के हैं, कुछ अलग सोचने की क्षमता रखते हैं और फिर उस सोच को एक आकर्षक डिजाइन में परिवर्तित करना जानते हैं, उनके लिए एप्स डेवलपमेंट एंड डिजाइनिंग में अच्छे अवसर हैं।

उल्लेखनीय है कि सभी मोबाइल एप अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर डेवलप होते हैं, जैसे-फ्लैश, जावा, सीएसएस, पायथोन आदि। अब यह आप पर निर्भर है कि इनमें से किस प्लेटफॉर्म पर आप एप्स डेवलप करना चाहते हैं। इसके लिए अपनी स्किल, रुचि और क्षमता के अनुसार प्लेटफॉर्म चुना जाना चाहिए। एप्स डेवलपर बनने के लिए उम्मीदवार को प्रोग्रामिंग भाषाओं सी, सी प्लस प्लस, ऑब्जेक्टिव सी, एक्सएएमएल, जावा तथा एचटीएमएल-5 में कुशल होना आवश्यक है। एप्स डेवलप करने के लिए लगातार अभ्यास करते रहने की भी जरूरत होती है। मार्केट के अनुसार अपडेट रहना भी आवश्यक होता है।

इंटर्नशिप करके ले सकते हैं एक्सपीरियंस

एप्प डेवलपमेंट का सर्टिफिकेट प्रोग्राम करने के बाद किसी एप्स डेवलपमेंट कंपनी में इंटर्नशिप करके एक्सपीरियंस लिया जा सकता है। इसके बाद किसी स्टार्टअप या एप्स बनाने वाली कंपनी में जॉब कर सकते हैं। मोबाइल एप्लिकेशन किसी विशेष मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम जैसे कि गूगल एंड्रॉयड या एप्पल आईओएस के लिए लिखा जाता है या उन्हें मोबाइल वेब आधारित एप के रूप में भी विकसित किया जा सकता है और उन्हें चलाने के लिए ब्राउज़र की आवश्यकता होती है। एक एप डेवलपर एक सॉफ्टवेयर प्रोग्रामर या इंजीनियर होता है जो एक या अधिक मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम और डिवाइसों पर प्रोग्राम डिजाइन कर सकता है, विकसित कर सकता है और परीक्षण कर सकता है। जहाँ तक रोज़गार के अवसरों की बात की जाए तो प्रतिदिन नई-नई एप्स अस्तित्व में आ रही हैं। यही नहीं यूजर्स भी अपने पसंदीदा विषयों की जानकारी के लिए एप्स को एक बेहतर माध्यम के रूप में आँकते हैं और उसका उपयोग करते हैं। इसलिए स्पष्ट है कि बढ़ती एप्स की संख्या तथा यूजर्स की बढ़ती संख्या से इस क्षेत्र में युवाओं के लिए काम ही काम है। यहाँ खुद को साबित करने के ढेरों अवसर उपलब्ध हैं। वर्तमान समय में सबसे ज्यादा एप्स गूगल के एंड्रॉयड प्लेटफार्म पर रन हो रही हैं। इसलिए जॉब्स के मौके भी एंड्रॉयड प्लेटफॉर्म पर ज्यादा हैं। एप्स डेवलपमेंट एंड डिजाइनिंग कोई 10 से 5 का जॉब नहीं है। आप इस काम को घर बैठकर भी अंजाम दे सकते हैं इसके लिए आप में काम करने की लगन होनी चाहिए। जहाँ तक एप्स डेवलपरों को मिलने वाले वेतन की बात की जाए तो पर्सनल स्किल तथा संस्था की साख के आधार पर अच्छा वेतन मिलता है। दूसरे सॉफ्टवेयर्स का ज्ञान और डिजाइनिंग की क्वालिटी के आधार पर वेतन बढ़ता जाता है। आज ढेरों छोटी-बड़ी कंपनियाँ एप डेवलपमेंट का काम करने लगी हैं, लोगों के लिए एप्स बना रही हैं, जिससे इन कंपनियों में एप्स डेवलपरों तथा डिजाइनरों की आवश्यकता भी बहुत बढ़ी है। इसके अलावा कई निजी संस्थान और प्रतिष्ठान भी एप्स डेवलपमेंट के लिए अपने यहाँ एप डेवलपरों को रखते हैं। इस क्षेत्र में अभी सबसे अधिक रोज़गार के अवसर मोबाइल ऑपरेटर, मोबाइल डेवलपमेंट एप्लिकेशन कंपनियों और वैल्यू एडेड सर्विसेज देने वाली कंपनियों में हैं, जहाँ मोबाइल यूआइ डिजाइनर, यूजर एक्सपीरियंस एण्ड यूजेबिलिटी एक्सपर्ट एवं कोडिंग एक्सपर्ट के रूप में एप्स डेवलपर काम कर सकते हैं। इसके अलावा, इस क्षेत्र में कंटेंट प्रोवाइडर के रूप में भी अवसर हैं, जो एप्स के लिए कंटेंट उपलब्ध कराते हैं। एक एप डेवलपर को कॅरियर की शुरुआत में ही 25 हजार से 50 हजार रुपये तक मासिक सैलरी मिल जाती है। आगे चलकर अनुभव बढ़ने के साथ अच्छी कंपनियों से जुड़कर और अच्छी सैलरी प्राप्त कर की जा सकती है। घर बैठे दूसरी कंपनियों के लिए एप्स डेवलप करके भी अच्छी कमाई की जा सकती है।

एप डेवलपमेंट एंड डिजाइनिंग से संबंधित पाठ्यक्रम कराने वाले देश के प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, दिल्ली।
- डी.वाय. पाटिल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, पुणे।
- एसआरएम यूनिवर्सिटी, तमिलनाडु।
- गुजरात, यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद।

इसके अलावा भी देश के कई संस्थानों में इससे संबंधित कोर्स उपलब्ध हैं।

- श्रीमती मीना भंडारी
(लेखिका, सुप्रसिद्ध कॅरियर काउंसलर हैं)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खरगोन

फोन नं. : 07282-231402, eephedkhr@nic.in

क्रमांक 552/निविदा/2020 खरगोन, दिनांक : 03.03.2020

निविदा सूचना क्रमांक 62/2019-20 (तृतीय आमंत्रण)

कार्य का विवरण :- खरगोन जिले के विभिन्न विकासखण्डों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में स्थापित नलकूप पर सिंगलफेस पंप स्थापना कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल द्वारा जारी यू.एस.ओ.आर. जो दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील है एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक संशोधित दरें लागू होंगी। निविदा एपेंडिक्स "2.10" पर ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल (**http://www.mptenders.gov.in**) पर आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम टेंडर नं.	ग्राम/विकासखण्ड का नाम	कार्य की अनु. लागत रु. लाख में	धरोहर राशि (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी नवीन पंजीयन अंतर्गत
1.	2020_PHED_82565_1	खरगोन/सेगांव/गोगांवा/भगवानपुरा	3.01	6012/-	2000/-	12 माह	नवीन केंद्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीयन
2.	2020_PHED_82568_1	बड़वाह महेश्वर	1.50	3006/-	1000/-		
3.	2020_PHED_82575_1	कसरावद	0.60	1202/-	1000/-		
4.	2020_PHED_82579_1	भीकनगांव/झिरन्या	3.01	6012/-	2000/-		

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) क्रय कर ऑनलाइन बिड सबमिट की जा सकती है। बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 17.03.2020 तक निर्धारित हैं। विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

कार्यपालन यंत्री
जी-23849/43759/2020 लोक स्वा. यांत्रिकी खण्ड खरगोन

कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) जिला अनूपपुर (म.प्र.)

ई-मेल : twelfareanu-mp@mp.nic.in

क्रमांक/ज.जा.का.वि./निर्माण/टेन्डर/2019-20/583 अनूपपुर, दिनांक : 06.03.2020

द्वितीय ई-निविदा विज्ञप्ति

निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार/फर्म के लिये अभिलेख जिसे ऑफ लाइन एवं ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है। अभिलेख निर्धारित समय अवधि में जमा न करने पर ठेकेदार की निविदा नहीं खोली जायेगी। या मान्य नहीं की जायेगी। तकनीकी बिड खोलने पर योग्य पाये जाने वाले ठेकेदार की ही ऑनलाइन निविदायें खोली जायेगी।

अभिलेखों की सूची

1. अमानत राशि ऑनलाइन जमा की जायेगी जो प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर के नाम देय हो।
2. लोक निर्माण विभाग के नवीन पंजीकृत व्यवस्था के तहत पंजीयन की प्रति।
3. आयकर विभाग द्वारा जारी पैनकार्ड की छायाप्रति।
4. जी.एस.टी. पंजीयन।
5. निविदा प्रपत्र के अनुलग्न 'एच' (as per annexure - H or organizational details) भरकर संलग्न करना होगा।
6. रु. 50 के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर (10/- नोटेरियल टिकट सहित) मूल शपथ पत्र जो निविदा प्रपत्र के अनुलग्नक बी (as per annexure - B) प्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
7. ईपीएफ की पंजीयन की छायाप्रति।

शर्तें

1. निविदा दिनांक 30.03.2020 को प्रातः 10.30 बजे के पश्चात कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अनूपपुर में खोली जावेगी।
2. यदि निविदा प्राप्त होने या खोलने का दिवस शासकीय अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही सम्पादित की जावेगी।
3. अस्पष्ट दर टेन्डर फार्म शर्तों सहित वगैर धरोहर राशि का टेन्डर फार्म स्वीकार नहीं किया जावेगा।
4. निविदा में किसी भी प्रकार की विवाद आदि की स्थिति में जारी कर्ता अधिकारी का निर्णय मान्य होगा।
5. ऑफलाइन अभिलेखों के लिफाफे कार्यालय एकलव्य आदर्श विद्यालय अनूपपुर में **दिनांक 28.03.2020 को सायं 5.30 तक** स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पोस्ट से प्राप्त किये जावेंगे। विलंब से प्राप्त लिफाफों को अमान्य कर दिया जावेगा।
6. शेष अनिवार्य सभी शर्तें पोर्टल ऑनलाइन **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

कलेक्टर
जी-23866/43760/2020 जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

सामयिकी

सऊदी अरब ने

काबा के चारों ओर के क्षेत्र को फिर से खोला

सऊदी अरब ने मक्का की जामा मस्जिद में पवित्र काबा के चारों ओर के क्षेत्र को फिर खोल दिया है। इस इलाके को पिछले दिनों कोरोना वायरस फैलने से रोकने के लिए उठाये गए कदमों के तहत बंद कर दिया गया था।

सऊदी अधिकारियों ने धार्मिक यात्रा उमरा भी कोरोना संक्रमण के चलते बंद कर दी थी। इसके दौरान जायरीन काबा का सात बार चक्कर लगाते हैं।

उल्लेखनीय है कि प्राधिकारियों ने ढांचे के आस पास के क्षेत्र को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया था।

अफगानिस्तान के राष्ट्रपति

अशरफ गनी ने तालिबानी कैदियों को रिहा करने का दिया आदेश

अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने तालिबान कैदियों को रिहा करने की बात मानते हुए शपथ के बाद आदेश-पत्र

- **कैदियों की रिहाई पिछले महीने अमेरिका और तालिबान के बीच हुए शांति समझौते का हिस्सा है।**
- **अमेरिका और तालिबान के बीच दोहा में शांति समझौता हुआ था।**
- **पहले चरण में 1500 तालिबानी रिहा किए जाएंगे।**

पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। हालांकि अभी अफगानिस्तान सरकार ने इन कैदियों के पुनर्वास व्यवस्था पर कोई जानकारी नहीं दी है।

ज्ञात रहे कि अशरफ गनी ने अफगानिस्तान के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के दूसरे दिन ही तालिबान कैदियों की रिहाई के लिए आदेश दे दिया था। उन्होंने काबुल स्थित राष्ट्रपति भवन में दूसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली। शपथ के दौरान ही दो धमाके हुए।

कैदियों की रिहाई के बारे में घोषणा करते हुए गनी के प्रवक्ता सेडिक सेदिक्की ने कहा कि तालिबान और अफगान सरकार के बीच बातचीत की शुरुआत के लिए तैयार हुए एक स्वीकृत ढांचे के मुताबिक ही रिहाई संभव होगी।

ज्ञात रहे कि गनी ने पहले रिहा करने की तालिबान की मांग को खारिज कर दिया था। तालिबान ने अफगान सेना पर पिछले कुछ समय में काफी हमले किए थे। गत 29 फरवरी को अमेरिका और तालिबान ने कतर में लंबे समय से प्रतिक्षित शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें 5,000 तालिबानी कैदी जेल से रिहा करने की बात कही गई है।

हैरी और मेगन

शाही सदस्य के तौर पर समारोह में आखिरी बार होंगे शामिल

प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन लंदन में होने वाले शाही समारोह में आखिरी बार महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के साथ

औपचारिक कार्यक्रम में शाही परिवार के सदस्य की हैसियत से शामिल होंगे। वे ड्यूक और डचेज ऑफ ससेक्स वेस्टमिंस्टर अबे में राष्ट्रमंडल दिवस समारोह में शामिल होंगे। मार्च के अंत में अपनी शाही उपलब्धियां छोड़ने से पहले यह उनका आखिरी औपचारिक कार्यक्रम होगा। इसके बाद वे महारानी का प्रतिनिधित्व नहीं करेंगे और कनाडा में स्वतंत्र जीवन शुरू करेंगे।

नदीन डॉरिस

ब्रिटेन की स्वास्थ्य मंत्री कोरोना वायरस से संक्रमित

ब्रिटेन की स्वास्थ्य मंत्री नदीन डॉरिस कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गयी हैं। वे कोरोना से लड़ने के लिए कानूनी प्रावधानों

- **स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह कहाँ और कैसे कोरोना वायरस के संपर्क में आयीं।**

को तैयार करने में मदद करने वाली ब्रिटेन की पहली राजनेता हैं, जिन्हें COVID-19 संक्रमण हुआ है।

कंजरवेटिव सांसद नदीन ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि उनका कोरोना टेस्ट पॉजिटिव आया है। ज्ञात रहे कि जिस दिन उनका टेस्ट पॉजिटिव आया उसी दिन उन्होंने उस कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे कोरोना वायरस को नोटिफाइबल बीमारियों की सूची में शामिल किया गया था। नदीन को कोरोना की पुष्टि होने के बाद माना जा रहा है कि ब्रिटेन की संसद स्थगित कर दी जाएगी। ब्रिटेन में अभी तक 373 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं, जबकि 6 लोगों की मौत हो चुकी है।

कनाडा के वैज्ञानिकों का दावा - प्लास्टिक पचा सकती हैं इल्लियां

एक पत्रिका में प्रकाशित एक नये अध्ययन में सामने आया है कि इल्लियों में प्लास्टिक पचाने की क्षमता होती है। इस शोध से धरती पर प्लास्टिक समस्या का समाधान पाने की नयी उम्मीद जगी है।

कनाडा की ब्रैंडन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने यह खुलासा किया है कि वैक्स मोथ नाम की इल्ली के पेट में पाये जाने वाले जीवाणु प्लास्टिक को पचाने में मददगार होते हैं।

वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि वे इल्ली के पाचन तंत्र से उस रसायन को निकाल लेंगे जो प्लास्टिक को पचाने में सक्षम है फिर इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन कर प्लास्टिक के नष्ट न होने की समस्या का समाधान भी कर लेंगे।

ब्राजील और वेनेजुएला के बीच बढ़ा तनाव

ब्राजील ने वेनेजुएला से अपने सभी राजनायिकों और अधिकारियों को वापस बुला लिया है। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के चलते दोनों ही देश अपने अधिकारियों को अपने देश वापस लौटने के आदेश दे रहे हैं, इसे भविष्य में बड़ी घटना के हो जाने के तौर पर देखा जा रहा है। ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो कट्टर वामपंथी मादुरो को तानाशाह करार दे चुके हैं और बदले में मादुरो उन्हें फासीवादी कह चुके हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार चार राजनयिकों और 10 अधिकारियों को ब्राजील के दूतावास से और वेनेजुएला के वाणिज्य दूतावास से वापस बुलाया गया है।

ज्ञात रहे कि ब्राजील उन 50 से अधिक देशों में शामिल हैं, जिन्होंने वेनेजुएला के विपक्षी नेता जुआन गुइदो के कार्यवाहक राष्ट्रपति के दावे को मान्यता दी है।

संविधान में बदलाव के लिए रूस में लाया गया प्रस्ताव

रूस की संसद के निचले सदन में 27 साल पुराने संविधान को बदलने का प्रस्ताव लाया गया। अगर यह प्रस्ताव बहुमत से पारित हो जाता है तो पुतिन 2036 तक रूस के राष्ट्रपति बने रहेंगे।

67 वर्षीय पुतिन ने साल 2000 में पहली बार रूस के राष्ट्रपति का पद संभाला था, जिसके बाद से वह लगातार सत्ता में बने हुए हैं। ज्ञात रहे कि कानूनविदों से लगातार सलाह लेने के बाद ही संसद के निचले सदन ड्यूमा में यह प्रस्ताव लाया गया है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि वे रूस की प्रगति के लिए सत्ता में स्थिरता बनाए रखना चाहते

- **रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि वे उस कानून का समर्थन करेंगे, जिसके लागू होने पर उन्हें 2024 में राष्ट्रपति के रूप में पाँचवें कार्यकाल की अनुमति मिलेगी।**

हैं। ड्यूमा में यूनाइटेड रशिया पार्टी बहुमत में है, इसलिए माना जा रहा है कि पुतिन को राष्ट्रपति बनाए रखने वाला प्रस्ताव पास हो जाएगा। अगर यह प्रस्ताव पारित होता है तो पुतिन को छह-छह साल के लिए दो कार्यकाल पूरा करने का मौका मिल जाएगा। हालांकि मौजूदा संविधान के मुताबिक पुतिन 2024 में राष्ट्रपति का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। संविधान के मुताबिक कोई भी शख्स लगातार दो बार से ज्यादा राष्ट्रपति पद पर नहीं रह सकता है। इसलिए पुतिन ने अपनी विश्वस्त साथी सांसद वेलेंतीन तेरेशकोवा की ओर से लाए गए प्रस्ताव पर अपनी सहमति प्रकट की है।

नासा ने अंतरिक्ष में उगाई पोषक युक्त सब्जी

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के वैज्ञानिक और अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष में पोषक युक्त सब्जी को उगाने में सफलता प्राप्त कर ली है। वैज्ञानिकों के अनुसार अंतरिक्ष में उगाई गई लेटस में धरती की तुलना में पोटेशियम, सोडियम, जिंक जैसे पोषक तत्व ज्यादा पाए गए हैं। इस सब्जी को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर सेरामिक मिट्टी और रेड लाइटिंग युक्त बंद बक्सों में उगाया गया। पानी देने के लिए सीरिंज का इस्तेमाल किया गया। यह सब्जी 33 से 56 दिनों के बीच उग कर तैयार हुई। इसे उगाने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने इसका स्वाद चखा और इसे पृथ्वी पर वापस डीप फ्रीजर में रखकर ले आए। नासा इस सफलता के बाद अब अंतरिक्ष में टमाटर और फलदार सब्जी उगाने की कोशिश करेगा। नासा का मानना है कि अंतरिक्ष में सब्जियां उगाना जरूरी है, ताकि आगे लंबे समय तक के मिशन किए जा सकें। इससे अंतरिक्ष यात्री पैकेज्ड फूड के अलावा वहां खुद सब्जियां उगाकर खा सकेंगे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

चर्चा में

सीमा वर्मा

कोरोना वायरस टास्क फोर्स की सदस्य बनीं

अमेरिका में कोरोना वायरस के संक्रमण से निपटने के लिये गठित व्हाइट हाउस कोरोना वायरस टास्क फोर्स में भारतीय मूल की अमेरिकी सीमा वर्मा को प्रमुख सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। अमेरिका में कोरोना वायरस की समस्या से निपटने के लिये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस टास्क फोर्स का गठन किया है।

क्यूरियोसिटी रोवर

मंगल ग्रह की पैनोरमा तस्वीर ली

नासा ने मंगल ग्रह की पैनोरमा तस्वीर जारी की है। इसे अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने ली है। इस फोटो को 1200 से ज्यादा तस्वीरों को जोड़कर बनाया गया है। नासा के मंगल मिशन पर गये क्यूरियोसिटी रोवर ने लाल ग्रह की 1.80 अरब पिक्सल की फोटो ली हैं। इसमें मंगल के खास स्थानों को स्पष्ट देखा जा सकता है। क्यूरियोसिटी रोवर की भेजी इन तस्वीरों को नासा के वैज्ञानिकों ने पिछले साल 24 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच खींचा था। इनमें मंगल ग्रह की सतह साफ नजर आ रही है।



निक वालेंडा

दहकते ज्वालामुखी के ऊपर रोप वॉक कर बनाया रिकॉर्ड

अमेरिका के 41 वर्षीय निक वालेंडा ने निकारागुआ में दहकते ज्वालामुखी मसाया के ऊपर रोप वॉक का रिकॉर्ड बनाया। इस स्टंट के लिये ज्वालामुखी के क्रेटर माउथ ऑफ हेल से 1800 फीट ऊपर रस्सी बांधी गई थी। उन्होंने क्रेटर को करीब 31 मिनट 23 सेकेंड में पार किया। निक यह स्टंट करने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गये हैं। उन्होंने ज्वालामुखी के धुएं से बचने के लिये एक गैस मास्क, हार्नेस और आँखों पर चश्मा पहना था। ज्वालामुखी से उठने वाली गर्म हवा को सहन करने के लिये निक ने विशेष जूते पहन रखे थे।

जुनिपर कोबरा-20

अमेरिका-इजराइल ने संयुक्त सैन्याभ्यास रद्द किया

जर्मनी में स्थित अमेरिकी यूरोप कमान ने बताया कि कोरोना वायरस के मद्देनजर अमेरिका और इजराइल ने अपने संयुक्त सैन्याभ्यास 'जुनिपर कोबरा-20' को शेष अवधि के लिये रद्द कर दिया है। कमान की ओर से जारी बयान के अनुसार यह फैसला कोविड-19 पर इजराइल के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी दिशा-निर्देश के आधार पर तथा सभी प्रतिभागियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से एहतियात के तौर पर लिया गया है।

एलिजाबेथ वारेन

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से बाहर हुईं

सभी चीजों के लिये अपनी योजना और आर्थिक लोकलुभावनवाद के मजबूत संदेश के साथ प्रगतिशील वर्ग की चहेती बनीं एलिजाबेथ वारेन अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिये डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार बनने की दौड़ से अलग हो गई हैं। वारेन ने उम्मीदवारी की दौड़ से अलग होने का फैसला सुपर ट्यूजडे में एक भी प्रांत में जीत हासिल नहीं करने के बाद किया। यहां तक कि वह अपने प्रांत में भी जीत नहीं हासिल कर सकीं।

संजय कुमार पांडा

तुर्की में भारत के राजदूत होंगे

वरिष्ठ राजनयिक संजय कुमार पांडा को तुर्की में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय की जानकारी के अनुसार पांडा 1991 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं। वे फिलहाल सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूत हैं। तुर्की में उनकी सेवाएं इसी माह के अंत तक शुरू हो जायेंगी।

सत्यमेव जयते
Ministry of External Affairs
Government of India
Ministry of External Affairs

अजय भूषण पांडेय

वित्त सचिव बने

वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव अजय भूषण पांडेय को वित्त सचिव बनाया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति ने पांडेय को वित्त सचिव बनाने की मंजूरी प्रदान कर दी है। उन्हें 18 फरवरी 2020 को सेवानिवृत्त हुये वित्त सचिव राजीव कुमार के स्थान पर नियुक्त किया गया है। कुमार वित्त सचिव के साथ ही वित्तीय सेवा विभाग के भी सचिव थे।

राष्ट्रीय न्यूजवायर

बंद होगा ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र न्यूजवायर

ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र न्यूजवायर बंद होने जा रहा है। यह 85 साल पहले शुरू हुआ था। इसके कर्मचारियों को बताया गया कि जून में उनकी सेवाएं समाप्त हो जायेंगी। ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) के बंद होने की घोषणा सिडनी में कंपनी के मुख्यालय में कर्मचारियों की बैठक में की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रूस डेविडसन ने इसे दुखद बताया। कंपनी ने न्यूजवायर के बंद होने की वजह डिजिटल प्लेटफॉर्म का अभूतपूर्व प्रभाव बताया।

कर्क डगलस

दान किये 444 करोड़ रुपये

तीन बार के ऑस्कर विजेता हॉलीवुड स्टार कर्क डगलस ने अपनी संपत्ति (444 करोड़ रुपये) अलग-अलग संस्थाओं में दान कर दी। हाल ही में उनकी वसीयत को दुनिया के सामने सोशल मीडिया के जरिये लाया गया है। उनके वकील ने बताया कि कर्क ने अपने पुत्र माइकल डगलस के नाम संबोधन लिखा है कि माइकल हॉलीवुड स्टार होने के साथ 300 करोड़ डॉलर की संपत्ति के मालिक हैं, इसलिये उसके नाम संपत्ति नहीं की गई है। कर्क ने लिखा कि संपत्ति जरूरतमंदों के नाम की जा रही है।

मेघा परमार और शोभित शर्मा

ऑस्ट्रेलिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर को फतह किया

दुनिया की सबसे ऊंची चोटी को फतह करने वाली मध्यप्रदेश की पर्वतारोही मेघा परमार ने ऑस्ट्रेलिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर माउंट कॉस्कियुस्को को फतह किया है। मेघा के साथ मध्यप्रदेश के शोभित शर्मा ने भी यह कामयाबी हासिल की। ऐसा करने वाले दोनों पर्वतारोही मध्यप्रदेश के पहले महिला और पुरुष पर्वतारोही बन गये हैं। दोनों ने 2 मार्च 2020 को यह सफलता हासिल की है।

कोकोनट सीड

125 साल पुराने नारियल के पेड़ से बीज हुआ तैयार

भारतीय वैज्ञानिकों ने 125 साल पुराने नारियल के पेड़ से दो बीज तैयार करने में सफलता पायी है। एक बीज 18 किलो तो दूसरा 8.5 किलो का है। कोलकाता के आचार्य जगदीशचंद्र बोस वनस्पति उद्यान में वैज्ञानिकों ने इसका प्रदर्शन किया। यह नारियल का पेड़ बहुत ही दुर्लभ है। भारत में ऐसा केवल एक पेड़ बचा था। इस तरह का पेड़ केवल प्रशांत महासागर में स्थित सेशेल्स के दो द्वीपों पर पाया जाता है। ऐसे पेड़ 1200 साल तक जिंदा रह सकते हैं और 27 किलो तक का नारियल इन पर लगता है।

प्रेस्टन कुलकर्णी

टेक्सास में 22वीं डिस्ट्रिक्ट में जीते

भारतवंशी डेमोक्रेट प्रेस्टन कुलकर्णी ने टेक्सास में 22वीं डिस्ट्रिक्ट में जीत हासिल की है। कुलकर्णी अमेरिकी विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी हैं। वे इराक, रूस, इजराइल और ताइवान जैसे देशों में सेवा दे चुके हैं। प्रेस्टन मौजूदा समय में अमेरिका हाउस ऑफ रिप्रिजेंटेटिव में शामिल चार भारतीयों में से एक और सीनेट में शामिल एकमात्र भारतवंशी हैं।

16 साइकी

नासा को मिला लोहे से बना एस्टेरॉयड

अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक ऐसा एस्टेरॉयड (छोटा तारा) खोजा है, जो पूरा का पूरा लोहे का बना है। इसमें इतना लोहा है कि अगर इसे बेचा जाये तो हर आदमी को करीब 9621 करोड़ रुपये मिलेंगे। नासा ने इस एस्टेरॉयड का नाम 16 साइकी (16 Psyche) रखा है। द टाइम्स के अनुसार 8000 क्वॉड्रिलियन पाउंड कीमत का भंडार साइकी एस्टेरॉयड में है। यह एस्टेरॉयड मंगल और ब्रहस्पति ग्रह के बीच मौजूद है।

मास्लेनित्सा

रूस में होलिका दहन जैसा पारंपरिक त्योहार मनाया गया

रूस में पारंपरिक त्योहार मास्लेनित्सा मनाया गया। लोगों ने भारत के होलिका दहन त्योहार की तरह अलाव जलाकर एक-दूसरे को बधाई दी। इसे वसंत के आगमन, परिवार से जुड़ाव और बुराई के नाश के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस बार मास्लेनित्सा की थीम भी बर्निंग ब्रिजेस यानि आपसी मतभेद या बुराइयों को जलाने से जुड़ी थी। इस दौरान लोग परिवार के साथ समय बिताते हैं, पूर्वजों को याद करते हैं और मेलों का आनंद लेते हैं। वे अलाव में पुरानी चीजों को भी जलाते हैं, जिसे नई शुरुआत और पापों को जलाने का प्रतीक माना जाता है।

स्मृति शेष

यूएन के पूर्व महासचिव पेरेज द कुइयार का निधन

संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव जेवियर पेरेज द कुइयार का निधन हो गया, वे 100 वर्ष के थे। यूएन महासचिव के अपने दो कार्यकाल (1982 से 1991) के दौरान कुइयार ने लैटिन अमेरिका, अफ्रीका, एशिया और ईरान-इराक के बीच शांति समझौते कराने में भूमिका निभाई थी।

पाकिस्तान के हास्य कलाकार अमानुल्लाह खान का निधन

पाकिस्तान के मशहूर हास्य कलाकार अमानुल्लाह खान का 70 साल की उम्र में लाहौर के एक अस्पताल में निधन हो गया। फेफड़े और किडनी की बीमारी से जूझ रहे अमानुल्लाह काफी समय से अस्पताल में भर्ती थे।

जादूगर पीसी आनंद का निधन

बीकानेर निवासी और देश के ख्याति प्राप्त जादूगर पीसी आनंद का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे कई वर्षों तक बीकानेर जादूकला केंद्र के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने देश के कई हिस्सों में आयोजित हुये मैजिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया था।

कोंकणी लेखक रिचर्ड जॉन पेस का निधन

कोंकणी लेखक एवं नाटककार रिचर्ड जॉन पेस का 51 वर्ष की उम्र में कैंसर की बीमारी से असामयिक निधन हो गया है। 'आरजेपी' के नाम से मशहूर पेस की लघु कथाएं बहुत प्रसिद्ध रही हैं। लेखन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये उन्हें कई सम्मान भी मिले हैं।

एथेलेटिक्स कोच जोगिंदर सैनी का निधन

अनुभवी एथेलेटिक्स कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता जोगिंदर सिंह सैनी का 90 वर्ष की उम्र में पटियाला में निधन हो गया। वे 1970 से 1990 के दशक के बीच कई वर्षों तक राष्ट्रीय एथेलेटिक्स टीम के कोच रहे। वे 1990 में तत्कालीन भारतीय एमेच्योर एथेलेटिक्स महासंघ के मुख्य कोच बने थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

आलस्य ही मनुष्य के शरीर में रहने वाला सबसे बड़ा शत्रु है - कौटिल्य

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

अर्थशास्त्र

1. काली क्रांति शब्द किसके उत्पादन से सम्बंधित है?
(अ) शक्कर उत्पादन
(ब) कोयला उत्पादन
(स) कच्चे तेल का उत्पादन
(द) मछली उत्पादन

2. 'ट्रायसेम' कार्यक्रम है?
(अ) ग्रामीण युवाओं को रोज़गार देने का
(ब) शहरी युवाओं को रोज़गार देने का
(स) अनुसूचित जाति के युवाओं को रोज़गार देने का
(द) उपरोक्त सभी

3. निम्न में से कौनसा कर प्रत्यक्ष नहीं है?
(अ) आयकर
(ब) संपत्ति कर
(स) वस्तु एवं सेवा कर
(द) निगम कर

4. यदि किसी कंपनी द्वारा कोई वस्तु विदेश से आयात की जाती है, तो उसे कौनसा कर देना पड़ता है?
(अ) आयकर
(ब) संपत्ति कर
(स) सीमा शुल्क
(द) कंपनी कर

5. निम्न में से कौनसा उपाय मौद्रिक नीति के अंतर्गत सर्वाधिक उपयोग किया जाता है?
(अ) खुले बाजार की क्रियायें
(ब) बैंक दर
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

6. जब केन्द्रीय बैंक खुले बाजार की क्रियायें करता है तो उसका उद्देश्य किसे विनियमित करने का होता है?
(अ) वाणिज्यिक बैंकों की उधार देने की क्षमता को
(ब) मुद्रा स्फीति की दर को
(स) सरकार की राजस्व नीति को
(द) अ और ब दोनों को

7. बैंकिंग क्षेत्र किस क्षेत्र में माना जाता है?
(अ) प्राथमिक
(ब) द्वितीयक
(स) तृतीयक या सेवा क्षेत्र
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

8. बेसेल मानक या नियम किससे संबंधित है?
(अ) बीमा क्षेत्र
(ब) बैंकिंग क्षेत्र
(स) उत्पादन क्षेत्र
(द) कृषि क्षेत्र

9. निम्न में से कौनसा उपाय मौद्रिक नीति का भाग नहीं है?
(अ) घाटे की वित्त व्यवस्था
(ब) खुले बाजार की क्रियायें
(स) बैंक दर
(द) सीआरआर (अनिवार्य रिज़र्व कोष)

10. जो व्यक्ति बाजार में प्रचलित मजदूरी दर पर कार्य करने को तत्पर होता है, लेकिन उसको काम नहीं मिलता है, तो यह किस प्रकार की बेरोज़गारी की श्रेणी में आता है?
(अ) ऐच्छिक
(ब) अनैच्छिक
(स) अनिवार्य
(द) मौसमी

11. वह बेरोज़गारी, जिसमें श्रमिक की सीमान्त उत्पादकता शून्य होती है, कहलाती है?
(अ) ऐच्छिक
(ब) अनिवार्य
(स) मौसमी
(द) प्रच्छन्न

12. विकसित देशों में कौनसी बेरोज़गारी पायी जाती है?
(अ) ऐच्छिक
(ब) अनिवार्य
(स) मौसमी
(द) संरचनात्मक

13. तकनीकी में परिवर्तन होने के कारण जो बेरोज़गारी होती है, उसे कहते हैं?
(अ) ऐच्छिक
(ब) अनिवार्य
(स) मौसमी
(द) संरचनात्मक

14. भारत में सर्वाधिक रोज़गार प्रदान करने वाला क्षेत्र है?
(अ) कृषि
(ब) उद्योग
(स) सेवा
(द) अनिश्चित

15. निम्न में से किस उद्योग में भारत में सर्वाधिक रोज़गार प्राप्त होता है?
(अ) खनन
(ब) खुदरा
(स) कपड़ा
(द) बैंकिंग

16. भारत का पहला आर्थिक सर्वेक्षण कब हुआ था?
(अ) 1958-59
(ब) 1972-73
(स) 1950-51
(द) 1980-81

17. भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड को वैधानिक शक्तियां कब प्रदान की गई?
(अ) 1958
(ब) 1972
(स) 1992
(द) 1988

18. भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड का मुख्यालय स्थित है?
(अ) मुंबई में
(ब) दिल्ली में
(स) चेन्नई में
(द) कोलकाता में

19. निम्न में से कौनसी गतिविधि तृतीयक क्षेत्र की है?
(अ) बांध का निर्माण
(ब) स्टील का उत्पादन
(स) गेहूं की फसल
(द) उपरोक्त सभी

20. निम्न में से कौनसी गतिविधि सेवा क्षेत्र में सम्मिलित नहीं है?
(अ) कानूनी सलाह
(ब) चिकित्सक की सेवायें
(स) होटल
(द) इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का उत्पादन

21. भारतीय कर प्रणाली किस प्रकार की है?
(अ) प्रगतिशील
(ब) अधोगामी
(स) आनुपातिक
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

22. 'कर आश्रय' से तात्पर्य होता है?
(अ) जब विदेशी नागरिकों को यह सुविधा दी जाती है कि उन्हें कोई कर नहीं देना है
(ब) करों की दर निश्चित करना
(स) अनुदान प्रदान करना
(द) उपरोक्त सभी

23. भारतीय कृषि क्षेत्र में किस प्रकार की बेरोज़गारी पाई जाती है?
(अ) प्रच्छन्न
(ब) स्वैच्छिक
(स) अनिवार्य
(द) संरचनात्मक

24. श्रमशक्ति में किस आयुवर्ग को लिया जाता है?
(अ) 18 से 60 वर्ष के व्यक्तियों को
(ब) 15 से 65 वर्ष के व्यक्तियों को
(स) 18 से 70 वर्ष के व्यक्तियों को
(द) 21 से 60 वर्ष के व्यक्तियों को

25. निम्न में से कौनसा उद्योग 'सर्वोदय' उद्योग के रूप में जाना जाता है?
(अ) सूचना एवं प्रौद्योगिकी
(ब) खनिज
(स) स्वास्थ्य
(द) कृषि

26. भारत में उच्चतम मानव विकास सूचकांक किस राज्य का है?
(अ) महाराष्ट्र
(ब) केरल
(स) तमिलनाडु
(द) पंजाब

27. निम्न में से कौनसी आय पर भारत में आयकर नहीं लगता है?
(अ) कृषि आय
(ब) उद्योग आय
(स) व्यावसायिक आय
(द) वेतन पर आय

28. निम्न में से कौनसा कार्य विश्व बैंक का नहीं है?
(अ) सदस्य देशों को दीर्घकालीन ऋण प्रदान करना
(ब) विनिमय दर में स्थिरता बनाना
(स) उत्पादक गतिविधियों के लिये ऋण प्रदान करना
(द) उपरोक्त सभी

29. 'आसियान' संगठन की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1961
(ब) 1963
(स) 1967
(द) 1970

30. 'आसियान' संगठन का उद्देश्य है?
(अ) निवेशकों के लिये क्षेत्र को और अधिक आकर्षक बनाना।
(ब) दक्षिण पूर्व एशिया में आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना।
(स) इस क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना।
(द) उपरोक्त सभी

31. 'सार्क' संगठन का मुख्यालय कहां पर स्थित है?
(अ) काठमांडू
(ब) मनीला
(स) नई दिल्ली
(द) इस्लामाबाद

32. भारत के कुल निर्यात में से सबसे अधिक व्यापार (निर्यात) किस देश के साथ है?
(अ) ब्रिटेन
(ब) अमेरिका
(स) पाकिस्तान
(द) दुबई

33. विश्व बैंक का दूसरा नाम है?
(अ) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(ब) विश्व व्यापार संगठन
(स) अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण व विकास बैंक
(द) उपरोक्त सभी

34. जनसंख्या वृद्धि से आर्थिक विकास की गति हो जाती है?
(अ) कम
(ब) अधिक
(स) अप्रभावित
(द) सामान्य

35. पहला मानव विकास सूचकांक किस अर्थशास्त्री ने बनाया था?
(अ) जनार्दन शर्मा
(ब) महबूब-उल-हक
(स) अमर्त्य सेन
(द) राम नायर

36. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संबंधी नीतियों को निर्धारित किया जाता है?
(अ) विश्व बैंक द्वारा
(ब) अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा
(स) संयुक्त राष्ट्र द्वारा
(द) उपरोक्त सभी

37. तीसा की भयानक आर्थिक मंदी से उबारने का श्रेय किस अर्थशास्त्री को दिया जाता है?
(अ) कीन्स
(ब) माल्थस
(स) पीगू
(द) मार्शल

38. 'गरीबी के कुचक्र' की व्याख्या किस अर्थशास्त्री ने की है?
(अ) प्रो. अमर्त्य सेन
(ब) प्रो. रैगनर नर्क्स
(स) प्रो. कीन्स
(द) माल्थस

39. भारत में 'विदेशी विनिमय कोष' किस संस्था के पास रखे जाते हैं?
(अ) भारतीय रिज़र्व बैंक
(ब) एक्सिस बैंक
(स) वित्त मंत्रालय
(द) व्यापारिक बैंक

40. कृषि एवं सम्बन्धित क्षेत्रों को सर्वाधिक ऋण वितरित करने वाला बैंक कौन सा है?
(अ) सहकारी बैंक
(ब) व्यावसायिक बैंक
(स) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
(द) इनमें से कोई नहीं

41. शहरी सहकारी बैंकों का नियंत्रण किसके पास होता है?
(अ) राज्य सरकार
(ब) भारतीय रिज़र्व बैंक
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

42. जब बुरी मुद्रा अच्छी मुद्रा को चलन से बाहर निकाल देती है, तो उस नियम को कहते हैं?
(अ) ग्रेशम का नियम
(ब) लोच का नियम
(स) परिवर्तन का नियम
(द) अनुपातों का नियम

43. पहली बार व्यावसायिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण कब किया गया था?
(अ) 1960
(ब) 1966
(स) 1969
(द) 1972

44. भारत में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा बैंक है?
(अ) आईसीआईसीआई बैंक
(ब) सिटी बैंक
(स) एचडीएफसी बैंक
(द) इनमें से कोई नहीं

45. भारतीय रिज़र्व बैंक किस बैंक के माध्यम से विदेशी व्यापार को वित्त प्रदान करता है?
(अ) आयात-निर्यात बैंक
(ब) पंजाब नेशनल बैंक
(स) भारतीय स्टेट बैंक
(द) आईसीआईसीआई बैंक

46. किस भारतीय बैंक की सबसे अधिक शाखायें हैं?
(अ) पंजाब नेशनल बैंक
(ब) भारतीय स्टेट बैंक
(स) बैंक ऑफ बड़ौदा
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

47. राजकोषीय नीति किसके द्वारा बनाई जाती है?
(अ) केन्द्रीय बैंक
(ब) केन्द्र सरकार
(स) राज्य सरकार
(द) भारतीय स्टेट बैंक

48. भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना कब हुई?
(अ) 1925
(ब) 1935
(स) 1949
(द) 1951

49. भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कब लागू हुआ?
(अ) 15 अगस्त 2016
(ब) 26 जनवरी 2017
(स) 30 जून 2017
(द) 1 जुलाई 2017

50. रोज़गार का प्रतिष्ठित सिद्धांत किसके द्वारा प्रतिपादित हुआ है?
(अ) एडम स्मिथ
(ब) जे.बी. से
(स) जे.एम. कीन्स
(द) मार्शल

उत्तरमाला

(1) स (2) अ (3) स (4) स
(5) स (6) द (7) स (8) ब
(9) अ (10) ब (11) द (12) अ
(13) द (14) अ (15) स (16) स
(17) स (18) अ (19) अ (20) द
(21) ब (22) द (23) अ (24) ब
(25) अ (26) ब (27) अ (28) ब
(29) स (30) द (31) अ (32) ब
(33) स (34) अ (35) ब (36) अ
(37) अ (38) ब (39) अ (40) ब
(41) स (42) अ (43) स (44) अ
(45) अ (46) ब (47) ब (48) ब
(49) द (50) ब

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापक हैं।)

हमेशा अच्छा नाम छोड़कर जाएं, हो सकता है कि आप पुनः जब आएं तो लोग आपके प्रति सफलता की दृष्टि रखें - केन्या की लोकोक्ति

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

भूगोल और अर्थव्यवस्था

1. सुंदर वन या मैंग्रोव वन इनमें से कहां पाये जाते हैं?
(A) कच्छ प्रायद्वीप
(B) पश्चिमी घाट
(C) कौंकट तट
(D) डेल्टाई पश्चिम बंगाल
उत्तर (D) डेल्टाई पश्चिम बंगाल

2. हीराकुंड बांध निम्नलिखित में से किस नदी पर बनाया गया है?
(A) महानदी
(B) गोदावरी
(C) कावेरी
(D) कृष्णा
उत्तर (A) महानदी

3. निम्नलिखित में से कौन सा बांध रावी नदी पर निर्मित है?
(A) भाखड़ा नांगल
(B) हीराकुंड
(C) रणजीत सागर बांध
(D) रिहन्द बांध
उत्तर (C) रणजीत सागर बांध

4. ताप विद्युत परियोजनाओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही है?
(A) कोरबा : उत्तरप्रदेश
(B) तलचेर : आंध्रप्रदेश
(C) रामगुंडम : तमिलनाडु
(D) कावास : गुजरात
उत्तर (D) कावास : गुजरात

5. सल्तोरा पर्वतमाला निम्नलिखित में से कहां स्थित है?
(A) लद्दाख में
(B) विंध्याचल के साथ
(C) काराकोरम पर्वतमाला के एक अंग के रूप में
(D) पश्चिमी घाटों के एक अंग के रूप में
उत्तर (C) काराकोरम पर्वतमाला के एक अंग के रूप में

6. निम्नलिखित में से किसके कारण गुजरात भारत में नमक का सबसे बड़ा उत्पादक है?
(A) उसके पास विस्तृत शुष्क तट हैं
(B) उसके तटों के जल में नमक की मात्रा अधिक है
(C) उसके पास विस्तृत उथले सागर हैं
(D) खारे जल से नमक का उत्पादन करने के अतिरिक्त उसके पास खनिज नमक के भंडार हैं
उत्तर (A) उसके पास विस्तृत शुष्क तट हैं

7. आंध जनजाति निम्नलिखित में से कहां पाई जाती है?
(A) अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह
(B) लक्षद्वीप
(C) दादर और नागर हवेली
(D) दमन और द्वीप
उत्तर (A) अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह

8. इजराइल किसके साथ अपनी सीमाएं साझा करता है?
(A) लेबनान, सीरिया, जॉर्डन व मिस्र
(B) लेबनान, सीरिया, तुर्की व जॉर्डन
(C) तुर्की, सीरिया, इराक व यमन
(D) साइप्रस, तुर्की, जॉर्डन व मिस्र
उत्तर (A) लेबनान, सीरिया, जॉर्डन व मिस्र

9. विक्टोरिया जलप्रपात किस नदी पर है?
(A) बोलीविया
(B) मिस्सौदी
(C) नील
(D) जैम्बेजी
उत्तर (D) जैम्बेजी

10. निम्नलिखित में से कहां ज्वालामुखी उद्गार नहीं होते हैं?
(A) काला सागर में
(B) बाल्टिक सागर में
(C) कैरेबियन सागर में
(D) कैस्पियन सागर में
उत्तर (B) बाल्टिक सागर में

11. निम्नलिखित में से कौन सा तारा पृथ्वी के सर्वाधिक समीप स्थित है?
(A) ध्रुव तारा
(B) एल्फा सेंचुरी
(C) सूर्य
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (C) सूर्य

12. केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन की स्थापना कब हुई?
(A) 2 मई 1951
(B) 3 मई 1951
(C) 2 मई 1952
(D) 3 मई 1952
उत्तर (A) 2 मई 1951

13. वर्तमान में भारत में राष्ट्रीय आय का गणना वर्ष क्या है?
(A) 2011-12
(B) 2004-05
(C) 2005-06
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (A) 2011-12

14. भारत में पंचवर्षीय योजनायें किस देश से प्रेरित है?
(A) जापान से
(B) अमेरिका से
(C) चीन से
(D) रूस से
उत्तर (D) रूस से

15. बंद अर्थव्यवस्था का क्या अर्थ है?
(A) आयात-निर्यात बंद
(B) आयात बंद
(C) निर्यात बंद
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (A) आयात-निर्यात बंद

16. वांचू समिति किससे संबंधित है?
(A) प्रत्यक्ष कर जांच से
(B) अप्रत्यक्ष कर से
(C) चीनी घोटाले से
(D) थोक मूल्य सूचकांक से
उत्तर (A) प्रत्यक्ष कर जांच से

17. ग्रेशम का नियम किससे संबंधित है?
(A) कलैट मनी प्रचलन
(B) स्मार्ट मनी प्रचलन
(C) मुद्रा के प्रचलन से
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (C) मुद्रा के प्रचलन से

18. मुद्रा आपूर्ति की सबसे तरल माप है?
(A) M_2
(B) M_1
(C) M_3
(D) M_4
उत्तर (B) M_1

19. दूसरी बार 6 अन्य व्यापारिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण कब किया गया?
(A) 15 अप्रैल 1980
(B) 15 अप्रैल 1981
(C) 16 अप्रैल 1980
(D) 14 अप्रैल 1980
उत्तर (A) 15 अप्रैल 1980

20. प्रथम तैरता ATM कहां स्थापित किया गया?
(A) केरल
(B) तमिलनाडु
(C) आंध्रप्रदेश
(D) गुजरात
उत्तर (A) केरल

21. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना कब की गई?
(A) 1965
(B) 1964
(C) 1963
(D) 1962
उत्तर (B) 1964

22. किस महाद्वीप में एक भी मरुस्थल नहीं है?
(A) ऑस्ट्रेलिया
(B) यूरोप
(C) एशिया
(D) दक्षिण अमेरिका
उत्तर (B) यूरोप

23. बरनामा किस देश की समाचार एजेंसी है?
(A) नीदरलैंड
(B) मलेशिया
(C) आइसलैंड
(D) ब्रिटेन
उत्तर (B) मलेशिया

24. भारतीय मानक ब्यूरो का मुख्यालय कहां स्थित है?
(A) कलकत्ता
(B) नई दिल्ली
(C) हैदराबाद
(D) लखनऊ
उत्तर (B) नई दिल्ली

25. कर्क रेखा भारत में निम्नलिखित में से किस राज्य से नहीं गुजरती है?
(A) गुजरात
(B) राजस्थान
(C) मेघालय
(D) मिजोरम
उत्तर (C) मेघालय

26. दक्षिण भारत का सबसे बड़ा नदी बेसिन कौन सा है?
(A) कावेरी
(B) गोदावरी
(C) कृष्णा
(D) गंगा
उत्तर (B) गोदावरी

27. $23\frac{1}{2}^{0}$ उत्तरी अक्षांश को क्या कहा जाता है?
(A) मकर रेखा
(B) भूमध्य रेखा
(C) कर्क रेखा
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (C) कर्क रेखा

28. निगम कर किसके द्वारा लगाया जाता है?
(A) केन्द्र सरकार
(B) राज्य सरकार
(C) केन्द्र व राज्य सरकार
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (A) केन्द्र सरकार

29. काशी लालिमा किसकी प्रजाति है?
(A) भिंडी
(B) आलू
(C) चावल
(D) गेहूं
उत्तर (A) भिंडी

30. संसार की सबसे बड़ी पोतवाहक नहर कौन सी है?
(A) स्वेज नहर
(B) पनामा नहर
(C) नील नहर
(D) सू नहर
उत्तर (A) स्वेज नहर

31. विश्व की सबसे व्यस्त व्यापारिक नदी कौन सी है?
(A) अमेजन
(B) नील
(C) कांगो
(D) राइन
उत्तर (D) राइन

32. विश्व व्यापार संगठन का गठन कब हुआ?
(A) 1995
(B) 1994
(C) 1996
(D) 1997
उत्तर (A) 1995

33. ओजोन परत कहां स्थित है?
(A) मध्य मंडल
(B) समताप मंडल
(C) क्षोभ मंडल
(D) आयन मंडल
उत्तर (B) समताप मंडल

34. हरा प्रकाश कौन सा ग्रह उत्सर्जित करता है?
(A) अरुण
(B) वरुण
(C) शुक्र
(D) वृहस्पति
उत्तर (B) वरुण

35. कर्क रेखा व मकर रेखा के क्षेत्र को क्या कहा जाता है?
(A) ऊष्ण कटिबंध
(B) उपोष्ण कटिबंध
(C) शीतोष्ण कटिबंध
(D) शीत कटिबंध
उत्तर (A) ऊष्ण कटिबंध

36. पृथ्वी का भूमध्यीय व्यास कितना है?
(A) 12,756 कि.मी.
(B) 12,755 कि.मी.
(C) 15,756 कि.मी.
(D) 11,756 कि.मी.
उत्तर (A) 12,756 कि.मी.

37. ऑरेन्ज नदी कहां बहती है?
(A) दक्षिण अफ्रीका
(B) उत्तर अमेरिका
(C) दक्षिण अमेरिका
(D) यूरोप
उत्तर (A) दक्षिण अफ्रीका

38. बिरसा मुंडा स्टेडियम कहां स्थित है?
(A) रांची
(B) भुवनेश्वर
(C) लखनऊ
(D) गुवाहाटी
उत्तर (A) रांची

39. डल्मा वन्य जीव अभ्यारण्य कहां स्थित है?
(A) उड़ीसा
(B) झारखण्ड
(C) महाराष्ट्र
(D) मध्यप्रदेश
उत्तर (B) झारखण्ड

40. एशियन डेवलपमेंट बैंक का मुख्यालय कहां स्थित है?
(A) जेनेवा
(B) दिल्ली
(C) मनीला
(D) वाशिंगटन डी सी
उत्तर (C) मनीला

41. गोविन्द निम्नलिखित में से किसकी प्रजाति है?
(A) धान
(B) गेहूं
(C) आलू
(D) बाजरा
उत्तर (A) धान

42. ग्रेनाइट सिटी के रूप में किसे जाना जाता है?
(A) एबरडीन
(B) रूस
(C) बीजिंग
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (A) एबरडीन

43. जनसंख्या का लघु विभाजन वर्ष किसे कहा जाता है?
(A) 1952
(B) 1921
(C) 1951
(D) 1931
उत्तर (C) 1951

44. बादल कहां अवतरित होते हैं?
(A) क्षोभ मंडल
(B) आयन मंडल
(C) मध्य मंडल
(D) समताप मंडल
उत्तर (A) क्षोभ मंडल

45. केन्द्रीय राष्ट्रीय पादप संग्रहालय कहां स्थित है?
(A) नई दिल्ली
(B) मुम्बई
(C) कोलकाता
(D) लखनऊ
उत्तर (C) कोलकाता

46. अण्डमान द्वीप के सर्वाधिक निकट कौन सा देश स्थित है?
(A) म्यांमार
(B) मलेशिया
(C) इण्डोनेशिया
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (C) इण्डोनेशिया

47. विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस कब मनाया जाता है?
(A) 26 दिसम्बर
(B) 26 नवंबर
(C) 27 नवंबर
(D) 28 दिसंबर
उत्तर (B) 26 नवंबर

48. गोपीनाथ सागर तट किस राज्य में स्थित है?
(A) आंध्रप्रदेश
(B) गुजरात
(C) तमिलनाडु
(D) केरल
उत्तर (B) गुजरात

49. दक्षिण अमेरिका के घास के मैदानों को क्या कहा जाता है?
(A) पम्पास
(B) वेल्ड
(C) कम्पास
(D) लानोस
उत्तर (A) पम्पास

50. इंदिरा आवास योजना की शुरुआत कब हुई?
(A) 1985
(B) 1986
(C) 1987
(D) 1984
उत्तर (A) 1985

- पूर्वी जैन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी विषयों पर लेखन करती हैं।)

मित्र और मित्रता के बिना जीवन कुछ भी नहीं है – मार्क्स टूल्लियस सिसेरो

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य हिन्दी

निर्देश - निम्नलिखित वाक्यों में कुछ वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं। जिस अंश में त्रुटि हो उसके अनुरूप (A, B, C) में निर्देशानुसार चिन्ह लगाइये। यदि वाक्य त्रुटि रहित है तो (D) पर चिन्ह लगाएं -

1. (A) इस कहानी में कहानी कार का उद्देश्य/(B) दहेज समस्या पर/ (C) प्रकाश डालता है/(D) कोई त्रुटि नहीं है।
2. (A) कोई भी पाठक/(B) 'रामचरित मानस' जैसा काव्य पढ़कर/(C) आनंद का आभास कर सकता है/ (D) कोई त्रुटि नहीं।
3. (A) माता-पिता का प्रणय भी/ (B) ऐसे बच्चों के प्रति स्वाभाविक है/(C) जो उनके आज्ञावर्ती होते हैं (D) कोई त्रुटि नहीं।
4. (A) यह जरूरी नहीं है/(B) कि गरीब घर में पैदा होने वाला/ (C) बालक आजन्म पर्यन्त गरीब ही रहे (D) कोई त्रुटि नहीं।
5. (A) बात कटु हो या मधुर/ (B) परन्तु यह है सत्य कि/ (C) आदमी वहीं तक जाता है जहां तक जाने की उसमें भौतिक क्षमता हो (D) कोई त्रुटि नहीं।

निर्देश :- दिए गए वाक्यों में इटेलिक शब्दों के चार-चार विकल्प दिए गये हैं। उचित विकल्प का चयन कीजिए।

6. **लोगों की दृष्टि काम पर नहीं *परिणाम* पर रहती है।**
   (A) परिमाण
   (B) प्रमाण
   (C) प्रणति
   (D) परिणति
7. **जीवन की *वास्तविकता* को पहचानने वाला व्यक्ति ही जीवन-संघर्ष में सफलता प्राप्त करता है।**
   (A) आदर्श
   (B) यथार्थ
   (C) स्वप्न
   (D) कल्पना
8. **धन के *लालच* से साधु-महात्मा भी नहीं बच सके।**
   (A) तृष्णा
   (B) लालसा
   (C) प्रलोभन
   (D) मत्सर
9. **शिक्षा मंत्रालय *मेधावी* छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करता है।**
   (A) विद्वान
   (B) विचारशील
   (C) प्रतिभाशाली
   (D) निष्ठावान
10. **ज्येष्ठ मास की तपती *दोपहरी* की धूप असहाय होती है।**
    (A) मध्यान्ह
    (B) अपरान्ह
    (C) अवसान
    (D) वातापन
11. **जयशंकर प्रसाद की 'कामायनी' की भाषा *परिष्कृत* खड़ी बोली है।**
    (A) संस्कृत
    (B) परिचित
    (C) परिमार्जित
    (D) परिव्याप्त
12. **खिला हुआ *कमल* ही सरोवर की शोभा है।**
    (A) मनसिज
    (B) सरसिज
    (C) अन्त्यज
    (D) स्वदेज
13. **दूसरों की उन्नति देखकर *ईर्ष्या* नहीं करनी चाहिए।**
    (A) डाह
    (B) स्पर्धा
    (C) प्रतिस्पर्धा
    (D) गाह

सही विकल्प का चयन करें -

14. **पाप को नष्ट करने के लिए किया गया शास्त्रानुमोदित कृत्य -**
    (A) कायाकल्प
    (B) प्रायश्चित
    (C) पाप यज्ञ
    (D) अभिमृत स्नान
15. **वह अग्नि जो वन में अपने आप लग जाती है -**
    (A) वड़वाग्नि
    (B) जठराग्नि
    (C) दावानल (दावाग्नि)
    (D) पंचाग्नि
16. **वह बालक जिसको गोद लिया गया हो -**
    (A) रेंहतुआ
    (B) दत्तक
    (C) औरस
    (D) अंकित
17. **भगवान विष्णु का भक्त -**
    (A) विष्णु भक्त
    (B) श्रीपाद
    (C) गोस्वामी
    (D) वैष्णव
18. **वह व्यक्ति जिसको भूमि के भीतर की वस्तुओं की जानकारी हो -**
    (A) भू-विज्ञानी
    (B) भूज्ञाता
    (C) भूगर्भवेत्ता
    (D) पुरातत्ववेत्ता
19. **जो बताया जा चुका हो -**
    (A) कथित
    (B) वर्णित
    (C) ज्ञापित
    (D) पूर्वकथित
20. **महल के अंदर का भाग -**
    (A) अन्तःपुर
    (B) रायन कक्ष
    (C) अन्तः कक्ष
    (D) आरक्षित स्थान
21. **जिसके विना काम न चल सके -**
    (A) आवश्यकीय
    (B) अनिवार्य
    (C) अपरिहार्य
    (D) अवश्यम्भावी

निर्देश - नीचे मुहावरे दिए गए हैं। प्रत्येक के चार विकल्प हैं उपयुक्त का चयन करें -

22. **अंगार बनना**
    (A) नाराज होना
    (B) विरोधी होना
    (C) आग लगाना
    (D) हत्या करना
23. **आस्तीन का सांप**
    (A) डंक मारने वाला
    (B) सपेरों का एक खेल
    (C) कपटी मित्र
    (D) सीधा-सच्चा व्यक्ति
24. **अपना उल्लू सीधा करना**
    (A) व्यापार में सफल होना
    (B) दूसरों को मूर्ख बनाना
    (C) बेइमानी करना
    (D) काम निकालना
25. **आवाज उठाना**
    (A) जोर से बोलना
    (B) विरोध करना
    (C) अपनी बात कहना
    (D) संगीत में एक क्रिया
26. **एक लाठी से सबको हाँकना**
    (A) व्यवहार कुशलता का अभाव
    (B) शत्रु-मित्र के मध्य भेद न करना
    (C) विवेक रहित व्यवहार
    (D) लाठी चलाने में निपुण होना
27. **किस खेत की मूली हो**
    (A) कहाँ के बहादुर आदमी हो
    (B) तुम अपने होश में नहीं हो
    (C) तुम कितना कुछ जानते हो
    (D) किसी गिनती में नहीं हो
28. **नाक में कौड़ी डालना**
    (A) बंदी बनाना
    (B) विवश कर देना
    (C) परेशान करना
    (D) अपमानित करना

निर्देश - प्रत्येक प्रश्न में शब्दों के नीचे भाषा संबंधी 4-4 विकल्प दिए गये हैं। संदर्भित शब्द किस भाषा का है।

29. **मध्यस्थ**
    (A) प्राकृत
    (B) हिन्दी
    (C) संस्कृत
    (D) फारसी
30. **घोंघा बसंत**
    (A) हिन्दी
    (B) फारसी
    (C) तुर्की
    (D) देशज
31. **अमीर**
    (A) अरबी
    (B) लैटिन
    (C) तुर्की
    (D) फारसी
32. **कमीज**
    (A) अरबी
    (B) तुर्की
    (C) पुर्तगाली
    (D) फारसी
33. **चाक**
    (A) यूनानी
    (B) तुर्की
    (C) अंग्रेजी
    (D) अरबी
34. **रिक्शा**
    (A) पुर्तगाली
    (B) फ्रांसीसी
    (C) चीनी
    (D) जापानी
35. **कर्फ्यू**
    (A) अंग्रेजी
    (B) पुर्तगाली
    (C) फ्रांसीसी
    (D) यूनानी

निर्देश - तत्सम् शब्द का चयन कीजिए -

36. (A) गोमल
    (B) गोबर
    (C) सत्तू
    (D) तीता
37. (A) चूल्हा
    (B) सौत
    (C) वाछा
    (D) युक्ति
38. (A) सुई
    (B) शलाका
    (C) आगी
    (D) फूल
39. (A) वत्स
    (B) वच्छ
    (C) खप्पर
    (D) भात
40. (A) चौदस
    (B) पुण्फ
    (C) चतुर्दश
    (D) खीर

निर्देश - तद्भव शब्द का चयन करें -

41. (A) आम्र
    (B) गोमय
    (C) सुई
    (D) चडत्थ
42. (A) प्रिय
    (B) चाट
    (C) मऊर
    (D) वचन
43. (A) आग
    (B) मथा
    (C) चतुर्थ
    (D) पुण्य
44. (A) नव
    (B) पिया
    (C) चोऊदस
    (D) चत्वारि
45. (A) मंडन
    (B) चतुर्दश
    (C) मैं
    (D) चंचु

निर्देश - प्रत्येक पुस्तक के नाम के नीचे उसके रचयिताओं के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिए -

46. **साकेत**
    (A) मैथलीशरण गुप्त
    (B) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
    (C) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
    (D) महादेवी वर्मा
47. **बीसलदेव रासो**
    (A) नरपति नाल्ह
    (B) चन्दवरदाई
    (C) जगनिक
    (D) मधुकर कवि
48. **मृगावती**
    (A) मंझन
    (B) कुतबन
    (C) जायसी
    (D) उसमान
49. **रास पंचाध्यायी**
    (A) नंददास
    (B) सूरदास
    (C) छीतस्वामी
    (D) स्वामी हरिदास
50. **मृगनयनी**
    (A) इलाचन्द्र जोशी
    (B) भगवती प्रसाद वाजपेयी
    (C) भगवती चरण वर्मा
    (D) वृन्दावन लाल वर्मा
51. **चन्द्रकांता संतति**
    (A) प्रताप नारायण साही
    (B) कार्तिक प्रसाद खत्री
    (C) देवकी नंदन खत्री
    (D) बालकृष्ण भट्ट
52. **अजातशत्रु**
    (A) लक्ष्मी नारायण मिश्र
    (B) उदय शंकर भट्ट
    (C) जयशंकर प्रसाद
    (D) वृन्दावन लाल वर्मा

उत्तरमाला

1.	C	2.	C	3.	A	4.	C
5.	C	6.	D	7.	B	8.	C
9.	C	10.	A	11.	C	12.	B
13.	A	14.	B	15.	C	16.	B
17.	D	18.	C	19.	C	20.	A
21.	B	22.	A	23.	C	24.	D
25.	B	26.	C	27.	D	28.	B
29.	C	30.	D	31.	A	32.	C
33.	B	34.	D	35.	C	36.	A
37.	D	38.	B	39.	A	40.	C
41.	C	42.	B	43.	A	44.	B
45.	C	46.	A	47.	A	48.	B
49.	A	50.	D	51.	C	52.	C

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

मध्यप्रदेश में कोरोना वायरस का अब तक कोई पॉजिटिव प्रकरण नहीं

भोपाल, मध्यप्रदेश में अब तक कोरोना वायरस का कोई भी प्रकरण पॉजिटिव नहीं है। राज्य सर्विलेंस इकाई नये दिशा-निर्देशों और परामर्श के लिये सेंट्रल सर्विलेंस इकाई, नई दिल्ली के साथ सतत सम्पर्क में है। नोवल कोरोना वायरस बीमारी की जानकारी और मार्गदर्शन के लिये राज्य-स्तर पर कॉल-सेंटर-104 को सक्रिय किया गया है, जिस पर अब तक 821 कॉल प्राप्त हो चुके हैं।

इस बीमारी से निपटने के लिये राज्य शासन द्वारा निगरानी और नियंत्रण के ठोस उपाय किये गये हैं। आज तक कोरोना वायरस से प्रभावित देशों से आने वाले 690 यात्रियों की पहचान की जा चुकी है।

इनमें से 283 यात्री उनके घरों में आइसोलेशन में रखे गये हैं, जबकि 356 यात्रियों का सर्विलेंस पूरा हो चुका है। संभावित 27 प्रकरणों के सेम्पल जांच के लिये एनआईवी, पुणे और इंदिरा गांधी शासकीय मेडिकल कॉलेज, नागपुर भेजे गये थे, जिनमें से 23 की रिपोर्ट निगेटिव आई है, जबकि 4 की रिपोर्ट आना शेष है। इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर एयरपोर्ट पर प्रभावित देशों से आने वाले 9 हजार 387 यात्रियों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

अपर संचालक, स्वास्थ्य डॉ. वीणा सिन्हा ने बताया कि संभावित कोरोना वायरस बीमारी के सेम्पल की जांच सुविधा एम्स, भोपाल और राष्ट्रीय जनजातीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआई आरटीएच) जबलपुर में उपलब्ध है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इसे अंतर्राष्ट्रीय पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया गया है। इसके मद्देनजर बीमारी की रोकथाम के संबंध में पुख्ता कदम उठाये गये हैं।

प्रदेश के नागरिकों से अपील की गई है कि वे मुँह को टिशू पेपर या रूमाल से ढकें। हाथ मिलाकर अभिवादन न करें बल्कि अभिवादन के तौर पर सिर्फ नमस्ते करें।

ताजा जानकारी के मुताबिक नोवल कोरोना वायरस बीमारी के प्रकरण विश्व के 114 देशों में दर्ज किये गये हैं। आज चीन में 31 नये प्रकरणों की तुलना में अन्य देशों में 4596 नये प्रकरण दर्ज किये गये हैं।

लोगों की नकारात्मक बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिये, हमें हमेशा सकारात्मक सोच के साथ प्रयास करते रहना चाहिये - आर्कासिस

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

आपदा प्रबंधन से संबंधित निकाय, योजना और नीति

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में निकायों, योजनाओं और नीतियों से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए "रोज़गार और निर्माण" के इस अंक में आपदा प्रबंधन से संबंधित निकाय, योजना और नीति की जानकारी दी जा रही है।

आपदा क्या है?

- किसी भी इलाके में प्राकृतिक या मानवजनित कारणों, दुर्घटना या उपेक्षा की वजह से आई ऐसी कोई महाविपत्ति, अनिष्ट, तबाही आदि जिससे मानव जीवन की भारी हानि या संपत्ति को भारी नुकसान हो वह आपदा कही जा सकती है।
- आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 2(डी) के अनुसार "आपदा" का अर्थ किसी भी क्षेत्र में प्राकृतिक या मानव निर्मित कारणों से होने वाली दुर्घटना, घटना, गंभीर घटना या लापरवाही से है जिसके परिणामस्वरूप जीवन का पर्याप्त नुकसान होता है या मानव पीड़ा या क्षति और संपत्ति का विनाश, या क्षति या पर्यावरण का क्षरण होता है तथा वह घटना ऐसी प्रकृति और परिमाण की हो जिस से उभर पाना प्रभावित क्षेत्र के समुदाय की क्षमता से परे हो।
- आपदा मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है - प्राकृतिक और मानव जनित।
- भूकंप, बाढ़, भूस्खलन, चक्रवात, सुनामी, शहरी इलाकों में बाढ़ आदि को प्राकृतिक आपदा माना जाता है।
- न्यूक्लियर, बायोलॉजिकल और केमिकल आपदाओं को 'मानव जनित आपदा' माना जाता है।

राष्ट्रीय आपदा क्या है?

- आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 में किसी भी आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है, लेकिन यदि केंद्र सरकार किसी आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करती है, तो उसे राहत और बचाव कार्य के लिए सहयोग देना पड़ता है।
- 2013 में केदारनाथ और 2014 में जम्मू-कश्मीर में बाढ़ से हुई तबाही को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया गया था।

हमने पहले हुई आपदाओं से सीख लेते हुए भविष्य में इससे बचाव और प्रबंधन के लिए नीति, योजना, अधिनियम, प्राधिकरण आदि प्रकार की तैयारियां की हैं, जिससे आपदा के प्रभाव को कम किया जा सके और समय रहते इससे निपटान के उपाय किए जा सकें, ताकि जान-माल की कम से कम हानि हो सके। इन उपायों में निम्न प्रमुख हैं -

आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005

- 26 दिसंबर 2005 को आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 अधिनियमित और अधिसूचित किया गया था।
- इस अधिनियम के तहत आपदा प्रबंधन के लिए समग्र एवं एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मुख्यमंत्रियों की अध्यक्षता में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा जिला मजिस्ट्रेटों की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्माण की कल्पना की गई है।
- अधिनियम में राष्ट्रीय कार्यकारी समिति, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की स्थापना की बात भी की गई है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (National Disaster Management Authority)

- यह भारत में आपदा प्रबंधन के लिए सर्वोच्च निकाय है।
- आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 लागू होने के बाद अधिनियम के उपबंधों के अनुरूप 2006 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया गया था।
- यह आपदा प्रबंधन के लिये नीतियों, योजनाओं एवं दिशा-निर्देशों का निर्माण करने के लिये ज़िम्मेदार संस्था है, जो आपदाओं के वक्त त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करता है।
- देश के प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष होते हैं।
- इसका उद्देश्य रोकथाम, प्रशमन, तत्परता एवं मोचन प्रेरित संस्कृति के माध्यम से एक समग्र, सक्रिय, बहु-आपदा केन्द्रित और प्रौद्योगिकी संचालित रणनीति का विकास करते हुए एक सुरक्षित तथा आपदा से निपटने में पूर्ण सक्षम भारत का निर्माण करना है।
- प्राधिकरण द्वारा एक सुरक्षित, आपदा से लड़ने के सक्षम तथा गतिशील भारत के निर्माण हेतु एक प्रौद्योगिकी-प्रेरित, सकारात्मक, बहु जोखिम निवारक तथा बहु क्षेत्रीय रणनीति अपनाकर इस संकल्प को पूरा किए जाने की योजना बनाई गई है।

प्राधिकरण विभिन्न कार्यों के लिए उत्तरदायी है, इनमें से कुछ निम्न हैं -

- आपदा प्रबंधन के विषय में नीतियां बनाना।
- राष्ट्रीय योजना को अनुमोदित करना।
- भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों द्वारा राष्ट्रीय योजना के अनुसार तैयार की गईं योजनाओं को अनुमोदित करना।
- राज्य योजना बनाने के लिए राज्य प्राधिकारियों के अनुपालन हेतु दिशानिर्देश निर्धारित करना।
- भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों या विभागों द्वारा विकास योजनाओं और परियोजनाओं में आपदा निवारण के उपायों को समेकित करने तथा आपदा के प्रभाव का प्रशमन करने के प्रयोजन के लिए अपनाए जाने वाले दिशानिर्देश निर्धारित करना।
- आपदा प्रबंधन की नीति और योजना के प्रवर्तन और कार्यान्वयन में समन्वय करना।
- आपदा प्रशमन के प्रयोजनार्थ धनराशि की व्यवस्था की सिफारिश करना।
- बड़ी आपदाओं से प्रभावित अन्य देशों को केंद्रीय सरकार द्वारा तय की गई सहायता सुलभ कराना।
- आपदा निवारण के लिए अथवा आपदा की स्थिति की आशंका से या आपदा से निपटने के लिए प्रशमन अथवा तैयारी और क्षमता निर्माण के लिए ऐसे अन्य कदम उठाना जो प्राधिकरण आवश्यक समझे।
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के कामकाज के लिए व्यापक नीतियां और दिशानिर्देश निर्धारित करना आदि।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का लोगो (प्रतीक चिन्ह)



- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का लोगो राष्ट्रीय दूरदृष्टि की आकांक्षाओं को दर्शाता है।
- इसमें भारत में आपदा प्रबंधन की प्रभावशीलता को उन्नत करने के लिए हितधारकों को सशक्त बनाना शामिल है।
- इसके लोगो में सुनहरे रंग में उभरा हुआ भारत का मानचित्र बीच में दिया गया है और केसरी, सफेद तथा हरे रंगों से घिरा हुआ है, जो सभी हितधारकों के क्षमता विकास के द्वारा प्राकृतिक तथा मानव-जनित आपदाओं के संभावित खतरों को नियंत्रित करने की आकांक्षा को दर्शाता है।
- बाहर का घेरा सभी हितधारकों की सहभागिता का एक सुनहरा चक्र है, जिसमें हितधारकों का आपस में एक दूसरे के हाथों को पकड़ना सरकार के प्रयासों में मदद करने के लिए उनकी एकजुटता की एक अभिव्यक्ति है।
- नीले रंग के अंदर वाले घेरे में प्राधिकरण स्थानीय, जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तरों पर सभी हितधारकों को सशक्त बनाकर संपूर्ण प्रक्रिया के एकीकरण को दर्शाता है।
- प्राधिकरण भारत में आपदा प्रबंधन को मुख्य स्थान देकर सांस्थानिक क्षमता विकास, सुदृढ़ जन जागरूकता और सामुदायिक समुत्थानशीलता के माध्यम से समुदाय सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (State Disaster Management Authority)

- राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राज्य में आपदा प्रबंधन के लिए नीतियां और योजनाएं निर्धारित करता है।
- यह राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य योजना को अनुमोदित करता है, राज्य योजना के कार्यान्वयन का समन्वय करता है तथा आपदा निवारण, तैयारी और प्रशमन उपायों का एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए राज्य के विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं की समीक्षा करता है।

आपदा प्रबंधन पर राष्ट्रीय नीति (National Policy on Disaster Management)

- राष्ट्रीय नीति रूपरेखा को आपदा प्रबंधन के लिए एक समग्र, सक्रिय, आपदा-बहुल तथा प्रौद्योगिकी-प्रेरित रणनीति विकसित करके एक सुरक्षित तथा आपदा से लड़ने से सक्षम भारत के निर्माण के लिए राष्ट्रीय दूरदृष्टि को ध्यान में रखकर तथा उचित विचार-विमर्श करने के बाद तैयार किया गया है।
- इसे आपदाओं के दौरान एक तीव्र तथा कारगर कार्रवाई करने के लिए रोकथाम, प्रशमन तथा तैयारी की संस्कृति के माध्यम से हासिल किया जा सकता है।
- आपदा प्रबंधन पर राष्ट्रीय नीति को 2009 में जारी किया गया था।

आपदा प्रबंधन पर राष्ट्रीय नीति के उद्देश्य

- सभी स्तरों पर आपदा प्रबंधन को एक सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में केंद्र में रखते हुए, नवाचार और शिक्षा के माध्यम से रोकथाम, तैयारी और प्रतिरोध की संस्कृति को बढ़ावा देना।
- अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और पर्यावरणीय संरक्षण पर आधारित प्रशमन उपायों को प्रोत्साहित करना।
- आपदा प्रबंधन सरोकारों को विकासात्मक योजना प्रक्रिया में मुख्य स्थान प्रदान करना।
- सक्षमकारी नियामक वातावरण और एक सहमति प्रणाली विकसित करने के लिए सुव्यवस्थित संस्थागत और प्रौद्योगिकीय-विधिक ढांचों को स्थापित करना।
- सूचना प्रौद्योगिकी की सहायता से प्रतिक्रियाशील और बाधा-रहित संचार से युक्त तात्कालिक पूर्वानुमान एवं शीघ्र चेतावनी प्रणालियां विकसित करना।
- आपदा प्रबंधन के लिए मीडिया के साथ एक उपयोगी और सक्रिय सहभागिता को बढ़ावा देना।
- समाज के कमजोर वर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखकर उनके अनुकूल प्रभावी कार्रवाई और राहत सुनिश्चित करना।
- अधिक सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करने के लिए आपदा प्रतिरोधी इमारतें बनाने को, एक अवसर के रूप में मानते हुए, पुनर्निर्माण कार्य करना।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना (National Disaster Management Plan)

2016 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना जारी की गई थी। यह आपदा प्रबंधन चक्र के सभी चरणों के लिए सरकारी एजेंसियों को रूपरेखा और दिशा प्रदान करती है। इस योजना की मुख्य विशेषताएं निम्न हैं -

- एनडीएमपी आपदा जोखिम घटाने के लिए सेंडई फ्रेमवर्क में तय किए गए लक्ष्यों और प्राथमिकताओं के साथ तालमेल करेगा।
- योजना का विजन भारत को आपदा मुक्त बनाना है, आपदा जोखिमों में पर्याप्त रूप से कमी लाना है, जान-माल, आजीविका और संपदाओं जैसे आर्थिक, शारीरिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय के नुकसान को कम करना है, इसके लिए प्रशासन के सभी स्तरों और साथ ही समुदायों की आपदाओं से निपटने की क्षमता को बढ़ाया जाएगा।
- प्रत्येक खतरे के लिए, सेंडई फ्रेमवर्क में घोषित चार प्राथमिकताओं को आपदा जोखिम में कमी करने के फ्रेमवर्क में शामिल किया गया है। इसके लिए पांच कार्यक्षेत्र निम्न हैं -
  - जोखिम को समझना।
  - एजेंसियों के बीच सहयोग।
  - डीआरआर में सहयोग - संरचनात्मरक उपाय।
  - डीआरआर में सहयोग - गैर-संरचनात्मक उपाय।
  - क्षमता विकास।

योजना के कार्यकारी हिस्से की पहचान 18 बड़े कार्यों के रूप में की गई है, जिनमें निम्न लिखित शामिल हैं -

- पूर्व चेतावनी, मानचित्र, उपग्रह इनपुट, सूचना प्रसार।
- पशुओं और लोगों को हटाना।
- पशुओं और लोगों को ढूंढ़ना और बचाना।
- स्वास्थ्य सेवाएं।
- पेयजल, निर्जलीकरण पंप, स्वच्छता सुविधाएं और सार्वजनिक स्वास्थ्य।
- खाद्य और आवश्यक आपूर्ति।
- संचार।
- आवास और झोपड़ियां।
- बिजली।
- ईंधन।
- परिवहन।
- राहत रसद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन।
- पशु के शवों का निपटान।
- प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए चारा।
- पुनर्वास एवं पशुधन और अन्य जानवरों के लिए पशु चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करना।
- डेटा संग्रह और प्रबंधन।
- राहत रोज़गार।
- मीडिया सम्पर्क।

योजना में आपदा जोखिम की बेहतर शासन प्रणाली के लिए केंद्र और राज्यों की संबंधित भूमिकाओं वाली विशेष एजेंसियों की सामान्यीकृत जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई है। योजना के अनुसार छह क्षेत्रों में केन्द्र और राज्य सरकारें आपदा जोखिम शासन प्रणाली को मजबूत करने के लिए कार्रवाईयां कर सकती हैं -

- मुख्यधारा और एकीकृत डीआरआर और संस्थागत सुदृढ़ीकरण।
- विकास क्षमता।
- भागीदारीपूर्ण नजरिये को बढ़ावा देना।
- चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ काम करना।
- शिकायत निवारण प्रणाली।
- आपदा जोखिम प्रबंधन के लिए गुणवत्ता वाले मानकों, प्रमाणीकरण, आदि को बढ़ावा देना।

(संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो गूगल से साभार)

बुरे समय में किसी का साथ निभाना ही सच्ची दोस्ती और इंसानियत है – स्वेट

पी.पी.टी. चयन परीक्षा 2020 के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

भौतिकी

1. एक पिण्ड 2 मी/से के वेग से कुल दूरी का $\frac{1}{3}$ भाग तय करता है। अगली $\frac{1}{3}$ दूरी 3 मी/से के वेग से तथा शेष दूरी 6 मी/से के वेग से तय करता है। पिण्ड का औसत वेग होगा?
(A) 11 मी/से
(B) 13 मी/से
(C) 6 मी/से
(D) 3 मी/से
उत्तर **(D) 3 मी/से है।**

व्याख्या यहाँ $V=\frac{x_1+x_2+x_3}{t_1+t_2+t_3}=\frac{3x}{\frac{x}{2}+\frac{x}{3}+\frac{x}{6}}=3$ है।

2. एक बन्दूक का द्रव्यमान 10 किलोग्राम है। इससे 200 ग्राम की गोली 30 मी/से के वेग से छोड़ी जाती है। बन्दूक का प्रतिक्षिप्त वेग होगा?
(A) 6 मी/से
(B) 0.6 मी/से
(C) 12 मी/से
(D) 0.3 मी/से
उत्तर **(B) 0.6 मी/से है।**
व्याख्या यहाँ $MV=mv$ से
$V=\frac{200\times30}{1000\times10}=0.6$ है।

3. दो पिण्डों के द्रव्यमान m तथा 4m हैं तथा इनकी गतिज ऊर्जाएँ समान हैं। इनके संवेगों का अनुपात होगा?
(A) 2 : 1
(B) 1 : 2
(C) 1 : 4
(D) 1 : 16
उत्तर **(B) 1 : 2 है।**
व्याख्या यहाँ $p^2=2mK$ से
$\frac{p_1}{p_2}=\sqrt{\frac{m_1}{m_2}}=\frac{1}{2}$ है।

4. द्रव्यमान m का एक कण वेग v से r त्रिज्या के वृत्ताकार पथ पर गतिमान है। यदि कण का संवेग p हो, तो कण पर कार्यरत त्रिजीय बल का मान होगा?
(A) $\frac{p^2}{mr}$
(B) pmr
(C) $\frac{mr}{p}$
(D) $\frac{p}{mr}$
उत्तर **(A)** $\frac{p^2}{mr}$ **है।**
व्याख्या यहाँ $F=\frac{mv^2}{r}=\frac{m^2v^2}{mr}=\frac{p^2}{mr}$ है।

5. किसी राशि का मात्रक आवेग **(Impulse)** के समान है। यह राशि है?
(A) कोणीय संवेग
(B) रेखीय संवेग
(C) गतिज ऊर्जा
(D) बल
उत्तर **(B) रेखीय संवेग है।**
व्याख्या यहाँ आवेग $F\times t=\frac{mv^2\times t}{r}=\frac{mv^2}{v}=mv$ है।

6. यदि पृथ्वी का द्रव्यमान M तथा R त्रिज्या हो, तो $\frac{g}{G}$ का मान होगा?
(A) MR^2
(B) $\frac{2M}{R}$
(C) $\frac{R^2}{M}$
(D) $\frac{M}{R^2}$
उत्तर **(D)** $\frac{M}{R^2}$ **है।**
व्याख्या यहाँ $F=mg=\frac{GMm}{R^2}$ है।

7. दो ग्रहों के घनत्वों का अनुपात 1:2 है। यदि इनकी त्रिज्याएँ R_1 तथा R_2 हों, तो इन पर गुरुत्वीय त्वरणों का अनुपात होगा?
(A) $\frac{2R_1}{R_2}$
(B) $\frac{R_1}{2R_2}$
(C) $\frac{R_1}{R_2}$
(D) $\frac{R_1}{4R_2}$
उत्तर **(B)** $\frac{R_1}{2R_2}$ **है।**
व्याख्या यहाँ $\frac{g_1}{g_2}=\frac{GM_1}{R_1^2}\times\frac{R_2^2}{GM_2}=\frac{R_1^3p_1\times R_2^2}{R_1^2\times R_2^3p_2}=\frac{R_1}{2R_2}$ है।

8. गुरुत्वीय नियतांक का मात्रक है?
(A) $\frac{\text{न्यूटन}\times\text{मीटर}^2}{\text{किलोग्राम}^2}$
(B) $\frac{\text{न्यूटन}\times\text{मीटर}}{\text{किलोग्राम}}$
(C) न्यूटन × मीटर²
(D) न्यूटन × मीटर
उत्तर **(A)** $\frac{\text{न्यूटन}\times\text{मीटर}^2}{\text{किलोग्राम}^2}$ **है।**
व्याख्या यहाँ $F=\frac{MGm}{R^2}$ है।

9. द्रव्यमान m का एक पिण्ड v वेग से चलकर 2m द्रव्यमान के पिण्ड से टकराकर उसमें चिपक जाता है। निकाय का वेग होगा?
(A) 3v
(B) 2v
(C) $\frac{v}{3}$
(D) $\frac{v}{2}$
उत्तर **(C)** $\frac{v}{3}$ **है।**
व्याख्या यहाँ $mv+2m\times0=(m+2m)V$ है।

10. एक पिण्ड पर F बल लगाने पर यह वेग v से चलने लगता है। पिण्ड की शक्ति होगी?
(A) Fv
(B) $\frac{Fv}{2}$
(C) $\frac{Fv^2}{4}$
(D) Fv^2
उत्तर **(A) Fv है।**
व्याख्या यहाँ $p=\frac{w}{t}=\frac{F\times S}{t}=Fv$ है।

11. एक पिण्ड एक मीनार से गिराया जाता है। यदि पिण्ड को पृथ्वी पर पहुँचने में 5 सेकण्ड लगते हों, तो मीनार की ऊँचाई होगी?
(A) 80 मीटर
(B) 125 मीटर
(C) 100 मीटर
(D) 9.8 मीटर
उत्तर **(B) 125 मीटर है।**
व्याख्या यहाँ $h=ut+\frac{1}{2}gt^2=0+\frac{10\times25}{2}=125$ मीटर है।

12. दो प्रगामी तरंगों के आयाम का अनुपात 1 : 3 है, तो इनकी तीव्रताओं का अनुपात होगा?
(A) 1 : 3
(B) 3 : 1
(C) 9 : 1
(D) 1 : 9
उत्तर **(D) 1 : 9 है।**
व्याख्या यहाँ $\frac{I_1}{I_2}=\frac{a_1^2}{a_2^2}=\frac{1}{9}$ है।

13. एक प्रगामी तरंग की आवृत्ति n तथा वेग v हैं। यदि इसकी तीव्रता I हो, तो?
(A) $I\propto n^2, I\propto v$
(B) $I\propto n^2, I\propto v^2$
(C) $I\propto\frac{1}{n}, I\propto v$
(D) $I\propto n, I\propto v^2$
उत्तर **(A)** $I\propto n^2$ **तथा** $I\propto v$ **है।**

14. एक प्रगामी तरंग के समीकरण $y=10\sin2\pi(t-0.005x)$ में x तथा y सेमी में तथा t सेकण्ड में है। तरंग की आवृत्ति n तथा तरंगदैर्ध्य λ के मान होंगे?
(A) n = 1.0 हर्ट्ज, λ = 1.0 मीटर
(B) n = 1.0 हर्ट्ज, λ = 2 मीटर
(C) n = 2.0 हर्ट्ज, λ = 0.5 मीटर
(D) n = 2.0 हर्ट्ज, λ = 1.5 मीटर
उत्तर **(B) n = 1.0 हर्ट्ज, तथा** λ **= 2 मीटर है।**
व्याख्या दिये गये समीकरण की $y=a\sin\left(2\pi nt-\frac{2\pi x}{\lambda}\right)$ से तुलना करते हैं। यहाँ $2\pi nt=2\pi t$ तथा $\frac{2\pi x}{\lambda}=2\pi\times0.005x$ है।

15. एक कम्पन कर रहे द्विभुज स्वरित्र की भुजाओं के बीच कलान्तर होता है?
(A) 2π रेडियन
(B) π रेडियन
(C) $\frac{\pi}{2}$ रेडियन
(D) $\frac{\pi}{4}$ रेडियन
उत्तर **(B)** π **रेडियन या 180° है।**

16. निम्नलिखित में से किसमें ध्वनि का वेग अधिकतम होता है?
(A) गैस
(B) ठोस
(C) द्रव
(D) पूर्ण दृढ़ पिण्ड
उत्तर **(D) पूर्ण दृढ़ पिण्ड है।**
व्याख्या इसके लिए γ का मान अनन्त होता है।

17. एक रेडियो स्टेशन की आवृत्ति 10 मेगा हर्ट्ज है, तो इसकी तरंगदैर्ध्य होगी?
(A) 30 मीटर
(B) 300 मीटर
(C) 60 मीटर
(D) 120 मीटर
उत्तर **(A) 30 मीटर है।**
व्याख्या यहाँ $v=n\lambda$ से
$3\times10^8=10\times10^6\times\lambda$ है।

18. एक प्रगामी तरंग की तरंगदैर्ध्य 0.5 मीटर है। इस तरंग पर स्थित दो बिन्दुओं के बीच की दूरी 10 सेमी है तो इन बिन्दुओं के बीच कालान्तर होगा?
(A) 72°
(B) 180°
(C) 90°
(D) 36°
उत्तर **(A) 72° है।**
व्याख्या यहाँ $\Delta\phi=\frac{2\pi\times\Delta x}{\lambda}=\frac{2\pi\times0.1}{0.5}=72°$ है।

19. सरल आवर्त गति करते एक पिण्ड का आयाम a है। किसी बिन्दु पर इसकी गतिज ऊर्जा, इसकी स्थितिज ऊर्जा के बराबर हो, तो बिन्दु की माध्य स्थिति से दूरी होगी?
(A) $\frac{a}{2}$
(B) $\frac{a}{3}$
(C) $\frac{a}{\sqrt{3}}$
(D) $\frac{a}{\sqrt{2}}$
उत्तर **(D)** $\frac{a}{\sqrt{2}}$ **है।**
व्याख्या यहाँ $\frac{m\omega^2\left(a^2-x^2\right)}{2}=\frac{m\omega^2x^2}{2}$ है।
अतः $2x^2=a^2$ होगा।

20. सरल आवर्त गति करते एक पिण्ड का त्वरण a तथा विस्थापन y हैं। यदि $a=-\frac{py}{q}$ हो, तो इसका दोलनकाल होगा?
(A) $2\pi\sqrt{\frac{p}{q}}$
(B) $2\pi\sqrt{\frac{q}{p}}$
(C) $\frac{1}{2\pi}\cdot\sqrt{\frac{q}{p}}$
(D) $\frac{1}{2\pi}\cdot\sqrt{pq}$
उत्तर (B) $2\pi\sqrt{\frac{q}{p}}$ है।
व्याख्या यहाँ $T=2\pi\sqrt{\frac{y}{a}}$ है।

21. तापमान के केल्विन स्केल K तथा रयूमर स्केल R में संबंध है?
(A) 5R = 4K+273
(B) 5R = 4 (K-273)
(C) 4R = 5 (K-273)
(D) 4R = 5 (K+273)
उत्तर **(B) 5R = 4 (K-273) है।**
व्याख्या यहाँ $\frac{R}{4}=\frac{K-273}{5}$ है।

22. W कार्य करने पर उत्पन्न ऊष्मा H में संबंध है?
(A) W = 10JH
(B) W = JH
(C) $W=\frac{H}{J}$
(D) W = 2JH
उत्तर **(B) W = JH है।**

23. पदार्थ की विशिष्ट ऊष्मा का S.I. मात्रक है?
(A) जूल/ग्राम × °C
(B) जूल/किलोग्राम × K
(C) जूल × K
(D) अर्ग/किलोग्राम × °C
उत्तर **(B) जूल/किलोग्राम × K है।**
व्याख्या यहाँ $H=ms\Delta\theta$ है।

24. समतापीय परिवर्तन में पदार्थ की विशिष्ट ऊष्मा होती है?
(A) 1.5
(B) शून्य
(C) 1.0
(D) अनन्त
उत्तर **(D) अनन्त है।**
व्याख्या यहाँ $H=ms\Delta\theta$ से $S=\frac{H}{m\Delta\theta}=\frac{H}{0}$ है।

25. एक खगोलीय दूरदर्शी की आवर्धन क्षमता 7 है। यदि दोनों लेंसों के बीच की दूरी 40 सेमी हो, तो अभिदृश्यक लेंस की फोकस दूरी होगी?
(A) 10 (B) 25
(C) 15 (D) 35
उत्तर **(D) 35 है।**
व्याख्या यहाँ F = mf तथा L = F + f से 40 = 7f + f है। अतः f = 5 तथा F = 35 होगा।

26. कॉर्निया तथा नेत्र लेंस के बीच भरे पारदर्शक द्रव का अपवर्तनांक होता है?
(A) 1.337 (B) 1.51
(C) 1.812 (D) 1.62
उत्तर **(A) 1.337 है।**

27. एक मनुष्य 1.0 मीटर से कम दूरी की वस्तु को स्पष्ट नहीं देख सकता है। यदि वह 25 सेमी दूरी की वस्तु को ठीक देखना चाहे, तो उपयुक्त लेंस की क्षमता होगी?
(A) -2D (B) +2D
(C) -3D (D) +3D
उत्तर **(D) +3D है।**
व्याख्या यहाँ u = -25 सेमी, v = -100 सेमी है। अब सूत्र $\frac{1}{v}-\frac{1}{u}=\frac{1}{f}$ से $-\frac{1}{100}+\frac{1}{25}=\frac{1}{f}$ है। अतः $p=\frac{1}{f}=+3D$ होगा।

28. सरल सूक्ष्मदर्शी में 6.25 सेमी का एक उत्तल लेंस प्रयुक्त करने पर इसकी अधिकतम आवर्धन क्षमता होगी?
(A) 6 (B) 8
(C) 4 (D) 5
उत्तर **(D) 5 है।**
व्याख्या यहाँ $m=1+\frac{D}{f}=1+\frac{25}{6.25}=5$ है।

29. एक खगोलीय दूरदर्शी में अभिदृश्यक तथा नेत्रिका की फोकस दूरी क्रमशः 150 सेमी तथा 5 सेमी हैं। यदि अंतिम प्रतिबिम्ब स्पष्ट दृष्टि की न्यूनतम दूरी पर बन रहा हो, तो दूरदर्शी की आवर्धन क्षमता होगी?
(A) -36 (B) -48
(C) -24 (D) -30
उत्तर **(A) -36 है।**
व्याख्या यहाँ $m=-\frac{F}{f}\times\left(1+\frac{f}{D}\right)=-\frac{150}{5}\times\left(1+\frac{5}{25}\right)=-36$ है।

30. एक संयुक्त सूक्ष्मदर्शी की आवर्धन क्षमता 42 है। यदि इसके अभिदृश्यक की आवर्धन क्षमता 6 हो, तो नेत्रिका की आवर्धन क्षमता होगी?
(A) 5 (B) 7
(C) 3 (D) 14
उत्तर **(B) 7 है।**
व्याख्या यहाँ $m=m_1\times m_2$ से $42=6\times m_2$ है।

- डॉ. एस.एस. पालीवाल
(लेखक, भौतिकी के अवकाश प्राप्त प्राध्यापक हैं)

जॉब अलर्ट

राइट्स लिमिटेड, गुड़गांव नई दिल्ली

पद का नाम - अभियंता (सिविल)।
पदों की संख्या - 12
योग्यता - सिविल अभियांत्रिकी में बीई/बीटेक/बीएससी (अभियांत्रिकी) डिग्री, कार्यानुभव 2 वर्ष।
अंतिम तिथि - 23 मार्च 2020
www.rites.com/career

इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली

पद का नाम - मैनेजर जीआर-II, सहायक प्रबंधक (वित्त), खाता सहायक
पदों की संख्या - 01, 04, 02
योग्यता - **मैनेजर**-सीए/सीएमए/आईसीडब्ल्यूएआई/एमबीए (वित्त) (स्नातक), पीएसयू/गवर्नमेंट में ग्रेड के नीचे 2 साल के साथ संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 4 साल की पोस्ट क्वालिफिकेशन एक्जिक्यूटिव अनुभव/संगठन या ख्याति के संगठन में न्यूनतम सीटीसी पर 8.84 लाख रुपये पी.ए. निजी संगठन के मामले में। **सहायक प्रबंधक**-सीए/सीएमए/आईसीडब्ल्यूएआई/एमबीए (वित्त स्नातक), संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 2 वर्ष की पोस्ट योग्यता कार्यकारी अनुभव न्यूनतम पीएसयू/सरकार में ग्रेड के नीचे न्यूनतम 1 वर्ष के साथ/संगठन या ख्याति के संगठन में न्यूनतम सीटीसी पर रु. 6.63 लाख पी.ए. निजी संगठन मामले में। **खाता सहायक**-सीए, इंटर-मीडिएट पास/सीएमए इंटरमीडिएट पास के साथ स्नातक।
अंतिम तिथि - 26 मार्च 2020
www.engineeringprojects.com/

इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान, मुंबई

पद का नाम - वित्त अधिकारी
पदों की संख्या - 01
योग्यता - इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया से क्वालिफाइड चार्टर्ड अकाउंटेंट होना चाहिए। 15 वर्षों का प्रशासनिक अनुभव जिसमें से 8 वर्ष डिप्टी रजिस्ट्रार या समकक्ष पद के रूप में होंगे/या अनुसंधान प्रतिष्ठानों और/या उच्च शिक्षा के अन्य संस्थानों में तुलनात्मक अनुभव या किसी भी गैर-शैक्षणिक संस्थानों में तुलनात्मक अनुभव।
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
http://www.igidr.ac.in/careers/

सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली

पद का नाम - अपर महाप्रबंधक+उप महाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक, प्रबंधक, उप प्रबंधक, अधिकारी वित्त एवं लेखा, अधिकारी मानव संसाधन, इंजीनियर
पदों की संख्या - 3, 1, 1, 1, 2, 1, 1
योग्यता - **अपर+उप महाप्रबंधक**-पूर्णकालिक इंजीनियरिंग डिग्री/केमिकल इंजीनियरिंग/मैकेनिकल इंजीनियरिंग, **वरिष्ठ प्रबंधक**-केमिकल इंजीनियरिंग में फुल टाइम इंजीनियरिंग की डिग्री
प्रबंधक-केमिकल इंजीनियरिंग में फुल टाइम इंजीनियरिंग डिग्री
उप प्रबंधक-सीए/आईसीडब्ल्यूए/पूर्णकालिक 2 साल एमबीए (वित्त),
अधिकारी वित्त-सीए/आईसीडब्ल्यूए/पूर्णकालिक 2 साल एमबीए (वित्त)/अधिकारी मानव संसाधन-पूर्णकालिक 2 वर्षीय एमबीए/पीजी डिप्लोमा (मानव संसाधन के साथ) या एमएसडब्ल्यू (मानव संसाधन)/कार्मिक प्रबंधन और श्रम कल्याण **इंजीनियर**-मैकेनिकल इंजीनियरिंग में इंजीनियरिंग की डिग्री।
अंतिम तिथि - 7 अप्रैल 2020
www.cciltd.in

इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद

पद का नाम - महाप्रबंधक (तकनीकी), महाप्रबंधक (पीएंडए), वरिष्ठ-उपमहाप्रबंधक (तकनीकी), वरिष्ठ उप-महाप्रबंधक (मा.सं), उप महाप्रबंधक (तकनीकी), उप महाप्रबंधक (मा.सं.), उप महाप्रबंधक (वित्त), उप महाप्रबंधक (निगमित संचार), वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त), वरिष्ठ प्रबंधक (विधि), कार्मिक अधिकारी, लेखा अधिकारी।
पदों की संख्या - 04, 01, 07, 01, 01, 02, 01, 01, 02, 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 10 अप्रैल 2020
http://careers.ecil.co.in/

सेन्टर फॉर मेटिरियल्स फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी (सी-मेट), हैदराबाद

पद नाम- कार्यालय सहायक-II (ओए II)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी अनुशासन में स्नातक, कम्प्यूटर ऑपरेशन पर काम करने का ज्ञान, कम्प्यूटर पर अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति, **वांछनीय**-हिन्दी में 30 शब्द प्रतिमिनट की टाइपिंग गति।
अंतिम तिथि - 21 मार्च 2020
www.cmet.gov.in/

भारतीय मानक ब्यूरो, नई दिल्ली

पद का नाम - **वैज्ञानिक 'बी'**-मैकेनिकल इंजीनियरिंग, मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलिकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, फूड टेक्नोलॉजी, कैमिकल इंजीनियरिंग, बायो-टेक्नोलॉजी, पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग, बायो-मेडिकल इंजीनियरिंग
पदों की संख्या - 48, 25, 07, 19, 05, 11, 14, 16, 01, 01, 03
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
www.bis..gov.in/

भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण, नागपुर

पद का नाम - सामान्य ग्रेड चालक
पदों की संख्या - 21
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 29 मार्च 2020
www.gsi.gov.in

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली

पद का नाम - आशुलिपिक ग्रेड 'घ', सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, कनिष्ठ सचिवालय सहायक
पदों की संख्या - 01, 01, 03
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 30 मार्च 2020
www.nalsa.gov.in/

सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, नैनीताल

पद का नाम - क्वार्टर मास्टर (नियमित)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - बीए/बीकॉम, प्र.श्रे.लि. भंडार के रूप में अथवा क्वार्टर मास्टर के रूप में न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव अथवा भूतपूर्व सैनिक अधिमानतः एक पीसीओ भंडार के संचालन एवं लेखाकरण में न्यूनतम 10 वर्षों के अनुभव के साथ।
वांछनीय-क्वार्टर मास्टर का पाठ्यक्रम कर चुके हों, अग्निशमन, सुरक्षा एवं मोटर वाहन अनुरक्षण में डिग्री/डिप्लोमा।
अंतिम तिथि - 21 मार्च 2020 तक पी.ओ. घोड़ाखाल, जिला नैनीताल उत्तराखंड, पिन-263156 को आवेदन भेजें।

एडमिशन अलर्ट

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली

पाठ्यक्रम का नाम - पीएचडी-प्रोग्राम्स एमटेक, इंटर डिसिप्लिनरी एमटेक, एमएस (अनुसंधान), एम. डिजाइन, एमएससी
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 30 मार्च 2020
https://ecampus.iitd.ac.in/PGADM

नीटी, मुंबई (राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी संस्थान)

पाठ्यक्रम का नाम - औद्योगिक इंजीनियरी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीआईई) 50वां बैच, विनिर्माण प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएमएम) 7वां बैच, परियोजना प्रबंध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीपीएम) 7वां बैच
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 1 अप्रैल 2020
www.nitie.ac.in/

इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेन्ट रिसर्च, नई दिल्ली

पाठ्यक्रम का नाम - एमएससी (अर्थशास्त्र) द्विवर्षीय पाठ्यक्रम, पीएचडी (विकास अध्ययन) (चार वर्षीय पाठ्यक्रम)
योग्यता - **एमएससी**- न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक के साथ अर्थशास्त्र में बीए/बीएससी तथा अन्य शाखाओं के लिए 60 प्रतिशत के साथ बीकॉम/बीस्टैट/बीएससी (भौतिक विज्ञान या गणित)/बी.टेक./बी.ई.।
पीएचडी- न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ अर्थशास्त्र में एमए/एमएससी तथा अन्य शाखाओं के लिए न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ एम.स्टैट/एमएससी (भौतिक विज्ञान या गणित या पर्यावरण विज्ञान या संचालन अनुसंधान)/एमबीए/एमटेक/एमई/बीटेक/बीई/(दोनों ही पाठ्यक्रम के लिए आवेदक ने उच्च माध्यमिक या उच्च स्तर पर गणित, गणित का अध्ययन किया हो।)
अंतिम तिथि - 10 अप्रैल 2020
www.igidr.ac.in/

नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट पॉवर सिस्टम्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु

पाठ्यक्रम का नाम - 26 सप्ताह ट्रांसमिशन और डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स
योग्यता - इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स या 'पॉवर' इंजीनियरिंग में बीई या समकक्ष
अंतिम तिथि - 9 अप्रैल 2020
www.nptibangalore.in

राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली

पाठ्यक्रम का नाम - अभिलेखों की परिचर्चा एवं प्रति संस्कार विषय पर 91वें प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम (4 मई से 12 जून, 2020)
योग्यता - बारहवीं पास अभ्यर्थी जिनको हिंदी/अंग्रेजी का ज्ञान आवश्यक, उम्र 50 वर्ष से कम
अंतिम तिथि - 3 अप्रैल 2020
http://nationalarchives.nic.in/Whats-New

जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली

पाठ्यक्रम का नाम - हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम से उर्दू भाषा में एक वर्षीय पाठ्यक्रम
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश पूरे वर्ष भर खुला है
https://jmi.ac.in/upload/centres/cdol/uccforms.pdf

राजा रमन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर

पाठ्यक्रम का नाम - पीएचडी-भौतिक विज्ञान, जीवन विज्ञान, इंजीनियरिंग (यांत्रिकी)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 16 अप्रैल 2020
http://www.rrcat.gov.in/hrd/advt/phdad.html/

चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान, पटना

पाठ्यक्रम का नाम - फैलो प्रोग्राम्स इन मैनेजमेंट (एफपीएम)-2020
योग्यता - मास्टर्स डिग्री के साथ कैट/जीमैट/जीआरई/नेट का वैलिड स्कोर कार्ड/
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
http://www.cimp.ac.in/

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, इंदौर

पाठ्यक्रम का नाम - पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (पीजीसीपीएम), पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन फायनेंस (पीजीसीपीई)।
योग्यता - स्नातक के साथ, पीजी संबंधित विषय से, कार्यानुभव, व्यावसायिक शिक्षा-सीए/आईसीडब्ल्यूए/सीएस/सीएफए/सीएफपी
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
https://www.iimidr.ac.in/executive-programes/vlpe.

द क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर, तमिलनाडु

पाठ्यक्रम का नाम - बायो इंजीनियरिंग में एमएस कोर्स
योग्यता - उम्मीदवार किसी भी विषय में इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त कर चुका हो।
अंतिम तिथि - 15 अप्रैल 2020
www.admissions.cmcvellore.ac.in/

नरसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई

पाठ्यक्रम का नाम - बीए ऑनर्स इंटीरियर एनवायर्नमेंट और डिजाइन प्रोग्राम 2020
योग्यता - विद्यार्थी को 50 प्रतिशत अंकों और 10 + 2 शिक्षा पद्धति के साथ 12वीं पास होना जरूरी है।
अंतिम तिथि - 21 जून 2020
www.nmims.edu/

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

सागरमाला स्टार्टअप चैलेंज

संस्था का नाम - आईआईटी मद्रास सेंटर फॉर पोर्ट्स वॉटरवेज (एनटीपीसीडब्ल्यूसी), विशाखापट्टनम और मुबई में सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन मैरीटाइम एंड शिपबिल्डिंग (सीईएमएस), सेंटर फॉर इनलैंड एंड कोस्टल मैरीटाइम टेक्नोलॉजीज (सीआईसी एमटी)
किसके लिए - चैलेंज के अंतर्गत मैरीटाइम सेक्टर और पोर्ट के डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन, लर्निंग, बिगडेटा, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और कम्युनिकेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स/मैकेनिकल इंजीनियरिंग से जुड़े क्षेत्रों के चैलेंजेस को एड्रेस करने के लिये स्टार्टअप आइडिया मांगे गए हैं।
योग्यता - कोई भी स्टार्टअप इस प्रतियोगिता के लिए स्टार्टअप इंडिया पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकता है। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटर्नल ट्रेड (डीपीआईआईटी) से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स को प्रिफरेंस दी जाएगी।
अंतिम तिथि - वे आवेदक जो किसी कारणवश 7 मार्च के प्रेजेंटेशन में शामिल नहीं हो सके हैं वे 30 मार्च 2020 तक आवेदन के पात्र हैं।
https://www.startupindia.gov.in

एक भारत श्रेष्ठ भारत फोटोग्राफी कॉम्पिटिशन

संस्था का नाम - डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन, एचआरडी मंत्रालय
किसके लिए - ऐसे प्रतिभागी जो उक्त विधा में रुचि रखते हों या कार्यरत हों उन्हें अपने स्टेट के अलावा दूसरे स्टेट के फोटो क्लिक कर जमा करने होंगे। उदाहरण के तौर पर तमिलनाडु से हिस्सा लेने वाले व्यक्ति जम्मू-कश्मीर/लद्दाख के फोटो जमा कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों को पड़ोसी स्टेट की लैंग्वेज, कल्चर, कुजीन, हेरिटेज और ट्रेडिशन से अवगत करवाना है।
योग्यता - कोई व्यक्तिगत योग्यता तय नहीं की गई है। कोई भी व्यक्ति इसके लिए आवेदन कर सकता है।
अंतिम तिथि - 5 अप्रैल 2020
https://www.mygov.in

सीएसआईआर नवाचार पुरस्कार-2020

संस्था का नाम - वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली, भारत सरकार
किसके लिए - भारत के युवा वैज्ञानिक प्रतिभाओं के प्रेरणा स्रोत के रूप में स्कूली बच्चों से उनकी वैज्ञानिक क्षमताओं को सहायता देने के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित हैं।
योग्यता - अठारह वर्ष से कम उम्र के छात्र जिस भी स्कूल में वर्तमान में नामांकित हैं, वे प्रमाणीकरण पत्र के साथ-साथ हार्डकॉपी में उनके नवाचार प्रस्तावों के विवरण प्रस्तुत करें।
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल 2020
www.csir.res.in

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, पन्ना (म.प्र.)

दूरभाष क्र. : 07732-252084, ई-मेल - eephedpan@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 36/2019-20 पन्ना, दिनांक 07.03.2020
तृतीय आमंत्रण

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 26.03.2020 को सायं 5.30 बजे तक** क्रय तथा दिनांक 26.03.2020 तक सायं 5.30 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा से संबंधित आवश्यक समस्त दस्तावेज ऑनलाइन ही प्रस्तुत करना होगा। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड पवई के अंतर्गत विभिन्न नलजल योजनाओं के सुधार संबंधी विभिन्न कार्य।

टेण्डर आई.डी. क्रमांक	अनुमानित लागत (PAC) (रु. में)	धरोहर राशि (e-EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2019_PHED_83321_1	19.43 लाख	38860/-	2000/-	12 माह

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, पन्ना

जी-23970/43762/2020

खेलचर्चा

महिला वन-डे विश्वकप के नॉकआउट मैचों में होगा रिज़र्व-डे

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) ने वर्ष 2021 में न्यूजीलैंड में आयोजित होने वाले आईसीसी महिला वन-डे विश्वकप के सभी नॉकआउट मैचों में रिज़र्व-डे रखने का फैसला किया है। आईसीसी ने महिला वन-डे विश्वकप-2021 का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। यह विश्वकप न्यूजीलैंड के 6 मैदानों पर आयोजित होगा। इस विश्वकप में कुल आठ टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 31 मैच खेलेंगी। उल्लेखनीय है कि आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप-2020 में भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। इस मैच के लिए रिज़र्व-डे नहीं रखा गया था, जिसकी काफी आलोचना हुई थी।

सिंधु को बीबीसी स्पोर्ट्स वुमन ऑफ द ईयर अवॉर्ड

नई दिल्ली, भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी, पीवी सिंधु को प्रतिष्ठित बीबीसी

इंडियन स्पोर्ट्स वुमेन अवॉर्ड से नवाजा गया है। सिंधु को दुनियाभर के प्रशंसकों के मतों के बाद ज्यूरी द्वारा नामित 5 प्रतियोगियों में से चुना गया है। सिंधु ने इस अवॉर्ड की रेस में फर्राटा धावक दुती चंद, मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम, पहलवान विनेश फोगाट और पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी जोशी को पीछे छोड़ा है। भारत की पूर्व दिग्गज एथलीट पीटी ऊषा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला है।

अर्जेंटीना की टीम में शामिल हुए मेसी

ब्यूनस आयर्स, विश्व के सबसे लोकप्रिय फुटबॉलरों में से एक लियोनेल मेसी को विश्वकप क्वालिफायर मुकाबलों के लिए अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। टीम में सर्जिया एगुएरो, पाउलो डायबाला और लाउहारो मार्टिनेज जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। अर्जेंटीना को फीफा विश्वकप-2022 क्वालिफायर के लिए 26 मार्च को इक्वाडोर से तथा 31 मार्च को बोलिविया से मैच खेलने हैं। हालांकि मेसी प्रतिबंध के चलते इक्वाडोर के खिलाफ मैच नहीं खेल पाएंगे।

बांग्लादेश ने 2-0 से जीती ट्वेंटी-20 सीरीज

ढाका, बांग्लादेश ने टेस्ट और वन-डे सीरीज जीतने के बाद ट्वेंटी-20 सीरीज में भी जिम्बाब्वे को हराया है। बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे से दो मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज 2-0 से जीती है। बांग्लादेश ने सीरीज का पहला मैच 48 रन से तथा दूसरा मैच 9 विकेट से जीता। दूसरे मैच में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 119 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश ने 15.5 ओवरों में 1 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बांग्लादेश के लिए लिटन दास ने 45 गेंदों में 60 रनों की पारी खेली। लिटन दास मैन ऑफ द मैच तथा मैन ऑफ द सीरीज चुने गए।

आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप

ऑस्ट्रेलिया पांचवीं बार बना विश्व चैम्पियन

फाइनल मुकाबले में भारत को 85 रनों से हराया

मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने एक बार फिर ट्वेंटी-20 क्रिकेट में अपनी बादशाहत साबित की है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप के फाइनल में भारत को हराकर खिताब जीता है। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम अब तक पांच बार ट्वेंटी-20 विश्वकप जीत चुकी है।

विश्वकप के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एलिसा हीली (75) और बेथ मूनी (78) ने पहले विकेट के लिए तेजी से रन जोड़े और 115 रनों की साझेदारी की। दोनों सलामी बल्लेबाजों को किस्मत का बखूबी साथ मिला। हीली जब 9 रन बना चुकी थीं तब शेफाली वर्मा ने उनका कैच छोड़ा वहीं मूनी 8 रन पर थीं तब राजेश्वरी गायकवाड़ ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच टपका दिया। इन दोनों बल्लेबाजों की आकर्षक पारी के दम पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 184 रन बनाए।

185 रनों के विशाल लक्ष्य का दबाव भारतीय बल्लेबाज पर साफ नजर आया। टूर्नामेंट में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने वाली शेफाली वर्मा इस मैच में 2 रन ही बना सकीं, वहीं अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (11) भी जल्द आउट हो गईं। भारत के 4 विकेट महज 30 रन के स्कोर पर गिर गए।

- ऑस्ट्रेलिया ने पांचवीं बार महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप जीता है।
- ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले वर्ष 2010, 2012, 2014 और 2018 में भी जीता यह खिताब।
- इंग्लैंड ने वर्ष 2009 में तथा वेस्टइंडीज ने वर्ष 2016 में जीता है यह खिताब।
- तीन बार ट्वेंटी-20 विश्वकप जीतने वाली विश्वकप की पहली कप्तान बनीं मेग लेनिंग।
- मेग लेनिंग वर्ष 2014 और 2018 के ट्वेंटी-20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी कर चुकी हैं।
- पुरुष ट्वेंटी-20 विश्वकप में वेस्टइंडीज के डेरेन सैमी बतौर कप्तान जीत चुके हैं दो विश्वकप।
- भारत की शेफाली वर्मा (16 वर्ष) विश्वकप फाइनल खेलने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं।

इसके बाद दीप्ति शर्मा (33), वेदा कृष्णमूर्ति (19) और रिचा घोष (18) ने भारतीय पारी को संभाला। इन तीनों के आउट होने के बाद भारतीय पारी 99 रनों पर सिमट गई।

एलिना स्वितोलिना ने जीता मॉनटेरी ओपन

न्यूयॉर्क, यूक्रेन की महिला टेनिस खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने मॉनटेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में स्वितोलिना ने चेक गणराज्य की मारिया बोउजकोवा को रोमांचक मुकाबले में 7-5, 4-6, 6-4 से हराया। स्वितोलिना ने लगभग 17 महीने बाद खिताब जीता है। इससे पहले स्वितोलिना ने अक्टूबर 2018 में डब्ल्यूसीए फाइनल्स का खिताब जीता था।

शिवपाल सिंह को मिला ओलिंपिक का टिकट

जोहानिसबर्ग, भारत के भाला फेंक खिलाड़ी शिवपाल सिंह ने टोक्यो ओलिंपिक-2020 का टिकट हासिल कर लिया है। टोक्यो ओलिंपिक में जगह बनाने वे दूसरे भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी हैं। उनसे पहले भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा भी भाला फेंक इवेंट में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। शिवपाल ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित इंटरनेशनल इवेंट में 85.47 मीटर दूर भाला फेंका।

उल्लेखनीय है कि ओलिंपिक क्वालिफिकेशन के लिए 85 मीटर मार्क तय है।

दिग्गज क्रिकेटर वसीम जाफर ने क्रिकेट को कहा अलविदा

मुंबई, भारतीय घरेलू क्रिकेट के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक वसीम जाफर ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। वसीम जाफर के नाम रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है।

वसीम जाफर ने संन्यास का ऐलान करते हुए कहा कि मैं अपने परिवार, माता-पिता, भाई और पत्नी का धन्यवाद करता हूं, जिसने मेरे क्रिकेट कैरियर को आगे बढ़ाने में मदद की। इतने सालों तक क्रिकेट खेलने के बाद अब मूव ऑन करने का समय आ गया है। मेरी पहली पारी खत्म हुई, अब दूसरी पारी जिसमें कोचिंग, कमेंट्री या ऐसा ही कुछ करूंगा, जिसमें मैं इस खेल से जुड़ा रहूं।

वसीम जाफर की गिनती भारत के बेहतरीन क्रिकेटरों में होती है। जाफर ने भारत के लिए 31 टेस्ट और 2 वन-डे मैच खेले हैं। जाफर ने टेस्ट क्रिकेट में 5 शतक और 11 अर्धशतक सहित 1 हजार 944 रन बनाए हैं। जाफर ने 260 प्रथम श्रेणी मैच

खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने 50.67 की औसत से 19 हजार 410 रन बनाए हैं। इनमें 57 शतक और 91 अर्धशतक शामिल हैं। वसीम जाफर 156 रणजी मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी हैं। जाफर रणजी ट्रॉफी में 12 हजार 38 रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज भी हैं। उल्लेखनीय है कि वसीम जाफर मुंबई और विदर्भ के लिये रणजी क्रिकेट खेल चुके हैं।

दक्षिण अफ्रीका ने वन-डे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 3-0 से हराया

पोचेफस्ट्रूम, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई तीन मैचों की वन-डे सीरीज को दक्षिण अफ्रीका ने 3-0 से अपने नाम किया है। दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज का पहला मैच 74 रन, दूसरा मैच 6 विकेट तथा तीसरा मैच 6 विकेट से जीता। इससे पहले खेली गई तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से जीत दर्ज की थी।

वन-डे सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 254 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्नस लाबुशाने ने 108 रनों की बेहतरीन पारी खेली। यह लाबुशाने के वन-डे कैरियर का पहला शतक है। लाबुशाने के अलावा डी आर्सी शॉर्ट (36) और मिशेल मार्श (32) ने भी उपयोगी पारियां खेली।

जीत के लिए मिले 255 रनों के लक्ष्य के सामने दक्षिणी अफ्रीकी बल्लेबाजों ने

संभलकर शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (26) और जेनेमन मलान (23) ने पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। इन दोनों के आउट होने के बाद जे.जे. स्मट्स (84), काईल वारेने (50) और हेनरिक क्लासेन (68) ने शानदार पारियां खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका को लक्ष्य के पार पहुंचाया।

भारत - दक्षिण अफ्रीका पहला वन-डे हुआ रद्द

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच धर्मशाला में खेले जाने वाला पहला वन-डे मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। बारिश के चलते इस मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। सीरिज का दूसरा मैच 15 मार्च को लखनऊ में तथा तीसरा मैच 18 मार्च को कोलकाता में खेला जायेगा।

एशियाई मुक्केबाजी क्वालिफायर

भारत के नौ मुक्केबाजों को मिला ओलिंपिक कोटा

अम्मान, भारतीय मुक्केबाजों ने जॉर्डन में आयोजित एशियाई मुक्केबाजी क्वालिफायर टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। इस टूर्नामेंट के जरिए भारत के 9 मुक्केबाजों को ओलिंपिक का कोटा मिला है। यह भारतीय मुक्केबाजों का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले वर्ष 2012 के लंदन ओलिंपिक में भारत के 8 मुक्केबाजों ने क्वालिफाई किया था।

पुरुष वर्ग में भारत को 5 ओलिंपिक कोटे मिले। 52 किलोग्राम फ्लाईवेट वर्ग में अमित पंघाल, 63 किलोग्राम लाइटवेट वर्ग में मनीष कौशिक, 69 किलोग्राम वेल्टरवेट वर्ग में विकास कृष्णन यादव, 75 किलोग्राम मिडिलवेट वर्ग में आशीष कुमार और 91 किलोग्राम सुपर हैवीवेट वर्ग में सतीश कुमार को ओलिंपिक कोटा मिला। वहीं

- भारत ने ओलिंपिक में मुक्केबाजी में अब तक 2 पदक जीते हैं।
- बीजिंग ओलिंपिक में विजेंदर सिंह ने तथा लंदन ओलिंपिक में एमसी मैरीकॉम ने जीते हैं कांस्य पदक।

महिला वर्ग में भारत को 4 ओलिंपिक कोटे मिले। इनमें 51 किलोग्राम फ्लाईवेट वर्ग में एमसी मैरीकॉम, 60 किलोग्राम लाइटवेट वर्ग में सिमरनजीत कौर, 69 किलोग्राम वेल्टरवेट वर्ग में लवलीना बोरगोहेन और 75 किलोग्राम मिडिलवेट वर्ग में पूजा रानी शामिल हैं।

ओलिंपिक में 13 भार वर्ग हैं शामिल

टोक्यो ओलिंपिक 2020 में कुल 13 भार वर्ग शामिल किए गए हैं। इनमें पुरुष वर्ग में 8 तथा महिला वर्ग में 5 भार वर्ग तय किए गए हैं। पुरुष वर्ग में 57, 81 और 91 किलोग्राम भार वर्ग तथा महिला वर्ग 57 किलोग्राम में भारतीय मुक्केबाजों को ओलिंपिक कोटा नहीं मिला। इन वर्गों में भारतीय मुक्केबाजों को अंतिम मौका मई 2020 में विश्व क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में मिलेगा।

मनप्रीत और रानी बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी

नई दिल्ली, हॉकी इंडिया ने मनप्रीत सिंह को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी तथा रानी रामपाल को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना है।

दोनों ही खिलाड़ी अपने-अपने वर्ग में राष्ट्रीय टीम के कप्तान हैं। इनके अलावा हॉकी इंडिया ने ओलिंपिक 1964 की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य रहे हरविंदर सिंह को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया है।

उल्लेखनीय है कि मनप्रीत को इस वर्ष एफआईएच सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार भी मिल चुका है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

पाठकों के लिए 'हमसे पूछिये' स्तम्भ का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्तम्भ के लिये 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं।

इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश
पिनकोड-462 011

❍ मास कम्युनिकेशन से बीए कर रहा हूँ। इसमें कॅरियर की क्या संभावनाएँ हैं? रोज़गार हेतु आगे मुझे कौनसी डिग्री कहाँ से प्राप्त करनी चाहिए। कृपया मार्गदर्शन प्रदान करें?

- शिवम गौतम, रीवा

● कॅरियर की विभिन्न राहों में मास कम्युनिकेशन यानी जनसंचार और जर्नलिज्म में कॅरियर की राह प्रतिष्ठित मानी जाती है। निश्चित रूप से मास कम्युनिकेशन का क्षेत्र आज के समय में एक अच्छा कॅरियर विकल्प बनकर उभर रहा है। नित नए समाचार पत्रों तथा न्यूज चैनलों के खुलने से इस क्षेत्र में रोज़गार के सुनहरे अवसर निर्मित हो गए हैं। पत्रकारिता जगत में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और डिजिटल मीडिया के आने के बाद तो रोज़गार के असीमित अवसर उत्पन्न हो गए हैं। पत्रकारिता से संबंधित कोर्स करने के पश्चात प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया में अच्छे कॅरियर अवसर मौजूद हैं। जर्नलिज्म की डिग्री

के साथ इस क्षेत्र में अच्छे अनुभव के बाद भारतीय सूचना सेवा, राज्य सरकारों की सूचना सेवाओं, आकाशवाणी, दूरदर्शन, समाचार एजेंसियों, कारपोरेट पत्रिकाओं के लिए कार्य, जनसंपर्क अधिकारी के रूप में कार्य, किसी उत्पादक विशेष अथवा कंपनी के लिए मीडिया प्रमोशनल अभियान का संचालन व फ्रीलांसिंग पत्रकारिता में अनेक अवसर मौजूद हैं। वर्तमान में देश में अनेक विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर पर पत्रकारिता की पढ़ाई होती है। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद बैचलर इन जर्नलिज्म किया जा सकता है। किसी भी विषय से स्नातक के बाद पत्रकारिता में एक वर्षीय डिप्लोमा अथवा द्विवर्षीय पी.जी. डिप्लोमा कोर्स भी किया जा सकता है। पत्रकारिता का कोर्स कराने वाले प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा प्रवेश एंट्रेंस एग्जाम के द्वारा दिया जाता है। मास कम्युनिकेशन में डिग्री करने के बाद आज देश के किसी प्रतिष्ठित मास कम्युनिकेशन संस्थान से पोस्ट ग्रेजुएशन करें। इनमें प्रमुख हैं। भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली, पुणे विश्वविद्यालय, पुणे, जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिकेशन, मुंबई, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल सहित देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से पत्रकारिता का कोर्स किया जाना कॅरियर की दृष्टि से उपयुक्त रहेगा।

❍ मैं मैथ्स, फिजिक्स, केमेस्ट्री का छात्र हूँ। मैं ड्रोन टेक्नोलॉजी में अपना कॅरियर बनाना चाहता हूँ। कृपया मार्गदर्शन दें?

- मृगांक सिंह, जबलपुर

● निश्चित रूप से साइंस मैथ्स वैक ग्राउंड के स्टूडेंट्स के लिए नई ड्रोन

टेक्नोलॉजी में कॅरियर के अच्छे अवसर मौजूद हैं। आपको बता दें कि टेक्निकल भाषा में कहें तो ड्रोन एक फ्लाइंग रोबोट होता है, जो कि एक ऐसी स्व नियंत्रित रि-प्रोग्रामेबल बहुउद्देशीय मशीन होती है, जिसे लोकोमोशन सहित विभिन्न एप्लिकेशन के लिए या विभिन्न कामों के लिए सामान्यतः प्रयोग में लाया जाता है। उल्लेखनीय है कि ड्रोन कई साइज़, शेप्स और फंक्शन्स में आते हैं। इन्हें आमतौर पर उन कार्यों को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाता है, जिसमें मानव उड़ान को जोखिम भरा माना जाता है। एडवांस ड्रोन का ज्यादातर सैन्य सेवाओं में उपयोग होता है, लेकिन अब खोज और बचाव, मौसम विश्लेषण आदि जैसे विभिन्न कार्यों में भी इनका उपयोग किया जाने लगा है।

गौरतलब है कि ड्रोन को कई अलग-अलग केटेगरी में बाँटा जा सकता है। आकार के आधार पर ड्रोन तीन प्रकार के होते हैं। नैनो ड्रोन, मध्यम आकार के ड्रोन तथा बड़े आकार के ड्रोन। नैनो ड्रोन आमतौर पर आकार में बहुत छोटे होते हैं। नैनो ड्रोन एक कीट के रूप में छोटे और लंबाई चौड़ाई में केवल कुछ सेंटीमीटर के हो सकते हैं। नैनो ड्रोन को आमतौर पर जासूसों द्वारा लोगों और चीजों पर खुफिया नज़र रखने के लिए फ्लाइंग कैमरे एवं माइक्रोफोन के रूप में उपयोग किया जाता है, क्योंकि इस प्रकार के ड्रोन आसानी से दिखाई नहीं देते हैं। मध्यम आकार के ड्रोन भी छोटे होते हैं, लेकिन वे नैनो ड्रोन जितने छोटे नहीं होते हैं। आमतौर पर, इन्हें आसानी से अपने हाथों का उपयोग करके उड़ाया जाता है। बड़े ड्रोन आकार में बहुत बड़े होते हैं। उनका वज़न 300 किलोग्राम तक हो सकता है। सामान्यतः इस प्रकार के ड्रोन का उपयोग सेना द्वारा दुश्मन के ठिकानों को नष्ट करने अथवा आतंकियों को मारने में किया जाता है। इस प्रकार के ड्रोन में छोटे आकार की मिसाइल तक फिट की जा सकती है। इस प्रकार के बड़े ड्रोन छोटे एयरक्राफ्ट्स के आकार से मेल खाते हैं। ये युद्ध के क्षेत्रों में विशेष उच्चस्तरीय निगरानी रखने के लिए भी सेना द्वारा उपयोग किए जाते हैं। आमतौर पर इन ड्रोनों पर सेना हाई रिजोल्यूशन के कैमरे लगाती है जो आकाश में बहुत ऊँचाई से साफ तस्वीरें ले सकते हैं। इस प्रकार के ड्रोन जीपीएस तथा सेना के सॉफ्टवेयर द्वारा नियंत्रित होते हैं।

गौरतलब है कि रोजमर्रा के जीवन में हम मल्टी रोटर ड्रोन आमतौर पर देखते हैं। ये लंबे समय तक हवा में एक स्थिर स्थिति बनाए रखने के लिए जाने जाते हैं। ये कई मोटर्स के साथ डिज़ाइन किए गए होते हैं जो इन्हें हवा में स्थिरता बनाए रखने में मदद करते हैं। इस कारण से मुख्य रूप से उनका उपयोग हवाई निगरानी और शादी, बर्थडे आदि समारोह की एरियल फोटोग्राफी के लिए किया जाता है। इसी प्रकार लॉजिस्टिक्स एवं प्रोडक्ट डिलेवरी से जुड़ी कंपनियों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले ड्रोन सैटेलाइट से जुड़े हुए होते हैं और इससे उनकी उड़ान पथ तय करने में मदद मिलती है। वे एक जगह से दूसरी जगह पर आसानी से जा सकते हैं और जब वे कंट्रोल से बाहर निकल जाते हैं, तो वे जीपीएस के माध्यम से ऑपरेटर के पास वापस नेविगेट कर सकते हैं। जिस तरह से दिन प्रतिदिन ड्रोन की मांग बढ़ती जा रही है, उसे देखते हुए ड्रोन टेक्नोलॉजी एक शानदार कॅरियर बनता जा रहा है।

चूँकि ड्रोन एक फ्लाइंग रोबोट होता है इसलिए ड्रोन का अध्ययन रोबोटिक्स इंजीनियरिंग के अन्तर्गत ही किया जाता है। रोबोटिक्स इंजीनियरिंग के अंतर्गत ड्रोन की डिजाइनिंग, उनका अनुरक्षण, नए एप्लिकेशन का विकास और अनुसंधान जैसे काम सम्मिलित किए जाते हैं। ड्रोन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए कम्प्यूटर का उपयोग किया जाता है। इंजीनियरिंग की रोबोटिक्स शाखा में ड्रोन का विकास तथा उपयोग करने के लिए तकनीकी दक्षता सिखाई जाती है। इसमें डिजाइन इंस्ट्रक्शन, ऑपरेशन टेस्टिंग, सिस्टम मेंटेनेंस तथा रिपेयरिंग आदि शामिल हैं। ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए रोबोटिक्स, कम्प्यूटर, आईटी, मेकेनिकल, मेकेट्रोनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स अथवा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीई या बीटेक की डिग्री प्राप्त करना आवश्यक है। यदि आप ड्रोन टेक्नोलॉजी में डिजायनिंग तथा कंट्रोल में विशेषज्ञता प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल करनी होगी। कंट्रोल तथा हार्डवेयर में डिजाइनिंग के लिए इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीटेक डिग्री लाभदायक होती है। ड्रोन टेक्नोलॉजी में कॅरियर बनाने की इच्छा रखने वाले छात्र गणित में बहुत अच्छे होने चाहिए। ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कॅरियर बनाने हेतु 12वीं कक्षा में भौतिक एवं गणित विषय होना नितांत आवश्यक है। इसके साथ ही साथ उच्चतम प्रतियोगी तथा तकनीकी क्षेत्र में आविष्कार तथा कुछ नया करने के लिए सृजनात्मक योग्यता भी बेहद जरूरी है।

ड्रोन टेक्नोलॉजी में कोर्स करने वाले छात्र भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा इसरो जैसे संगठनों में रोज़गार के विशिष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही सेना, लॉजिस्टिक्स, मेन्युफैक्चरिंग, कृषि, खनन, परमाणु ऊर्जा संयंत्र जैसे क्षेत्रों में कॅरियर निर्माण के दरवाजे खुल जाते हैं। जहाँ तक इस क्षेत्र में पारिश्रमिक का प्रश्न है, इस क्षेत्र में बेहतरीन वेतन प्रदान किया जाता है। सामान्यतः आरंभिक वेतन 50 हजार से 1 लाख रुपए मासिक के बीच होता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा आकर्षक वेतन एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं।

ड्रोन टेक्नोलॉजी से संबंधित पाठ्यक्रम संचालित करने वाले देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), मुंबई, दिल्ली, कानपुर, मद्रास, खड़गपुर, आदि।
- बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स), पिलानी।
- सेंटर फॉर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड रोबोटिक्स, बैंगलुरु।
- जादवपुर यूनिवर्सिटी, कोलकाता।

❍ मैं डेंटिस्ट बनकर अपना कॅरियर बनाना चाहता हूँ। कृपया दांतों की देखभाल के महत्त्व और डेंटिस्ट के कॅरियर की संभावनाएँ बताइए?

- आलोक तिवारी, कटनी

● निश्चित रूप से यदि आपकी रुचि डेंटिस्ट बनकर अच्छा कॅरियर बनाने

की है, तो आप इस कॅरियर की डगर पर अवश्य आगे बढ़ें। हमारे देश में स्वास्थ्य और सुंदरता को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ती जा रही है। लोग दांतों को सुंदर बनाने के लिए तरह-तरह के इलाज करा रहे हैं। दूसरी बात यह है कि दांतों की देखभाल सही तरीके से नहीं करने पर हमारे शरीर में कई तरह की बीमारियाँ फैलती हैं। ये धीरे-धीरे पूरे स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इस लिहाज से डेंटिस्ट अर्थात दांतों के डॉक्टर की जरूरत तेजी से बढ़ रही है और यह एक बेहतरीन कॅरियर विकल्प के रूप में उभरकर सामने आया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि ऊबड़-खाबड़, बेतरतीब और बेढंगे दांतों को ठीक करना हो, दांतों को दूध की तरह सफेद चमकाने का काम हो या दाँतों से संबंधित अन्य समस्याओं का निदान करना हो, इन सभी के लिए डेंटिस्ट की जरूरत पड़ती है। डेंटिस्ट अपने मरीजों के मुख, दांत और मसूड़ों से जुड़ी समस्याओं का निदान करते हैं। वर्तमान समय में डेंटिस्ट कॉस्मेटिक डेंटल प्रक्रियाओं द्वारा दांतों की खूबसूरती भी बढ़ाते हैं। गौरतलब है कि डेंटिस्ट दांतों की सफाई, घिसाई, उन्हें डेवलप करना, डेंटल क्लीनिंग, स्केलिंग, पॉलिशिंग डेंटल इंप्रेशन लेना, दांतों की रूट कैनाल करना, दांत या दाढ़ निकालना, नकली दांत लगाना, दांतों पर कैप लगाना आदि कई प्रकार के काम करते हैं।

डेंटिस्ट बनने के लिए फिजिक्स, कैमिस्ट्री तथा बायोलॉजी विषयों के साथ कम से कम 50 फीसदी अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना जरूरी है। इसके बाद प्रतियोगी परीक्षा नीट यानी नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट क्लियर करना होता है। इस परीक्षा में ऑब्जेक्टिव टाइप क्वेश्चन्स पूछे जाते हैं। ये प्रश्न बायोलॉजी, फिजिक्स और रसायनशास्त्र से संबंधित होते हैं। इस परीक्षा में सफल होने के बाद ही उम्मीदवार को डेंटल कॉलेज में चार वर्षीय बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) में दाखिले का मौका मिलता है। यह कोर्स डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है। डिग्री हासिल करने के बाद पांचवें वर्ष में एक साल की इंटर्नशिप भी करनी होती है। इंटर्नशिप कोर्स का अनिवार्य हिस्सा होता है। बीडीएस कोर्स करने के बाद यदि स्पेशलाइजेशन करना हो तो इसके लिए एमडीएस अर्थात मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी करनी होती है। एमडीएस में भी दाखिला प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही दिया जाता है। एमडीएस में स्पेशलाइजेशन के विभिन्न क्षेत्र हैं जो इस प्रकार हैं- ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी, ऑथरेडोंटिक्स, पेडोडोंटिक्स, पेरिडोंटिक्स, प्रोस्थोडोंटिक्स आदि। पहले बीडीएस तथा एमडीएस कोर्स की पढ़ाई गिने-चुने सरकारी कॉलेजों में ही होती थी, लेकिन आज ऐसा नहीं है। आज विभिन्न राज्यों में बहुत बड़ी संख्या में निजी कॉलेज इसकी पढ़ाई करा रहे हैं। इन सभी कॉलेजों में प्रवेश नीट परीक्षा के माध्यम से ही होता है।

वर्तमान में देश में डेंटिस्ट की सरकारी और निजी, दोनों क्षेत्रों में बहुत मांग है। आज देशभर में निजी अस्पतालों का बहुत विस्तार हो चुका है। इनमें बेहतर पैकेज और सुविधा के साथ डेंटिस्टों को नियुक्त किया जा रहा है। इसी तरह, निजी नर्सिंग होम और सरकार की बड़ी डिस्पेंसरी में भी डेंटिस्ट नियुक्त किए जा रहे हैं। इसके अलावा, स्वरोज़गार के तौर पर निजी क्लीनिक भी प्रारंभ की जा सकती है। टूथपेस्ट बनाने और मसूड़ों की देखरेख करने वाली तथा माउथवॉश बनाने वाली कंपनियाँ अपने यहाँ डेंस्टिटों को बतौर विशेषज्ञ बहुत बड़ी मात्रा में नियुक्त कर रही हैं। दंत चिकित्सा में उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद डेंटल कॉलेजों में अध्यापन कार्य से भी जुड़ सकते हैं।

बीडीएस/एमडीएस का कोर्स कराने वाले देश के प्रमुख डेंटल कॉलेज इस प्रकार हैं-

- गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, नागपुर।
- गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, मुंबई।
- डीवाय पाटिल यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ डेंटिस्ट्री, नवी मुंबई।
- फैकल्टी ऑफ डेंटिस्ट्री, जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली।
- गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ डेंटिस्ट्री, इंदौर।
- हितकारिणी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, जबलपुर।
- इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल एजुकेशन एंड एंडवास स्टडीज, ग्वालियर।
- आर्मी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस, सिकंदराबाद।
- गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, अहमदाबाद।
- डॉ. आर. अहमद डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, कोलकाता।

❍ मैंने बीएससी किया है। बीएड एमएड इंटीग्रेटेड कोर्स भोपाल से करना चाहती हूँ। भर्ती प्रकिया बताइए?

- निमिषा रघुवंशी, विदिशा

● वर्तमान समय में एक शिक्षक के तौर पर आप एक बेहतरीन कॅरियर बना सकते

हैं। शिक्षक पद के लिए आवेदन करने के लिए आपके पास बीएड या फिर एमएड की डिग्री होना आवश्यक है। इसके अलावा आप ये दोनों कोर्स एक साथ भी कर सकती हैं। जिसे बीएड एमएड इंटीग्रेटेड कोर्स कहते हैं। जिसकी अवधि चार वर्ष की होती है। एनसीटीई के माध्यम से इसके प्रवेश की प्रक्रिया की जाती है। जिसके लिए एक तय समय पर आपको आवेदन करना होता है। उसके बाद काउंसलिंग की जाती है। इसके बाद आपको चयनित संस्थान में प्रवेश मिलता है। ये सारी जानकारी आपको एनसीटीई की ऑफिसियल वेबसाइट पर मिल जाएगी। काउंसलिंग के समय ध्यान रखा जाए कि मैरिट के हिसाब से आपको भोपाल का कोई उपयुक्त कॉलेज मिल जाये।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक पी. नरहरि, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।